* बीएचईएल संगठनात्मक आवश्यकताओं के अनुसार अपनी विभिन्न इकाइयों / प्रभागों / विभागों में ठेकेदारों को नौकरी / कार्य अनुबंध प्रदान करता है। ठेकेदारों के साथ श्रमिकों की संख्या समय–समय पर बदलती रहती है।

**19. महिलाओं की भागीदारी/ समावेशन/ प्रतिनिधित्व**

| | कुल (A) | महिलाओं की संख्या एवं प्रतिशत | |
|---|---|---|---|
| | | संख्या (B) | % (B/A) |
| निदेशक मंडल | 9 | 3 | 33.33% |
| मुख्य प्रबंधन कार्मिक | 1 | 0 | 0% |

31 मार्च 2023 को स्थिति

**20. स्थायी कर्मचारियों और कामगारों के लिए टर्नओवर दर**

| | वित्तीय वर्ष 2022-23 | | | वित्तीय वर्ष 2021-22 | | | वित्तीय वर्ष 2020-21 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पुरूष | महिला | कुल | पुरूष | महिला | कुल | पुरूष | महिला | कुल |
| स्थायी कर्मचारी | 4.01% | 4.97% | 4.15% | 5.45% | 3.77% | 5.29% | 4.13% | 5.28% | 5.17% |
| स्थायी कामगार | 3.21% | 7.66% | 3.41% | 3.71% | 6.51% | 3.78% | 6.71% | 4.60% | 4.65% |

## V. होल्डिंग, सहायक और सहयोगी कंपनी (संयुक्त उद्यम सहित)

**21. (क) होल्डिंग/ सहायक/ सहयोगी कंपनियों/ संयुक्त उद्यमों के नाम**

| क्रम सं. | होल्डिंग/सहायक/सहयोगी कंपनियों/संयुक्त उद्यमों के नाम (A) | बताएं कि क्या यह स्वामित्व/सहायक/सहयोगी/संयुक्त उद्यम है | सूचीबद्ध इकाई द्वारा धारित शेयरों का % | क्या कॉलम ए में दर्शाई गई इकाई सूचीबद्ध इकाई की व्यावसायिक जिम्मेदारी पहल में भाग लेती है? (हां/नहीं) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बीएचईएल–जीई गैस टरबाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड | संयुक्त उद्यम | 49.99% | नहीं |
| 2. | एनटीपीसी बीएचईएल पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड | संयुक्त उद्यम | 50.00% | नहीं |
| 3. | रायचूर पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड | संयुक्त उद्यम | 22.14% | नहीं |

निदेशक मंडल रिपोर्ट – फॉर्म एओसी – I का अनुलग्नक – IX देखें

## VI. सीएसआर विवरण

### 22. सीएसआर विवरण

(i) क्या सीएसआर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के अनुसार लागू है: (हां/नहीं) हां, बीएचईएल के लिए सीएसआर लागू है

(ii) टर्नओवरः 22,136 करोड़

(iii) कुल संपत्तिः 27,262 करोड़

## VII. पारदर्शिता और प्रकटीकरण अनुपालन

### 23. जिम्मेदार व्यावसायिक आचरण पर राष्ट्रीय दिशानिर्देशों के तहत किसी भी सिद्धांत (सिद्धांत 1 से 9) पर शिकायतें/व्यथाः

| हितधारक समूह जिससे शिकायत प्राप्त हुई है | शिकायत निवारण तंत्र उपलब्ध है (हाँ/नहीं) (यदि हाँ, तो शिकायत निवारण नीति का वेब लिंक प्रदान करें | वित्तीय वर्ष 2021–22 | | | वित्तीय वर्ष 2020–21 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वर्ष के दौरान दायर शिकायतों की संख्या | वर्ष की समाप्ति पर लंबित शिकायतों की संख्या | टिप्पणी | वर्ष के दौरान दायर शिकायतों की संख्या | वर्ष की समाप्ति पर लंबित शिकायतों की संख्या | टिप्पणी |
| समुदाय | हाँ https://pgportal.gov.in/ | 218 | 0 | - | 253 | 0 | - |
| निवेशक (शेयरधारकों के अलावा) | नहीं | 0 | 0 | - | 0 | 0 | - |
| शेयरधारक | हाँ संपर्क विवरण www.bhel.com पर उपलब्ध कराया गया है | 13 | 0 | - | 37 | 0 | - |
| कर्मचारी और कामगार | हाँ (आंतरिक प्रणाली) | 196 | 175 | - | 55 | 32 | - |
| ग्राहक* | हाँ (आंतरिक प्रणाली) | 466 | 219 | - | 509 | 173 | - |
| मूल्य श्रृंखला भागीदार/साझेदार | हाँ https://suvidha.bhel.in/ | 92 | 09 | - | 68 | 11 | - |

* ग्राहक शिकायत को समेकित करने की प्रणाली कार्यान्वयनाधीन है।

कॉर्पोरेट गवर्नेंस, शेयरधारक समिति के लिए कृपया निदेशक मंडल रिपोर्ट का अनुलग्नक–II देखें

सतर्कता प्रणाली के लिए निदेशक मंडल रिपोर्ट का अनुलग्नक–VIII देखें

**24. कंपनी के प्रत्यक्ष उत्तरदायित्व के संबंध में व्यावसयिक आचार संबंधी मुद्दों का संक्षिप्त विवरण**

| क्रम सं. | वास्तविक मुद्दे की पहचान की गई | जोखिम है या अवसर | जोखिम/अवसर की पहचान के लिए तर्क | जोखिम के मामले में, अनुकूलन या कम करने के लिए दृष्टिकोण | जोखिम या अवसर के वित्तीय निहितार्थ (सकारात्मक या नकारात्मक निहितार्थ इंगित करें) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट प्रशासन और व्यावसायिक नैतिकता | R | मूल्य/नैतिक व्यवहार उन तरीकों से कार्य करना है जो कंपनी के नैतिक सिद्धांतों और मूल्यों को देखने के तरीके के अनुरूप हैं। इसका पालन न करने से ईमानदारी, कार्यस्थल पर अंतर–कार्मिक संबंधों, हितों के टकराव और व्यवसाय पर विपरीत प्रभाव के कारण प्रतिष्ठा संबंधी जोखिम उत्पन्न हो सकते हैं। हालाँकि, बीएचईएल के पास मजबूत कॉर्पोरेट गवर्नेंस ढांचा है और यह वैधानिक मानदंडों का सख्ती से पालन करके और सर्वोत्तम पद्धतियों का पालन करके इसे प्रदर्शित करता है। | बीएचईएल कॉर्पोरेट गवर्नेंस प्रक्रियाओं और आचार संहिता के अनुपालन में अपने व्यवसाय का संचालन करने में विश्वास करता है, प्रत्येक मूल मूल्यों का उदाहरण देता है, ग्राहकों के लिए अनुकूल परिणाम, कर्मचारियों के लिए आकर्षक अवसर, आपूर्तिकर्ताओं को कंपनी और समाज की प्रगति और संवर्धन में भागीदार बनने का अवसर देता है। बीएचईएल कोड/प्रक्रिया मौजूद हैं जैसे व्हिसलब्लोअर नीति, धोखाधड़ी रोकथाम नीति,<br>सीडीए नियम आदि सिद्धांत 1 देखें। | नकारात्मक प्रभाव |
| 2. | जलवायु परिवर्तन | R | जीएचजी उत्सर्जन करने वाले पूंजीगत श्रेष्ठ उत्पादों की मांग में कमी। मांग में कमी देश स्तर पर नीतिगत परिवर्तनों का प्रत्यक्ष परिणाम है। | नए उत्पादों के साथ उत्पाद पोर्टफोलियो का विविधीकरण। | नकारात्मक प्रभाव |
| 3. | संधारणीय उत्पाद एवं सेवाएं | O | हमारे ग्राहकों द्वारा ऊर्जा परिवर्तन और जलवायु संबंधी कार्यवाई के कारण नए व्यावसायिक अवसर | - | सकारात्मक प्रभाव |
| 4. | कुशल जनशक्ति | R | नए उत्पादों या व्यवसाय या संचालन के नए तरीकों के लिए नए कौशल और दक्षता की आवश्यकता होती है | कार्यबल का पुनर्कौशल और आवश्यक कौशल की पार्श्विक नियुक्ति। सिद्धांत 3 का संदर्भ लें। | नकारात्मक प्रभाव |
| 5. | ग्राहक संतुष्टि | R | परियोजनाओं और उत्पादों की देरी से डिलीवरी के परिणामस्वरूप ग्राहक असंतोष और कंपनी पर वित्तीय देनदारियां बढ़ गईं। | ग्राहक अनुभव में सुधार बीएचईएल के मूल मूल्यों में शामिल है। कंपनी परियोजना योजना और निगरानी के लिए एकीकृत परियोजना प्रबंधन प्रणाली द्वारा समर्थित अपनी परिचालन विचारधारा को ष्राजस्व केंद्रितष् से ष्परियोजना केंद्रितष् में बदल रही है। | नकारात्मक प्रभाव |
| 6. | स्वास्थ्य एवं सुरक्षा | R | सुरक्षा और स्वास्थ्य का प्रबंधन हमारे व्यवसाय का एक अभिन्न अंग है। कार्यस्थल (कार्यस्थलों), परियोजना स्थल (स्थलों), कारखानों पर खतरे और जोखिम कर्मचारियों, श्रमिकों और अन्य हितधारकों को नुकसान पहुंचा सकते हैं जिससे संचालन में बाधा आ सकती है। | कर्मचारियों और श्रमिकों को नियमित रूप से एचएसई संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है जिसमें शुरूआती/प्रारम्भिक स्तर भी शामिल है। एचएसई टीम द्वारा बार–बार सुरक्षा मूल्यांकन किया जाता है। सिद्धांत 3 देखें | नकारात्मक प्रभाव |

24. कंपनी के प्रत्यक्ष उत्तरदायित्व के संबंध में व्यावसयिक आचार संबंधी मुद्दों का संक्षिप्त विवरण (जारी)

| क्रम सं. | वास्तविक मुद्दे की पहचान की गई | जोखिम है या अवसर | जोखिम/अवसर की पहचान के लिए तर्क | जोखिम के मामले में, अनुकूलन या कम करने के लिए दृष्टिकोण | जोखिम या अवसर के वित्तीय निहितार्थ (सकारात्मक या नकारात्मक निहितार्थ इंगित करें) |
|---|---|---|---|---|---|
| 7. | मानवाधिकार एवं श्रम स्थितियाँ | R | इसके संचालन और आपूर्ति श्रृंखला में मानवाधिकार जोखिमों की पहचान और प्रबंधन करने और प्रतिकूल जोखिमों और परिणामी क्षति को कम करने की जिम्मेदारी। | बीएचईएल की नीतियां मानव अधिकार, भारत के संविधान और लागू कानूनों के सिद्धांतों के अनुरूप हैं। कंपनी में कार्यस्थल पर महिला कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रावधान हैं। कंपनी ग्लोबल कॉम्पैक्ट नेटवर्क, भारत (जीसीएनआई) के संस्थापक सदस्य में से एक है और भारत में पहल का एक हिस्सा है। सिद्धांत 3 और 5 का संदर्भ लें | नकारात्मक प्रभाव |
| 8. | कॉर्बन फुटप्रिंट | O | ऊर्जा का कुशलतापूर्वक उपयोग करने का अवसर, ईंधन में बदलाव अर्थात लागत में कमी और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग, हरित आवरण में वृद्धि, और बेहतर ऊर्जा दक्षता और संरक्षण। सिद्धांत 6 देखें | - | सकारात्मक प्रभाव |
| 9. | जल और अपशिष्ट प्रबंधन | O | संचालन के दौरान उत्पन्न पानी और अपशिष्ट जैसे प्राकृतिक संसाधनों का कुशलतापूर्वक प्रबंधन और पुनर्चक्रण/पुनः उपयोग करके पर्यावरण पर प्रभाव को कम करना | - | सकारात्मक प्रभाव |
| 10. | समान अवसर और समावेशन | O | कंपनी एक समान अवसर नियोक्ता है और भारत सरकार की विविध संस्कृति और प्रतिभा के लिए अग्रणी नीतियों द्वारा निर्देशित भर्ती और रोजगार संबंधों में लिंग, जाति, धर्म, भाषाई, क्षेत्र आदि के आधार पर भेदभाव नहीं करती है। | - | सकारात्मक प्रभाव |
| 11. | सामाजिक जुड़ाव और प्रभाव | O | सीएसआर उन समाज और समुदायों के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है जो कमजोर और निम्न स्तर पर हैं। इससे कंपनी की ब्रांड धारणा में, ग्राहकों, कर्मचारियों और निवेशकों के लिए आकर्षण; प्रतिभा प्रतिधारण; और समग्र व्यावसायिक सफलता में भी सुधार होता है। | - | सकारात्मक प्रभाव |

## खंड–ख प्रबंधन एवं प्रक्रिया संबंधी विवरण

इस अनुभाग का उद्देश्य व्यवसायों को एनजीआरबीसी सिद्धांतों और मूल तत्वों को अपनाने के लिए बनाई गई संरचनाओं, नीतियों और प्रक्रियाओं को प्रदर्शित करने में मदद करना है।

| प्रकटीकरण प्रश्न | पी1 | पी2 | पी3 | पी4 | पी5 | पी6 | पी7* | पी8 | पी9 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नीति और प्रबंधन प्रक्रियाएँ | | | | | | | | | |
| 1. क. क्या आपकी इकाई की नीति/नीतियाँ एनजीआरबीसी के प्रत्येक सिद्धांत और उसके मूल तत्वों को कवर करती है। (हां/ नहीं) | हां | हां | हां | हां | हां | हां | नहीं | हां | हां |
| ख. क्या नीति को निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है? (हां /नहीं) | हां | हां | हां | हां | हां | हां | नहीं | हां | हां |
| ग. नीतियों का वेब लिंक, यदि उपलब्ध हो। | जहां भी लागू हो, वेबलिंक उपलब्ध कराए गए हैं | | | | | | | | |
| 2. क्या इकाई ने नीति को प्रक्रियाओं में अनुवादित किया है। (हां /नहीं) | हां | हां | हां | हां | हां | हां | नहीं | हां | हां |
| 3. क्या सूचीबद्ध नीतियां आपके वेल्यू चेन भागीदारों को उपलब्ध कराई गई है? (हां /नहीं) | हां | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं |
| 4. उन राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कोडों / प्रमाणीकरणों लेबलों / मानकों (जैसे फ़ॉरेस्ट स्टीवर्डशिप काउंसिल, फ़ेयरट्रेड, रेनफ़ॉरेस्ट एलायंस, ट्रस्टिया) तथा मानदंडों (जैसे SA 8000, OHSAS, ISO, BIS) के नाम जिन्हें आपकी कम्पनी द्वारा अपनाया गया है और प्रत्येक सिद्धांत के लिए मैप किया गया है? | e, f | a, b, c | b, c, e, f | f | e, f | b, d | f | f | a |
| 5. इकाई द्वारा निर्धारित समयसीमा यदि कोई हो, के साथ विशिष्ट प्रतिबद्धताएं और लक्ष्य, | g | 50% ऑर्डर बुक से गैर फॉसिल क्षेत्र (FY23–27) | g | NA | g | g | NA | g | NA |
| 6. कंपनी द्वारा विनिर्दिष्ट प्रतिबद्धताओं, लक्ष्यों का निष्पादन पूरा न कर पाने का कारण | उत्कृष्ट^ | 42.7% वित्त वर्ष 23 के दौरान | 100% | NA | 100% | 100% | NA | 100% | NA |
| **अभिशासन, नेतृत्व और निगरानी** | | | | | | | | | |
| **7. ईएसजी से संबंधित चुनौतियों, लक्ष्यों और उपलब्धियों को उजागर करते हुए व्यवसाय दायित्व रिपोर्ट के लिए जिम्मेदार निदेशक द्वारा दिए गए विवरण, (कंपनी में इस प्रकटन के संबंध में लचीलापन है)** | | | | | | | | | |
| 8. व्यावसायिक उत्तरदायित्व नीति (नीति) के कार्यान्वयन और निरीक्षण के लिए जिम्मेदार सर्वोच्च प्राधिकारी का विवरण। | नामः उपिंदर सिंह मठारू#<br>पदनामः निदेशक (पावर) एवं अतिरिक्त प्रभार (मा.सं.)<br>डीआईएनः 0009541886<br>दूरभाषः 011– 26001002<br>ई–मेलः pmgus@bhel.in | | | | | | | | |
| 9. क्या इकाई के पास संधारणीयता संबंधी मुद्दों पर निर्णय लेने के लिए जिम्मेदार निदेशक मंडल/निदेशक की विनिर्दिष्ट समिति है? (हां/नहीं)। यदि हाँ, तो विवरण प्रदान करें। | हाँ<br>नामः उपिंदर सिंह मठारू#<br>पदनामः निदेशक (पॉवर), अतिरिक्त प्रभार(मा.सं.)<br>डीआईएनः 0009541886<br>दूरभाषः 011– 26001002<br>ई–मेलः pmgus@bhel.in | | | | | | | | |

<table>
<tr><th>समीक्षा का विषय</th><th colspan="9">क्या निदेशक/निदेशक मंडल समिति या अन्य समिति द्वारा समीक्षा की गई? कृपया निर्दिष्ट करें–</th><th colspan="9">आवधिकता (वार्षिक/अर्धवार्षिक/त्रैमासिक/ कोई अन्य – कृपया निर्दिष्ट करें)</th></tr>
<tr><td></td><td>पी 1</td><td>पी 2</td><td>पी 3</td><td>पी 4</td><td>पी 5</td><td>पी 6</td><td>पी 7</td><td>पी 8</td><td>पी 9</td><td>पी 1</td><td>पी 2</td><td>पी 3</td><td>पी 4</td><td>पी 5</td><td>पी 6</td><td>पी 7</td><td>पी 8</td><td>पी 9</td></tr>
<tr><td colspan="19">10. कंपनी द्वारा एनजीआरबीसी की समीक्षा का विवरण:</td></tr>
<tr><td>उक्त नीतियों का निष्पादन एवं अनुवर्ती कार्रवाई</td><td colspan="18">जहां भी लागू हो, बीआरएसआर के अनुभाग सी में समीक्षाएं और आवृत्ति प्रदान की जाती है।</td></tr>
<tr><td>सिद्धांतों की प्रासंगिकता की सांविधिक आवश्यकताओं का अनुपालन और किसी भी गैर–अनुपालन का सुधार</td><td colspan="18">जहां कहीं भी लागू हो, बीआरएसआर की धारा सी में वैधानिक आवश्यकताओं के अनुपालन की समीक्षा और आवृत्ति प्रदान की जाती है।</td></tr>
<tr><td>11. क्या कंपनी ने किसी बाहरी एजेंसी द्वारा अपनी नीतियों के कार्यकरण का स्वतंत्र मूल्यांकन/ मूल्यांकन कराया है? (हाँ/ नहीं)। यदि हाँ तो एजेंसी के नाम का उल्लेख करें</td><td colspan="18">संगठन की नीतियां और प्रक्रियाएं आईएसओ 9001, आईएसओ 14001, आईएसओ 45001, आईएसओ 27001, सीएजी, संसदीय समितियों, प्रशासनिक मंत्रालय आदि द्वारा ऑडिट/ समीक्षा के अधीन हैं।</td></tr>
</table>

क. आईएसओ 9001; b. आईएसओ 14001; c. आईएसओ 45001; d. आईएसओ 50001; e. मानवाधिकार, श्रम, पर्यावरण और भ्रष्टाचार विरोध पर यूएनजीसी के दस सिद्धांत; f. डीपीई दिशानिर्देश: g. इस संदर्भ में सरकार और वैधानिक दिशानिर्देशों का अनुपालन

**12. यदि उपर्युक्त प्रश्न (1) का उत्तर "नहीं" है अर्थात सभी सिद्धांत किसी पॉलिसी में शामिल नहीं हैं, तो कारण बताया जाए:**

| प्रश्न | पी1 | पी2 | पी3 | पी4 | पी5 | पी6 | पी7 | पी8 | पी9 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कंपनी सिद्धांतों को अपने व्यवसाय के लिए महत्वपूर्ण नहीं मानती (हाँ/ नहीं) | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं |
| इकाई उस स्तर पर नहीं है जहां वह निर्दिष्ट सिद्धांतों पर नीतियां बनाने और उन्हें लागू कर सके (हां/नहीं) | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं | हां | नहीं | नहीं |
| इकाई के पास कार्य के लिए वित्तीय या/मानवीय और प्रौद्योगिकी संसाधन उपलब्ध नहीं हैं (हाँ/नहीं) | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं |
| इसे अगले वित्तीय वर्ष में करने की योजना है (हाँ/नहीं) | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं |
| कोई अन्य कारण (कृपया निर्दिष्ट करें) | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं |

*पॉलिसी एडवोकेसी के संदर्भ में सिद्धांत 7 के संबंध में, हालांकि कंपनी के पास नीति नहीं है लेकिन 'पॉलिसी एडवोकेसी इन जिम्मेदार तरीके से' के आधार पर स्थापित पद्धतियों का पालन किया जाता है।

#3 जुलाई 2023 तक निदेशक (मा.सं.) का कार्यभार संभाला। श्री कृष्ण कुमार ठाकुर, निदेशक (मा. सं.) 4 जुलाई 2023 से बीआरएसआर के कार्यान्वयन और ओवरसाइट के लिए जिम्मेदार हैं।

^कॉर्पोरेट गवर्नेंस के लिए डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार वित्त वर्ष 2022–23 के लिए अनुमानित रेटिंग/ग्रेडिंग।

## खंड ग: सिद्धांतों के अनुसार निष्पादन प्रकटीकरण

### सिद्धांत 1: नैतिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही

सीपीएसई के कॉर्पोरेट अभिशासन पर लोक उद्यम विभाग के दिशा–निर्देशों की आवश्यकताओं तथा सेबी द्वारा वर्णित दिशानिर्देशों के अनुपालन में सभी निदेशक मंडल के सदस्यों एवं वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों के लिए कंपनी में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित 'व्यापार नियमावली व नैतिक आचरण' संहिता' प्रभावी है।

https://www.bhel.com/code-business-conduct-ethics-board-members-senior-management-personnel

निदेशक मंडल के पास निदेशक मंडल के लिए एक निर्धारित चार्टर है जो निदेशक मंडल और व्यक्तिगत निदेशकों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करता है। इसके अलावा, कंपनी अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी की गोपनीयता बनाए रखने और ऐसी जानकारी के दुरुपयोग को रोकने का प्रयास करती है। इस दिशा में निदेशक मंडल द्वारा नामोदिष्ट व्यक्तियों और उनके तत्काल सम्बधियों को व्यापार के विनियमन और रिपोर्टिंग के लिए बीएचईएल कोड ऑफ कंडक्ट नीति को अनुमोदन प्रदान किया गया। सेबी (Prohibition of Insider Trading) विनियमन, 2015 और सूचीबद्ध विनियमों के अनुसार उचित प्रकटीकरण के लिए निदेशक मंडल के सदस्यों और कंपनी के अन्य नामित कर्मचारियों को यह निर्देश दिया गया है कि वे इस प्रकार की गोपनीयता बनाए रखें। यह कोड अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील सूचना (यूपीएसआई) के उचित प्रकटन के लिए पद्धतियों और प्रक्रियाओं का भी प्रावधान करता है। यह कोड अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील सूचना (यूपीएसआई) के उचित प्रकटन के लिए पद्धतियों और प्रक्रियाओं का भी प्रावधान करता है।

https://www.bhel.com/code-conduct-prevention-insider-trading

इनसाइडर ट्रेडिंग कोड के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए, एक आंतरिक परिचालन दिशानिर्देश लागू किए गए हैं। एक संरचित डिजिटल डेटाबेस मौजूद है जिसमें सभी 'नामित व्यक्तियों' के नाम के साथ–साथ अतिरिक्त व्यक्तियों का विवरण भी शामिल है जिनके साथ यूपीएसआई साझा किया गया था। प्रारंभिक और निरंतर प्रकटीकरण का विवरण इन नामित व्यक्तियों द्वारा निर्धारित समयसीमा के भीतर प्रस्तुत किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त नामोदिष्ट व्यक्तियों को ईमेल यह सूचित करने के लिए की जाती है कि उनके पास ई–मेल है साथ ही ट्रेडिंग विंडो बंद होने के लिए सूचित करने हेतु भी ई–मेल की जाती है। उन व्यक्तियों को अलग से ई–मेल की जाती है जिनके साथ नामोदिष्ट व्यक्तियों द्वारा ई–मेल साझा किया जाता है।

डीपीई के कॉर्पोरेट अभिशासन और लिस्टिंग विनियम संबंधी दिशा–निर्देशों के अनुपालन में बीएचईएल द्वारा भारी उद्योग मंत्रालय एवं स्टॉक एक्सचेंज को तिमाही प्रगति रिपोर्ट प्रेषित की जाती है। कंपनी की कारपोरेट गवर्नेंस आवश्यकताओं के अनुपालन की लेखा परीक्षा प्रत्येक वर्ष सांविधिक कानूनों के अनुपालन से बीएचईएल की गोपनीय लेखा परीक्षा की जाती है और उक्त रिपोर्ट कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट का भाग है। सूचीबद्ध विनियमों का अनुपालन करते हुए, सभी निदेशक मंडल सदस्य और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिक प्रतिवर्ष इस बात की पुष्टि करते हैं कि उन्होंने संगत वित्त वर्ष के दौरान कंपनी के वार्षिक आचार संहिता और आचार संहिता के प्रावधानों का पूर्ण अनुपालन किया है। कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा इस आशय की पुष्टि कंपनी के वार्षिक प्रतिवेदन में की जाती है। 'Code of Conduct for Regulating & Reporting Trading by Insiders and for Fair Disclosure', तथा उचित प्रकटन के लिए निदेशक (वित्त) कंपनी का अनुपालन अधिकारी है। इसके अतिरिक्त कंपनी के मुख्य निवेशक संबंध अधिकारी द्वारा 'Code of Practice and Procedure for Fair Disclosure'' का अनुपालन सुनिश्चित किया जाता है।

इसके अलावा, अपने कर्मचारियों (स्थायी आदेशों द्वारा शासित लोगों के अलावा) के लिए आचरण के उच्च मानक स्थापित करने के बीएचईएल के निरंतर प्रयास के एक हिस्से के रूप में, 'बीएचईएल आचरण, अनुशासन और अपील नियम, 1975' मौजूद हैं जिन्हें समय–समय पर अद्यतन किया जाता है। इसे धोखाधड़ी रोकथाम नीति और व्हिसिल ब्लोअर नीति द्वारा संवर्धित किया गया है जो न केवल कंपनी को अस्वीकार्य पद्धतियों के खिलाफ हथियार देती है बल्कि एक निवारक के रूप में भी कार्य करती है। कंपनी आरटीआई अधिनियम 2005, वैधानिक लेखा परीक्षकों द्वारा ऑडिट और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 139 के तहत सीएजी ऑडिट के अधीन है।

https://www.bhel.com/bhel-fraud-prevention-policy-0

https://www.bhel.com/whistle-blower-policy-0

विक्रेताओं और ग्राहकों के साथ व्यापारिक व्यवहार के क्षेत्र में, बीएचईएल ने दोनों पक्षों को नैतिक आचरण के लिए बाध्य करके खरीद और अनुबंध को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए 'इंटीग्रिटी पैक्ट' अपनाने के लिए ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल इंडिया (टीआईआई) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। केंद्रीय सतर्कता आयोग की उचित मंजूरी के साथ, बीएचईएल में इंटीग्रिटी पैक्ट के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए तीन स्वतंत्र बाहरी मॉनिटरों (आईईएम) का एक पैनल नियुक्त किया गया है।

बीएचईएल के भीतर, 'शक्ति के प्रत्यायोजन' के माध्यम से विभिन्न पदाधिकारियों के लिए जवाबदेही को अच्छी तरह से परिभाषित किया गया है। कार्य नीति, खरीद नीति और अन्य नीति दस्तावेज बीएचईएल के कामकाज में पारदर्शिता और उच्चतम स्तर की सत्यनिष्ठा की प्रतिबद्धता को सुविधाजनक बनाते हैं। खरीद में पारदर्शिता, दृश्यता और जवाबदेही को और बढ़ाने के लिए, बीएचईएल ने डिजिटल प्लेटफॉर्म यानी सरकारी ई–मार्केटप्लेस (जीईएम) के माध्यम से अपनी खरीद को वित्त वर्ष 2018–19 में 30 लाख से वित्त वर्ष 2022–23 में 6,189 करोड़ बढ़ा दिया है। इसके साथ ही, आंतरिक लेखापरीक्षा क्रय/कार्य अनुबंधों का स्वतंत्र लेखापरीक्षा करती है।

#### आवश्यक संकेतक

**1. वित्त वर्ष के दौरान किसी भी सिद्धांत पर प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रमों द्वारा कवरेज का प्रतिशत:**

बीएचईएल द्वारा अपने कर्मचारियों और निदेशकों के लिए कई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों को आवश्यकता के आधार पर क्यूरेट किया जाता है और इसमें एक कार्यक्रम के भीतर कई विषय (जिनमें नौ सिद्धांतों को शामिल किया जाता है) शामिल हैं।

| सेगमेंट | आयोजित किए गए कुल प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रमों की संख्या | प्रशिक्षण के अंतर्गत शामिल विषय/सिद्धांत और उसका प्रभाव | जागरूकता कार्यक्रमों द्वारा कवर की गई संबंधित श्रेणी में व्यक्तियों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| निदेशक मंडल | 4 | एक स्वतंत्र निदेशक की विशिष्ट भूमिकाएँ और जिम्मेदारियाँ, निदेशक मंडल की बैठकों में प्रभावशीलता, निदेशक मंडल समितियों की भूमिका और निर्णय लेना, व्यवसाय से परिचित होना। | 100% |
| प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक (निदेशक मंडल के अलावा) | 2 | कवर किए गए विषय सोशल ऑडिट, पीओएसएच और श्रम कानून, जो उस कानूनी ढांचे का हिस्सा हैं जिसके तहत कंपनी संचालित होती है। | 100% |
| बीओडी और केएमपी के अलावा अन्य कर्मचारी | 1537 | नौ सिद्धांतों के अनुरूप प्रौद्योगिकी, कार्यात्मक, सुरक्षा, प्रबंधकीय और व्यावहारिक विषय | 70.6% |
| कामगार | 1537 | | 45.9% |

**2. वित्तीय वर्ष में नियामकों/ विधि प्रवर्तन एजेंसियों/ न्यायिक संस्थानों के साथ कार्यवाही (इकाई द्वारा या निदेशकों/केएमपी द्वारा) में भुगतान किए गए जुर्माना / दंड/ पुरस्कार/ शमन शुल्क/ समाधान राशि का विवरण, निम्नलिखित प्रारूप में (ध्यान दें: इकाई सेबी [सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं] विनियम, 2015 के विनियमन 30 में निर्दिष्ट और इकाई की वेबसाइट पर बताए अनुसार भौतिकता के आधार पर प्रकटीकरण करेगी:** वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान निदेशकों/केएमपी द्वारा नियामकों/कानून प्रवर्तन एजेंसियों/न्यायिक संस्थानों को कार्यवाही में कोई जुर्माना/दंड/पुरस्कार/कंपाउंडिंग शुल्क/सामग्री प्रकृति की निपटान राशि का भुगतान नहीं किया गया था।

**3. उपर्युक्त प्रश्न 2 में बताए गए उदाहरणों में से, उन मामलों में पसंदीदा अपील/संशोधन का विवरण जहां मौद्रिक या गैर–मौद्रिक कार्रवाई की अपील की गई है —लागू नहीं**

**4. क्या इकाई के पास भ्रष्टाचार विरोधी या रिश्वत विरोधी नीति है? यदि हाँ, तो संक्षेप में विवरण प्रदान करें और यदि उपलब्ध हो, तो पॉलिसी का एक वेब–लिंक प्रदान करें।**

जी हाँ, बीएचईएल की भ्रष्टाचार विरोधी और रिश्वतखोरी विरोधी नीति है। बीएचईएल द्वारा उच्च स्तर का आचरण करने के प्रयासों के लिए अपने कर्मचारियों (स्थायी आदेशों से शासित कर्मचारियों को छोड़कर) के लिए बीएचईएल आचरण, अनुशासन और अपील नियम, 1975 नीति है। इसे धोखाधड़ी निवारण नीति और व्हिसल ब्लोवर नीति द्वारा बढ़ाया गया है, जो न केवल कंपनी को अस्वीकार्य पद्धतियों के विरुद्ध हथियार देता है, बल्कि एक निवारक के रूप में भी कार्य करता है। कंपनी 'सूचना का अधिकार अधिनियम' 2005, संवैधानिक लेखापरीक्षकों द्वारा ऑडिट लेखा–परीक्षण एवं कंपनी अधिनियम–2013 के खंड 139 के तहत नियंत्रक– महालेखापरीक्षक के परीक्षणाधीन है।

https://www.bhel.com/bhel-fraud-prevention-policy-0

https://www.bhel.com/whistle-blower-policy-0

व्यवसाय के क्षेत्र में विक्रेताओं और उपभोक्ताओं के साथ डीलिंग के लिए बीएचईएल ने क्रय एवं अनुबंध गतिविधियों क्रियाकलापों में दोनों पक्षों के नैतिक आचरण में अत्यधिक पारदर्शिता व ईमानदारी को बढ़ाने के उद्देश्य से 'ट्रांस्पेरेंसी इंटरनेशनल इंडिया (टीआईआई) के साथ एमओयू किया है। केंद्रीय सतर्कता आयोग से प्राप्त उचित अनुमोदन के आधार पर बीएचईएल में 'पारदर्शिता एवं ईमानदारी नीति' के कार्यान्वयन की निगरानी हेतु दो स्वतंत्र बाहरी मॉनीटरों (आईईएम) के पैनल को नियुक्त किया गया है। बीएचईएल में 'शक्तियों का प्रत्यायोजन (डेलीगेशन ऑफ पावर्स) के माध्यम से विभिन्न पदाधिकारियों की जिम्मेदारी को भली–भांति परिभाषित किया गया है। कार्य नीति, क्रय नीति तथा ऐसे अन्य नीति निर्धारक दस्तावेज बीएचईएल की कार्य प्रणाली में पारदर्शिता को परिभाषित करने के साथ ही उच्चतम स्तर की पारदर्शिता के प्रति कम्पनी की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। इसके अतिरिक्त, आंतरिक लेखा परीक्षा में क्रय/कार्य अनुबंधों की स्वतंत्र लेखा परीक्षा की जाती है।

5. उन निदेशकों/ प्रमुख प्रबंधन कार्मिकों / कर्मचारियों/ कामगारों की संख्या जिनके विरुद्ध किसी विधि प्रवर्तन एजेंसी द्वारा घूस/ भ्रष्टाचार के आरोपों के लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई:

| | वित्तीय वर्ष 2022-23 | वित्तीय वर्ष 2021-22 |
|---|---|---|
| **निदेशक** | 0 | 0 |
| **प्रमुख प्रबंधन कार्मिक** | 0 | 0 |
| **कर्मचारी** | 4 | 1 |
| **कामगार** | 0 | 0 |

6. हितों के टकराव से संबंधित शिकायतों का विवरण:

| | वित्तीय वर्ष 2022-23 | | वित्तीय वर्ष 2021-22 | |
|---|---|---|---|---|
| | संख्या | टिप्पणी | संख्या | टिप्पणी |
| निदेशकों के हितों के टकराव के संबंध में प्राप्त शिकायतों की संख्या | 0 | -- | 0 | -- |
| केएमपी (निदेशकों को छोड़कर) के हितों के टकराव के मुद्दों के संबंध में प्राप्त शिकायतों की संख्या | 0 | -- | 0 | -- |

7. भ्रष्टाचार और हितों के टकराव के मामलों पर विनियामकों/ विधि प्रवर्तन एजेंसियों/न्यायिक संस्थाओं द्वारा की गई जुर्माना/ कार्रवाई से संबंधित सुधारात्मक कार्रवाई का विवरण प्रदान करें–

कृपया निदेशक मंडल रिपोर्ट की सतर्कता प्रणाली, अनुलग्नक – VIII देखें।

## नेतृत्व संकेतक

1. वित्तीय वर्ष के दौरान निम्नलिखित में से किसी भी सिद्धांत पर मूल्य श्रृंखला साझेदारों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए:

| आयोजित कुल जागरूकता कार्यक्रम | प्रशिक्षण के अंतर्गत कवर किए गए विषय / सिद्धांत | जागरूकता कार्यक्रमों के अंतर्गत मूल्य श्रृंखला भागीदारों (ऐसे भागीदारों के साथ किए गए व्यापार के मूल्य द्वारा) का प्रतिशत |
|---|---|---|
| 33 | 1. सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए सार्वजनिक क्रय नीति पर जागरूकता (एमएसई)– एमएसई के लिए आदेश (एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी किया गया)<br>2. ऑनलाइन आपूर्तिकर्ता पंजीकरण पोर्टल<br>3. गवर्नमेंट ई–मार्केटप्लेस (GeM)<br>4. बीएचईएल की अनुबंध की सामान्य शर्तें<br>5. स्थानीय स्रोतों की पहचान करने के लिए घरेलू उद्योग के साथ बीएचईएल संवाद | 20% |

2. क्या कंपनी के पास निदेशक मंडल के सदस्यों से संबंधित हितों के टकराव से बचने/उसका प्रबंधन करने के लिए प्रक्रियाएं मौजूद हैं?

हां, कंपनी का निदेशक मंडल के सदस्यों से संबंधित हितों के टकराव से बचने/ उसका प्रबंधन करने के लिए एक विस्तृत विधिक ढांचा है।

कंपनी अधिनियम, 2013 और सेबी [सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं] विनियम, 2015 में विस्तृत प्रावधान हैं जिनके अंतर्गत, समय–समय पर और यदि पहले से प्रस्तुत किए गए विवरण में कोई परिवर्तन होता है तो निदेशक मंडल के निदेशकों को किसी भी कंपनी (कंपनियों)/ निकायों/ कॉर्पोरेट/ फर्मों/ व्यक्तियों के अन्य एसोसिएशनों में अपने हित (उनकी शेयरधारिता सहित) का खुलासा करना अपेक्षित होता है। निदेशक इस बात का उल्लेख करते हुए निदेशक मंडल को एक प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करते हैं कि उनके हित के कारण कंपनी के व्यवसाय के संबंध में उनके हितों का कोई टकराव नहीं है और जब भी ऐसा कोई विरोध/हित उत्पन्न होता है तो वे तुरंत निदेशक मंडल को सूचित करेंगे।

इसके अलावा, कंपनी के निदेशकों ने निदेशक मंडल के सभी सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कर्मियों के लिए व्यावसायिक आचरण और नैतिकता संहिता को मंजूरी दे दी है। संहिता में (i) सामान्य नैतिक अनिवार्यताएं (ii) विशिष्ट व्यावसायिक जिम्मेदारियां और साथ ही (iii) निदेशक मंडल के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों के लिए विशिष्ट अतिरिक्त प्रावधान शामिल हैं। इसके अलावा, निदेशक मंडल और व्यक्तिगत निदेशकों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करने और निदेशक मंडल को अपनी भूमिका प्रभावी ढंग से निभाने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से, निदेशक मंडल ने निदेशक मंडल का एक चार्टर निर्धारित किया है।

इन प्रक्रियाओं के अलावा, निदेशक मंडल के सदस्यों के हितों के टकराव से बचने/ प्रबंधन करने के लिए, निदेशक मंडल के स्वतंत्र निदेशकों को कुछ अतिरिक्त प्रावधानों का अनुपालन करना अपेक्षित है, जैसे कि उनकी स्वतंत्रता की घोषणा प्रस्तुत करना (अर्थात वे स्वतंत्रता मानदंडों को पूरा करते हैं और उन्हें ऐसी किसी भी परिस्थिति या स्थिति के मौजूद होने या उसकी संभावना होने की जानकारी नहीं है, जो उन्हें निष्पक्ष स्वतंत्र निर्णय लेने और बिना किसी बाहरी प्रभाव के अपने दायित्वों का निर्वहन करने की उनकी क्षमता को प्रभावित कर सकती है) और कंपनी अधिनियम की अनुसूची IV का अनुपालन जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ (i) व्यावसायिक आचार दिशानिर्देश (ii) भूमिका और कार्य (iii) स्वतंत्र निदेशकों के दायित्व का प्रावधान किया गया है।

## सिद्धांत 2: उत्पाद जीवन चक्र संधारणीयता

बीएचईएल पर्यावरण अनुकूल प्रौद्योगिकियों के विकास और उपकरणों की दक्षता में सुधार के माध्यम से हरित पर्यावरण में योगदान दे रहा है। विद्युत चक्र दक्षता में निरंतर सुधार और कोयला आधारित विद्युत संयंत्रों से कम उत्सर्जन, सब क्रिटिकल से सुपर क्रिटिकल तक प्रौद्योगिकी के विकास के द्वारा समय पर हासिल किया गया है। बीएचईएल द्वारा सप्लाइ किए गए विद्युत संयंत्र उपकरणों की विशेषताओं में सहायक उपकरण से विद्युत की कम खपत, प्लांट की उच्च दक्षता, संरचनात्मक रूप से ताप सह और उच्च परिचालन उपलब्धता प्रदान करने के साथ ही उन्नत जीवन चक्र लागत प्राप्त करने में सहायता करना शामिल है।

बीएचईएल फ़्लू–गैस डिसल्फराइजेशन (एफजीडी) सिस्टम, सेलेक्टिव कैटेलिटिक रिडक्शन (एससीआर) सिस्टम, सोलर फोटोवोल्टिक प्लांट, इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रीसिपिटेटर्स (ईएसपी) की आपूर्ति और कमीशनिंग के माध्यम से उत्सर्जन को कम करने के लिए व्यापक समाधान प्रदान करता है। बीएचईएल ने उच्च राख वाले भारतीय कोयले से सिनगैस उत्पन्न करने के लिए पूरी तरह से स्वदेशी प्रेशराइज्ड फ्लुइडाइज्ड बेड गैसीफिकेशन (पीएफबीजी) तकनीक विकसित की है। सिनगैस आगे औद्योगिक रसायनों के उत्पादन के लिए फ़ीड के रूप में कार्य करता है। उत्पादों में सन्निहित कार्बन को कम करने की दिशा में भी सचेत प्रयास किया जा रहा है। कंपनी ने प्रदूषण फैलाने वाले ईंधन को स्वच्छ ईंधन से बदलने का विकल्प चुना है, उदाहरण के लिए, गैस का उपयोग अब सेरालिन जैसे उत्पादों के उत्पादन के दौरान ताप ऊर्जा के स्रोत (पहले कोयले के बजाय) के रूप में किया जाता है, और इसने अपने विनिर्माण संयंत्रों में भट्टियों को एलपीजी से आरएलएनजी में भी परिवर्तित कर दिया है।

### नेतृत्व संकेतक

**1. इकाई द्वारा किए गए अनुसंधान एवं विकास और पूंजीगत व्यय में उत्पाद एवं प्रक्रियाओं के पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों को बेहतर बनाने के लिए विशिष्ट प्रौद्योगिकियों में अनुसंधान एवं विकास और पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) निवेश का प्रतिशत।**

| | वित्तीय वर्ष 2022-23 | वित्तीय वर्ष 2021-22 | विवरण |
|---|---|---|---|
| आर एंड डी | 3.59% | 2.24% | 50 से अधिक विकास परियोजनाएं शुरू की गईं |
| कैपेक्स | 10% | 2% | प्रमुख व्यय इस प्रकार हैं: बीएचईएल में 5 मेगावाट सौर फोटोवोल्टिक (एसपीवी) पावर प्लांट, एससीआर (चयनात्मक उत्प्रेरक कटौती) उत्प्रेरक प्रौद्योगिकी के लिए ऊर्जा बचत और व्यय में बचत हेतु रीजनरेटिव बर्नर कमीशन किया गया। |

निदेशक मंडल रिपोर्ट का अनुलग्नक–VI और अनुलग्नक–VII देखें

2. क. क्या इकाई के पास सतत स्रोत के लिए प्रक्रियाएं मौजूद हैं?

   ख. यदि हाँ, तो इनपुट का कितना प्रतिशत सतत रूप से प्राप्त है?

   हां, बीएचईएल ने व्यवसाय सुधार और संधारणीय व्यवसाय के रूप में ई–प्रोक्योरमेंट/जीईएम लागू किया है। साथ ही आपूर्तिकर्ता पंजीकरण केवल ऑनलाइन मोड में किया जाता है। बीएचईएल अपने कई मूल्य श्रृंखला भागीदारों से विभिन्न सामग्री और घटक प्राप्त करता है जो प्रमाणित हैं और आईएसओ 14001, आईएसओ 45001 आदि जैसे मानकों के अनुरूप हैं।

   हमारे 100% इनपुट संधारणीय होते हैं।

3. जीवन चक्र समाप्त होने पर पुनः उपयोग, पुनर्चक्रण और निपटान के लिए अपने उत्पादों को सुरक्षित रूप से पुनः प्राप्त करने के लिए प्रक्रियाओं का वर्णन करें, (ए) प्लास्टिक (पैकेजिंग सहित) (बी) ई–अपशिष्ट (सी) खतरनाक अपशिष्ट और (डी) अन्य अपशिष्ट ।

   बीएचईएल के उत्पाद पूंजीगत वस्तु श्रेणी के अंतर्गत आते हैं, जिनका जीवन अधिकांश मामलों में 25 वर्ष से अधिक होता है। नवीनीकरण की प्रक्रिया के माध्यम से उत्पादों या प्रणालियों के जीवन का विस्तार बाजार की आवश्यकतानुसार किया जाता है।

   पूंजीगत माल के जीवन की समाप्ति के बाद वे पुनः उपयोग के लिए अयोग्य हो जाते हैं और इसलिए उन्हें स्वामी द्वारा पूंजीगत उत्पादों के स्क्रैप के रूप में निपटाया जाता है।

4. क्या विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) कंपनी की गतिविधियों पर लागू है। (हाँ / नहीं) यदि हां, तो क्या अपशिष्ट संग्रहण योजना प्रदूषण नियंत्रण निदेशक मंडल को प्रस्तुत विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) योजना के अनुरूप है? यदि नहीं, तो इसे कम करने के लिए उठाए गए कदम।

   विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) बीएचईएल की गतिविधियों पर लागू नहीं होती है।

### नेतृत्व संकेतक

1. क्या कंपनी ने अपने किसी उत्पाद (विनिर्माण उद्योग के लिए) या अपनी सेवाओं (सेवा उद्योग) के लिए स्पमि Cycle Perspective@ Assessments (LCA) किया है?

   यदि हां, तो निम्नलिखित प्रारूप में विवरण दें?

   नहीं, कंपनी ने उत्पादों के लिए जीवन चक्र मूल्यांकन (Life Cycle Perspective/Assessments (LCA)) नहीं किया है।

2. यदि आपके उत्पादों/ सेवाओं के उत्पादन या निपटान से उत्पन्न कोई महत्वपूर्ण सामाजिक या पर्यावरणीय समस्याएं या जोखिम हैं जैसा कि जीवन चक्र परिप्रेक्ष्य/ आकलन (एलसीए) में पहचान की गई है या किसी अन्य साधन के माध्यम से संक्षेप में इसे दूर करने हेतु की गई कार्रवाई का वर्णन करें।

   – लागू नहीं

3. उत्पादन (विनिर्माण उद्योग के लिए) अथवा सेवा प्रदान करने (सेवा उद्योग के लिए), में प्रयुक्त कुल सामग्री (मूल्य द्वारा) में से पुनर्चक्रित या पुनः उपयोग किए गए इनपुट सामग्री का प्रतिशत।

   कंपनी की विनिर्माण प्रक्रियाओं से/धातु स्क्रैप की अच्छी खासी मात्रा उत्पन्न होती है, हालांकि अपशिष्ट को कम करने के लिए इंजीनियरिंग उपाय किए जाते हैं। बाद में इस स्क्रैप का कंपनी के अंदर पुनर्चक्रण होता है और इसका पुनः उपयोग किया जाता है। उदाहरण के लिए हरिद्वार में सेंट्रल फाउंड्री फोर्ज प्लांट (सीएफएफपी) स्टील फोर्जिंग्स और कास्टिंग्स बनाती है जिसके लिए स्टील स्क्रैप एक प्रमुख कच्चा माल है। पुनः प्रयोज्य सामग्री का इस्तेमाल भी निर्मित वस्तुओं की पैकिंग के लिए किया जाता है। जहां संभव हो, परियोजना स्थलों पर विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए क्रेटों में सामान की आपूर्ति की जाती है, जहां निर्माण के दौरान क्रेट सामग्री का पुनः उपयोग किया जाता है।

   इस समय इस प्रकार पुनर्चक्रित/ पुनः उपयोग की गई वस्तुओं का मूल्य निर्धारित नहीं किया जा रहा है।

4. उत्पादों के जीवन के अंत में पुनः प्राप्त किए गए उत्पादों और पैकेजिंग की मात्रा (मीट्रिक टन में) निम्नलिखित प्रारूप के अनुसार पुनः उपयोग, पुनर्नवीनीकरण और सुरक्षित रूप से निपटान की गईः

   बीएचईएल की व्यवसाय प्रकृति बी2बी है और हमारी आपूर्ति दीर्घकालिक जीवन चक्र (25 वर्ष और उससे अधिक) के साथ पूंजीगत माल श्रेणी में आता है। पैकेजिंग की सभी सहायक सामग्री, जिसमें हम अपने उत्पादों की आपूर्ति करते हैं, देश और विदेश में फैले अपने ग्राहकों की संपत्ति बन जाती है। इस स्थिति में, उत्पाद (जीवन चक्र समाप्त होने पर) या ग्राहक से पैकेजिंग सामग्री को पुनः प्राप्त करना संभव नहीं है।

5. प्रत्येक उत्पाद श्रेणी के लिए पुनः प्राप्त उत्पाद और उनकी पैकेजिंग सामग्री (बेचे गए उत्पादों के प्रतिशत के रूप में), जैसा कि बिंदु 4 (पिछले बिंदु) में बताया गया है।

## सिद्धांत 3: कर्मचारी कल्याण

बीएचईएल मानव संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। कंपनी की मानव संसाधन प्रबंधन नीति का मार्गदर्शक सिद्धांत मानव संसाधनों की सक्षम, प्रेरित और प्रभावी उपलब्धता सुनिश्चित करना और संगठनात्मक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए हर समय उनकी पूर्ण क्षमता की प्राप्ति को सुगम बनाना है। कंपनी ने रोजगार संबंध, करियर विकास/उन्नति और कर्मचारियों के अनुमोदन/ लाभ, स्वास्थ्य देखभाल और कल्याण को विनियमित करने तथा पारदर्शिता और कार्यान्वयन की एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए 'कार्मिक मैनुअल' के रूप में एचआरएम नीतियों और नियमों को दस्तावेज के रूप में तैयार किया गया है। इन नीतियों को एक शिकायत निवारण तंत्र द्वारा दो योजनाओं के अंतर्गत समाहित किया गया है – पहली कामगारों के लिए और दूसरी कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए। इस स्कीम के तहत किसी शिकायत से कंपनी की नीतियों– नियमों या प्रबंधन निर्णयों के कार्यान्वयन से उत्पन्न किसी कर्मचारी से संबंधित शिकायत अभिप्रेत है। इन दोनों योजनाओं में त्रि–स्तरीय समाधान का प्रावधान है। प्रत्येक चरण में शिकायत के समाधान के लिए निश्चित समय सीमा निर्धारित की जाती है। इसके अलावा, यदि पीड़ित कर्मचारी शिकायत के समाधान से संतुष्ट नहीं होता है तो कर्मचारियों और अधिकारियों को शिकायत निवारण योजना में अपीलीय तंत्र भी प्रदान किया जाता है।

बीएचईएल की एक स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण (एचएसई) नीति है जो संगठन के सभी कर्मचारियों और अन्य हितधारकों को पर्यावरण की सुरक्षा को उचित महत्व देते हुए सुरक्षित और स्वस्थ कार्य वातावरण प्रदान करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। यह नीति आईएसओ 14001 और आईएसओ 45001 प्रबंधन प्रणाली प्रमाणीकरण मानकों की आवश्यकताओं के अनुरूप है और https://www.bhel.com/sites/default/fi.pdf लिंक पर एक्सेस की जा सकती है। इस नीति को लागू करने वाली सभी इकाइयों/प्रभागों में एचएसई प्रकोष्ठ, संगठन स्तर पर एचएसई मामलों से संबंधित रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान करता है। इस बारे में कर्मचारियों और अन्य हितधारकों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए सभी कार्यस्थलों पर एचएसई नीति को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है तथा इसकी क्षेत्रीय भाषाओं में भी अनूदित किया गया है और इसे आंतरिक एवं बाहरी एजेंसियों द्वारा 45 आवधिक लेखा परीक्षा भी सुनिश्चित की जाती है। कार्यस्थलों पर आईएसओ 14001 और आईएसओ 45001 प्रबंधन प्रणाली की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए आंतरिक और बाहरी एजेंसियों द्वारा समय–समय पर जांच की जाती है, जिसमें इस नीति की कार्यप्रणाली और इसके महत्वपूर्ण तत्व शामिल होते हैं।

नेतृत्व संकेतक

1. क. कर्मचारियों के कल्याण के उपायों का विवरणः

| श्रेणी | सम्मिलित/कवर किए गए कर्मचारियों का प्रतिशत : | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल (A) | स्वास्थ्य बीमा | | दुर्घटना बीमा | | मातृत्व हितलाभ | | पितृत्व हितलाभ | | डे केयर सुविधा | |
| | | संख्या (B) | % (B/A) | संख्या (C) | % (C/A) | संख्या (D) | % (D/A) | संख्या (E) | % (E/A) | संख्या (F) | % (F/A) |
| स्थायी कर्मचारी | | | | | | | | | | | |
| पुरुष | 27790 | 27790 | 100% | 27790 | 100% | 0 | 0 | 27790 | 100% | 0 | 0 |
| महिला | 1746 | 1746 | 100% | 1746 | 100% | 1746 | 100% | 0 | 0 | 1746 | 100% |
| कुल | 29536 | 29536 | 100% | 29536 | 100% | 1746 | 5.91% | 27790 | 94.09% | 1746 | 5.91% |
| स्थायी कर्मचारियों के अलावा* | | | | | | | | | | | |
| पुरुष | 14495 | 14430 | 99.55% | 14430 | 99.55% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% |
| महिला | 1210 | 1209 | 99.92% | 1209 | 99.92% | 1209 | 99.92% | 0 | 0.00% | 167 | 13.80% |
| कुल | 15705 | 15639 | 99.58% | 15639 | 99.58% | 1209 | 7.7% | 0 | 0.00% | 167 | 1.06% |

बीएचईएल अपने कर्मचारियों और उनके आश्रितों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करता है। यह सुविधा अधिवर्षिता/मृत्यु पर कर्मचारियों/पति/पत्नी को भी दी जाती है। बीएचईएल के विनिर्माण संयंत्रों सहित अनेक परिसरों में डे केयर सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।.

*स्थायी कर्मचारियों के अलावा' बीएचईएल सलाहकारों/एफटीए के मामले में चिकित्सा बीमा/दुर्घटना बीमा पर प्रीमियम की प्रतिपूर्ति प्रदान की जाती है।

ख. कामगारों के कल्याण के उपायों का विवरणः

| श्रेणी | सम्मिलित/कवर किए गए कर्मचारियों का प्रतिशत : | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल (A) | स्वास्थ्य बीमा | | दुर्घटना बीमा | | मातृत्व हितलाभ | | पितृत्व हितलाभ | | डे केयर सुविधा | |
| | | संख्या (B) | % (B/A) | संख्या (C) | % (C/A) | संख्या (D) | % (D/A) | संख्या (E) | % (E/A) | संख्या (F) | % (F/A) |
| स्थायी कर्मचारी | | | | | | | | | | | |
| पुरुष | 14592 | 14592 | 100% | 14592 | 100% | 0 | 0 | 14592 | 100% | 0 | 0 |
| महिला | 394 | 394 | 100% | 394 | 100% | 394 | 100% | 0 | 0 | 394 | 100% |
| कुल | 14986 | 14986 | 100% | 14986 | 100% | 394 | 2.63% | 14592 | 97.37% | 394 | 2.63% |
| स्थायी कर्मचारियों के अलावा | | | | | | | | | | | |
| पुरुष | 14430 | 14430 | 100% | 14430 | 100% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% |
| महिला | 1209 | 1209 | 100% | 1209 | 100% | 1209 | 100% | 0 | 0.00% | 167 | 13.81% |
| कुल | 15639 | 15639 | 100% | 15639 | 100% | 1209 | 7.7% | 0 | 0.00% | 167 | 1.07% |

बीएचईएल अपने कर्मचारियों और उनके आश्रितों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करता है। यह सुविधा अधिवर्षिता/मृत्यु पर कर्मचारियों/ पति/पत्नी को भी दी जाती है। बीएचईएल के विनिर्माण संयंत्रों सहित अनेक परिसरों में डे केयर सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। स्थायी कर्मचारियों को छोड़कर अन्य कर्मचारियों के लिए बीमा का प्रावधान संविदा में अंतर्निहित होता है।

2. चालू वित्त वर्ष और पूर्व वित्त वर्ष के लिए सेवानिवृत्ति लाभों का विवरण

| हितलाभ | वित्तीय वर्ष 2022-23 | | | वित्तीय वर्ष 2021-22 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल कर्मचारियों के % के रूप में कवर किए गए कर्मचारियों की संख्या | कुल श्रमिकों के % के रूप में कवर किए गए श्रमिकों की संख्या | कंपनी द्वारा कटौती एवं प्राधिकरण के पास जमा (हाँ/नहीं/लागू नहीं) | कुल कर्मचारियों के % के रूप में कवर किए गए कर्मचारियों की संख्या | कुल श्रमिकों के % के रूप में कवर किए गए श्रमिकों की संख्या | कटौती एवं प्राधिकरण के पास जमा (हाँ/नहीं/लागू नहीं) |
| भविष्य निधि | 100% | 100% | हाँ | 100% | 100% | हाँ |
| उपदान (ग्रेच्युटी) | 100% | 100% | हाँ | 100% | 100% | हाँ |
| ईएसआई* | - | - | - | - | - | - |
| अन्य (बीएचईएल पेंशन योजना) | 100% | 100% | लागू नहीं | 100% | 100% | लागू नहीं |

पीएफ और ग्रेच्युटी के अलावा सेवानिवृत्ति लाभ के रूप में, सभी कर्मचारी और कामगार भी बीएचईएल पेंशन योजना के अंतर्गत शामिल हैं।

*बीएचईएल में ईएसआई लागू नहीं है क्योंकि बीएचईएल सभी कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधा योजना प्रदान करता है।

3. कार्यस्थलों तक पहुँच

**क्या दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की आवश्यकताओं के अनुसार कंपनी के परिसर/कार्यालय ऐसे है जहां दिव्यांगजन कर्मचारी और कामगार आसानी से पहुंच सकें?**

हां, बीएचईएल के परिसर और कार्यालय दिव्यांग कर्मचारियों और कामगारों के लिए सुगम हैं। संरचनात्मक सुधार और अन्य परिवर्तन (नीतियों आदि में) दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की अपेक्षाओं के अनुसार किए जाते हैं।

**4. क्या कंपनी के पास दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुसार समान अवसर नीति है? यदि हाँ तो नीति का वेबलिंक प्रदान करें।**

हां, यह कंपनी भारत सरकार द्वारा अधिदेशित समाज के सामाजिक, आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों, निःशक्त कर्मियों और महिलाओं के प्रतिनिधित्व के लिए भर्ती और पदोन्नति में सकारात्मक कार्रवाई करती है। कंपनी एक समान अवसर प्रदान करने वाला नियोक्ता है तथा भर्ती एंव रोजगार संबंधी मामलों में लिंग, नस्ल, जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र इत्यादि के मामले में भेदभाव नहीं करती है।

यदि किसी कर्मचारी को स्वास्थ्य आधार पर समय से पूर्व सेवानिवृत किया जाता है, तब भी, निःशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकार संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम के प्रावधानों पर विचार किया जाता है। स्थानांतरण और जॉब रोटेशन नीति, दिव्यांग कर्मचारियों के स्थानांतरण संबंधी सरकारी दिशानिर्देशों के अनुरुप है।

**5. पेरेन्टल (मातृत्व या पितृत्व) अवकाश लेने वाले स्थायी कर्मचारियों व श्रमिकों की काम पर वापसी और प्रतिधारण दरें।**

| | स्थायी कर्मचारी | | स्थायी कामगार | |
|---|---|---|---|---|
| लिंग | कार्य पर वापसी दर | प्रतिधारण दर | कार्य पर वापसी दर | प्रतिधारण दर |
| पुरूष | 100% | 100% | 100% | 100% |
| महिला | 100% | 100% | 100% | 100% |
| कुल | 100% | 100% | 100% | 100% |

**6. निम्नलिखित श्रेणियों के कर्मचारियों और कामगारों के लिए शिकायतों को प्राप्त करने और उनका समाधान करने के लिए कोई तंत्र उपलब्ध है? यदि हाँ, तो तंत्र का संक्षिप्त विवरण दें।**

दो योजनाओं के माध्यम से शिकायत निवारण तंत्र – कर्मचारियों के लिए और अन्य के लिए स्टाफ और अधिकारियों के लिए एक शिकायत से कंपनी की नीतियों के कार्यान्वयन से उत्पन्न किसी कर्मचारी से संबंधित शिकायत अभिप्रेत है। इन दोनों योजनाओं में त्रि–स्तरीय समाधान का प्रावधान है। प्रत्येक चरण में शिकायत के समाधान के लिए अंतिम समय सीमा निर्धारित की जाती है, इसके अलावा, कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए शिकायत निवारण योजना

के तहत एक अपीलीय तंत्र भी उपलब्ध कराया गया है, जहां यदि व्यथित कर्मचारी शिकायत निवारण से संतुष्ट नहीं है तो अपील कर सकता है। स्थायी कर्मचारियों/ कामगारों से भिन्न कर्मचारियों के लिए शिकायतों का निवारण यथास्थिति मामले के आधार पर या संविदाकारों के माध्यम से किया जाता है।

| | हाँ/नहीं (यदि हां, तो संक्षेप में तंत्र का विवरण दें) |
|---|---|
| स्थायी कामगार | हाँ |
| स्थायी कामगार से भिन्न | हाँ |
| स्थायी कर्मचारी | हाँ |
| स्थायी कर्मचारी से भिन्न | हाँ |

**7. सूचीबद्ध निकाय द्वारा मान्यता प्राप्त यूनियनों अथवा एशोसिएशनों में कर्मचारियों और कामगारों की सदस्यताः**

| श्रेणी | वित्तीय वर्ष 2022-23 | | | वित्तीय वर्ष 2021-22 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | संबंधित श्रेणी में कर्मचारियों /कामगारों की संख्या (A) | संबंधित श्रेणी में कर्मचारियों / कामगारों की संख्या जो यूनियनो/ एशोसिएशन का हिस्सा हैं (B) | % (B / A) | संबंधित श्रेणी (C) में कर्मचारियों / कामगारों की संख्या | संबंधित श्रेणी (D) में कर्मचारियों / कामगारों की संख्या जो यूनियनो/ एशोसिएशन का हिस्सा हैं | % (D / C) |
| **कुल स्थायी कर्मचारी** | 29536 | 29536 | 100.00% | 30758 | 30758 | 100.00% |
| –पुरूष | 27790 | 27790 | 100.00% | 28925 | 28925 | 100.00% |
| –महिला | 1746 | 1746 | 100.00% | 1833 | 1833 | 100.00% |
| **कुल स्थायी कामगार** | 14986 | 14986 | 100.00% | 15720 | 15720 | 100.00% |
| –पुरूष | 14592 | 14592 | 100.00% | 15305 | 15305 | 100.00% |
| –महिला | 394 | 394 | 100.00% | 415 | 415 | 100.00% |

बीएचईएल में भागीदारी प्रबंधन के सिद्धांत के आधार पर श्रमिकों और कंपनी के हित से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए शीर्ष स्तरीय द्विपक्षीय निकाय अर्थात 29 प्रतिभागी संघ हैं।

कर्मचारियों की सभी तीन श्रेणियों अर्थात अधिकारियों, पर्यवेक्षकों और श्रमिकों का प्रतिनिधित्व उनके संबंधित संघों/ट्रेड यूनियनों द्वारा किया जाता है। हालाँकि, चूंकि कार्यपालक/पर्यवेक्षक संघों और श्रमिक संघों की सटीक सदस्यता का पता लगाने के लिए कोई चेक–ऑफ सुविधा नहीं है, इसलिए कर्मचारियों के तीन वर्गों के संबंध में एक निश्चित संख्या उपलब्ध नहीं है।

8. कर्मचारियों एवं कामगारों को दिए गए प्रशिक्षण का विवरण:

| श्रेणी | वित्तीय वर्ष 2022-23 | | | | | वित्तीय वर्ष 2021-22 | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल (A) | स्वास्थ्य एवं सुरक्षा उपाय पर | | कौशल उन्नयन संबंधी | | कुल (D) | स्वास्थ्य एवं सुरक्षा उपाय पर | | कौशल उन्नयन संबंधी | |
| | | सं. (B) | % (B/A) | सं. (C) | % (C/A) | | सं. (E) | % (E/D) | सं. (F) | % (F / D) |
| **कर्मचारी** | | | | | | | | | | |
| पुरुष | 27790 | 3869 | 13.9% | 12182 | 43.8% | 28925 | 2060 | 7.1% | 6884 | 23.8% |
| महिला | 1746 | 452 | 25.9% | 1029 | 58.9% | 1833 | 289 | 15.8% | 851 | 46.4% |
| **कुल** | **29536** | **4321** | **14.6%** | **13211** | **44.7%** | **30758** | **2349** | **7.6%** | **7735** | **25.1%** |
| **कामगार** | | | | | | | | | | |
| पुरुष | 14592 | 1462 | 10.0% | 4031 | 27.6% | 15305 | 1461 | 9.5% | 3192 | 20.9% |
| महिला | 394 | 128 | 32.5% | 168 | 42.6% | 415 | 40 | 9.6% | 133 | 32.0% |
| **कुल** | **14986** | **1590** | **10.6%** | **4199** | **28.0%** | **15720** | **1501** | **9.5%** | **3325** | **21.2%** |

9. कर्मचारियों और श्रमिकों के प्रदर्शन और कैरियर विकास समीक्षाओं का विवरण:

| श्रेणी | वित्तीय वर्ष 2022-23 | | | वित्तीय वर्ष 2021-22 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल (A) | संख्या | % (B / A) | कुल (C) | संख्या | % (D / C) |
| | | | **कर्मचारी** | | | |
| पुरुष | 27990 | 27990 | 100% | 28925 | 28925 | 100% |
| महिला | 1746 | 1746 | 100% | 1833 | 1833 | 100% |
| **कुल** | **29736** | **29736** | **100%** | **30758** | **30758** | **100%** |
| | | | **कामगार** | | | |
| पुरुष | 14592 | 14592 | 100% | 15305 | 15305 | 100% |
| महिला | 394 | 394 | 100% | 415 | 415 | 100% |
| **कुल** | **14986** | **14986** | **100%** | **15720** | **15720** | **100%** |

10. स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली:

**क. क्या कंपनी द्वारा व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली लागू की गई है? (हां /नहीं) यदि हां, तो इस प्रणाली का विवरण दें।**

हां, ओएचएसएमएस कंपनी भर में कार्यान्वित की जाती है और कंपनी का प्रत्येक कर्मचारी व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली के अंतर्गत आता है और यह प्रणाली सभी कार्यस्थलों पर लागू होती है।

**ख. कार्य संबंधी खतरों की पहचान करने और इकाई द्वारा नियमित और गैर–नियमित आधार पर जोखिमों का आकलन करने के लिए उपयोग की जाने वाली प्रक्रियाएं क्या हैं?**

कंपनी के पास कार्य संबंधी खतरों की पहचान करने और नियमित और गैर–नियमित आधार पर जोखिमों का आकलन करने के लिए मजबूत प्रणालियां/ प्रक्रियाएं हैं। इनमें से कुछ निम्नलिखित हैं:

HIRA (Hazard Identification and Risk Assessment) – हमारी सभी इकाइयां जोखिमों की पहचान करने के लिए HIRA का पालन कर रही हैं। संबंधित प्रपत्र उपलब्ध हैं और इस दस्तावेज की अपेक्षित किसी भी परिवर्तन के लिए वार्षिक समीक्षा की जाती है।

JSA (Job Safety Analysis) – JSA कार्य के प्रत्येक चरण में खतरों का पता लगाने और सुरक्षा सावधानियों को अपनाये जाने के लिए विशिष्ट उद्देश्य से नौकरियों का विश्लेषण करने की प्रक्रिया है। यह कार्य/प्रक्रिया के लिए योजना स्तर पर किया जाता है।

कार्यविधि विवरण (Method Statement) – यह एक विशिष्ट कार्य करने या किसी परियोजना को पूरा करने के सुरक्षित तरीके को रेखांकित करता है और यह सुनिश्चित करता है कि इसमें शामिल लोगों को आवश्यक सावधानियां या नियंत्रण उपाय सूचित किए जाएं। कार्यविधि विवरण यह सुनिश्चित करता है कि महत्वपूर्ण स्वास्थ्य और सुरक्षा जोखिमों की पहचान की गई है और सुरक्षा प्रणालियां स्थापित हैं।

ग. **क्या आपके पास कामगारों के लिए कार्य संबंधी खतरों की सूचना देने और ऐसे जोखिमों से स्वयं को बचाने की प्रक्रियाएं हैं। (हाँ/नहीं)** हां, कामगारों के लिए कार्य संबंधी खतरों की सूचना देने और ऐसे जोखिमों से खुद को हटाने की प्रक्रिया है। असुरक्षित कार्य और असुरक्षित स्थिति को आनलाइन/ऑफलाइन रिकॉर्ड करने की व्यवस्था है। कामगारों को ऐसे किसी भी कार्य संबंधी खतरों की पहचान करने और अपने संबंधित कार्य परिसरों में उपलब्ध पद्धति के माध्यम से उसे सूचित करने का प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके अलावा, इन सभी खतरों और जोखिमों को दूर करने के लिए प्रणालियां उपलब्ध हैं।

घ. **क्या कंपनी के कर्मचारियों/कामगारों को गैर–व्यावसायिक चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हैं? (हाँ/नहीं)**

हाँ, कर्मचारी और कामगार कंपनी द्वारा संचालित स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं के साथ–साथ बाहरी स्वास्थ्य

देखभाल सुविधाओं के माध्यम से दी जा रही गैर–व्यावसायिक चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले सकते हैं जिनकी प्रतिपूर्ति कंपनी नीति के अनुसार समुचित रूप से की जाती है।

**11. सुरक्षा संबंधी घटनाओं का विवरण निम्नलिखित प्रारूप में दिया गया है:**

| सुरक्षा घटना/संख्या | श्रेणी | वित्तीय वर्ष 2022-23 | वित्तीय वर्ष 2021-22 |
|---|---|---|---|
| लॉस्ट टाइम इन्जरी की आवृत्ति दर (एलटीआईएफआर) (प्रति दस लाख व्यक्ति कार्य घंटे पर) | कर्मचारी | 0 | 0 |
| | कामगार | 0 | 0 |
| कुल रिकॉर्ड करने योग्य कार्य–संबंधी चोटें | कर्मचारी | 0 | 0 |
| | कामगार | 47 | 46 |
| मृत्यु | कर्मचारी | 0 | 0 |
| | कामगार | 2 | 3 |
| कार्य से संबंधित अत्यधिक चोट अथवा खराब स्वास्थ्य (मृत्यु के अतिरिक्त) | कर्मचारी | 0 | 0 |
| | कामगार | 45 | 43 |

**12. सुरक्षित और स्वास्थ्य से परिपूर्ण कार्यस्थल सुनिश्चित करने के लिए कंपनी द्वारा किए गए उपायों का विवरण प्रस्तुत करें।**

बीएचईएल अपने सभी कर्मचारियों और बीएचईएल के साथ कार्य करने वाले व्यक्तियों के लिए सुरक्षित कार्य स्थल और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने में दृढ़ विश्वास रखता है। यह सक्रिय नेतृत्व के माध्यम से और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करके सुरक्षा और स्थिरता की संस्कृति विकसित करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

बीएचईएल ने अपने कर्मचारियों और उप–ठेकेदारों के कर्मचारियों के लिए नियमित आधार पर एचएसई प्रशिक्षण / विशेषज्ञ वार्ता / वेबिनार आयोजित किए। ''सुरक्षित कार्यस्थल'' के लिए जागरूकता फैलाने के लिए संरचित प्रशिक्षणों के अलावा, पूरे संगठन में एक विशेष अभियान ''बीएचईएल सुरक्षा पखवाड़ा–2023'' के रूप में सुरक्षा दिवस (4 मार्च – 17 मार्च, 2023) से शुरू होकर मनाया गया। अन्य एचएसई कार्यक्रम भी बड़े पैमाने पर आयोजित किए गए थे।

''पर्यावरण जागरूकता माह (5 जून – 30 जून, 2022), स्वच्छता पखवाड़ा (16–31 अगस्त 2022), आदि। इन अभियानों में उच्च–स्तरीय प्रबंधन भागीदारी को शामिल करने के लिए अन्य प्रतियोगिताओं के अलावा नवीन अंतर–इकाई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

बीएचईएल अपने सुरक्षा प्रदर्शन और पर्यावरण संवर्धन को बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए, डिजिटल एचएसई सिस्टम विकसित किए गए हैं। ये सिस्टम डेटा को ऑनलाइन प्राप्त करने और एचएसई डेटा के विश्लेषण की दक्षता बढ़ाने में मदद करेंगे।

**13. निम्नलिखित के बारे में कर्मचारियों और श्रमिकों द्वारा दर्ज की गई शिकायतों की संख्या:**

कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। सुरक्षा से संबंधित असुरक्षित स्थितियों को दर्ज करने के लिए बीएचईएल के संबंधित परिसरों में व्यवस्था है। इसका समाधान संबंधित विभागों द्वारा तत्काल किया जाता है और यह एक सतत प्रक्रिया है।

**14. वर्ष के लिए मूल्यांकन:**

| | आपके संयंत्रों और कार्यालयों का प्रतिशत जिनका मूल्यांकन किया गया (इकाई या सांविधिक प्राधिकरणों या तीसरे पक्षों द्वारा) |
|---|---|
| स्वास्थ्य एवं सुरक्षा पद्तियां | 100% |
| कार्य करने की दशाएं | 100% |

15. **सुरक्षा से संबंधित (यदि कोई हो) और स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रणालियों तथा कार्य परिस्थितियों के आकलन से उत्पन्न बड़े जोखिमों / समस्याओं को दूर करने के लिए की गई या चल रही किसी भी सुधारात्मक कार्रवाई का विवरण प्रदान करें।**

सुरक्षा संबंधी सभी घटनाओं के लिए मूल कारण विश्लेषण (आरसीए) किया जाता है और उपयुक्त सुधारात्मक कार्रवाई की जाती है। समय–समय पर सुरक्षा निरीक्षण और सुरक्षा जांच भी किए जा रहे हैं। लेखा परीक्षकों द्वारा दी गई सभी टिप्पणियों (आंतरिक और बाहरी) के संबंध में सुधारात्मक कार्रवाई की जा रही है।

### नेतृत्व संकेतक

1. **क्या कंपनी में (क) कर्मचारी (हाँ / नहीं), (ख) कामगार (हाँ / नहीं) की मृत्यु की स्थिति में किसी जीवन बीमा या किसी प्रतिपूरक पैकेज का प्रावधान है।**

हाँ, मृत्यु की स्थिति में बीएचईएल द्वारा कर्मचारियों के साथ–साथ कामगारों को भी जीवन बीमा या प्रतिपूरक पैकेज प्रदान किया जाता है।

2. **यह सुनिश्चित करने के लिए कि मूल्य शृंखला के भागीदारों द्वारा सांविधिक देय राशि काट ली गई है और जमा कर दी गई है, इकाई द्वारा किए गए उपायों का विवरण प्रस्तुत करें।**

बीएचईएल के सभी मूल्य शृंखला भागीदार पीएफ अधिनियम और ईएसआई अधिनियम के तहत आते हैं जो उन्हें कटौती और सांविधिक बकायों को जमा करने के लिए उत्तरदायी बनाते हैं। बीएचईएल और सेवा प्रदाता के बीच हुई सेवा संविदा में भी सेवा प्रदाता द्वारा पीएफ, ईएसआई आदि जैसे आवश्यक सांविधिक भुगतानों के लिए'भुगतान शर्तों के अंतर्गत भी एक खंड शामिल है। प्रदान की गई सेवाओं के लिए भुगतान करते समय बीएचईएल आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन करता है और यह सुनिश्चित करता है कि संविदाकार द्वारा कामगारों को देय पीएफ और ईएसआई आदि सांविधिक राशियों को जमा किया जाता है।

3. **गंभीर रूप से घायल हुए उन कर्मचारियों / कामगारों की संख्या जिनकी कार्य के दौरान मृत्यु हुई / जो घायल हुए / अस्वस्थ हुए (जैसा कि आवश्यक संकेतकों के प्रश्न 11 में बताया गया है) जिन्हें स्वयं अथवा उनके परिवार के सदस्यों को उपयुक्त रोजगार दिया गया है।**

शून्य। वित्त वर्ष 2022–23 और 2021–22 के दौरान बीएचईएल की इकाइयों या प्रतिष्ठान या कर्मचारी के निकटतम संबंधी द्वारा किसी भी प्रकार के अनुकंपा रोजगार की मांग करते हुए प्रस्तुत किए गए, उच्च जोखिम कार्य से संबंधित चोट / अस्वस्थता / मृत्यु से प्रभावित कर्मचारियों और श्रमिकों के संबंध में कोई पात्र मामले नहीं हैं।

| | कुल प्रभावित कर्मचारी / कामगार | | उन कर्मचारियों / श्रमिकों की संख्या जिनका पुनर्वास किया गया है और उपयुक्त रोजगार दिया गया है या जिनके परिवार के सदस्यों को उपयुक्त रोजगार दिया गया है | |
|---|---|---|---|---|
| | वित्त वर्ष 2022-23 | वित्त वर्ष 2021-22 | वित्त वर्ष 2022-23 | वित्त वर्ष 2021-22 |
| कर्मचारी | 0 | 0 | 0 | 0 |
| कामगार | 0 | 0 | 0 | 0 |

4. **क्या कम्पनी निरंतर रोजगार की सुविधा और सेवानिवृत्ति या रोजगार की समाप्ति के परिणामस्वरूप करियर समाप्ति के प्रबंधन के लिए संक्रमण सहायता कार्यक्रम उपलब्ध कराती है? (हां / नहीं)**

हां, बीएचईएल निरंतर रोजगार बनाए रखने और सेवानिवृत्ति या सेवा समाप्ति के परिणामस्वरूप करियर समाप्ति के प्रबंधन की सुविधा के लिए संक्रमण सहायता प्रदान करता है।

5. **मूल्य शृंखला के भागीदारों के मूल्यांकन का विवरण**

बीएचईएल के सभी मूल्य शृंखला भागीदार संगत श्रम कानूनों और कार्यों के अंतर्गत आते हैं जिसके कारण केंद्रीय और राज्य दोनों श्रम विभाग मूल्य शृंखला भागीदारों के स्वास्थ्य और सुरक्षा पद्धतियों और कार्य स्थितियों से संबंधित आवधिक निरीक्षण करते हैं। इसमें पाई गई कमियों का समाधान भागीदारों द्वारा किया जाता है।

6. **स्वास्थ्य और सुरक्षा पद्धतियो के आकलनों और मूल्य शृंखला भागीदारों की कार्य स्थितियों से उत्पन्न महत्वपूर्ण जोखिमों / समस्याओं का समाधान करने के लिए की गई अथवा की जा रही किसी सुधारात्मक कार्रवाई का ब्यौरा प्रदान करें।**

कृपया ऊपर दिए गए बिंदु संख्या 05 का अवलोकन करें।

## सिद्धांत 4: हितधारकों की भागीदारी

बीएचईएल के हितधारकों के अंतर्गत "ग्राहक", "कर्मचारी", "शेयरधारक", "विक्रेता" एवं समाज सम्मिलित हैं। हितधारकों की अपेक्षाओं और चिंताओं को शामिल किया जाना सुनिश्चित करने के लिए प्रक्रियाएं बनाई गई हैं। हितधारकों की भागीदारी के माध्यम से प्रमुख मुद्दों की पहचान की जाती है और स्पष्ट एवं मापनीय लक्ष्यों वाले कार्यक्रमों या कार्य योजनाओं द्वारा इनका समाधान किया जाता है। क्षमता वृद्धि हेतु बीएचईएल इकाइयां नियमित रूप से वेंडर मीट विशेषतः एमएसई (स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं को शामिल करते हुए) का आयोजन करती हैं जो खुले संवाद के साथ–साथ सहयोग और परस्पर लाभप्रदता प्रदान करती है। ग्राहक बैठकें, सर्वेक्षण, निवेशक समुदाय बैठकों, सम्मेलनों, प्रकाशनों आदि के माध्यम से कई माध्यमों से जुड़े हुए हैं। निवेशक समुदाय बैठकों, सम्मेलनों, प्रकाशनों आदि के माध्यम से जुड़ा हुआ है और उनके निवेश निर्णयों के बारे में संगत सूचना प्रदान की जाती है।

बीएचईएल ने अपनी विनिर्माण इकाइयों /क्षेत्रों/ प्रभागों /कार्यालयों/ कार्यालयों के आसपास के क्षेत्रों में वंचित, निर्धन और जरूरतमंद हितधारकों की पहचान की है और उनकी कठिनाइयों का निराकरण बीएचईएल की सीएसआर नीति जो कि कंपनी अधिनियम–2013 के अनुच्छेद–135 एवं भाग– VII और उसके तहत बनाए गए नियमों के साथ–साथ सीएसआर और सीपीएसई के लिए स्थिरता पर डीपीई दिशानिर्देशों के अनुपालन में है।

https://www.bhel.com/sites/default/files/BHEL_CSR_Policy_2022.pdf

### नेतृत्व संकेतक

1. **इकाई के प्रमुख हितधारक समूहों की पहचान करने के लिए अपनाई जा रही प्रक्रियाओं का विवरण प्रस्तुत करें।**

जो हितधारक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से बीएचईएल की राजस्व अर्जन क्षमता और लाभ साझा करने की क्षमता को प्रभावित करते हैं, वे प्रमुख हितधारकों के रूप में चिह्नित किए जाते है। उदाहरण के तौर पर, आपूर्तिकर्ता या मूल्य शृंखला भागीदार प्रापण (प्रोक्योरमेंट) के सापेक्ष हितधारक हैं। उनका चयन पंजीकरण प्रक्रिया और खुली निविदाओं में पूर्व–योग्यता शर्तों के माध्यम से किया जाता है।

2. आपके निकाय के प्रमुख हितधारक समूहों की सूची और प्रत्येक समूह के साथ संबद्धता की आवृत्ति :

| हितधारक समूह | क्या कमजोर और सीमांत समूह के रूप में पहचान की गई है (हाँ/नहीं) | संचार के चैनल (ईमेल, एसएमएस, समाचार पत्र, पैम्फलेट, विज्ञापन, समुदाय, बैठकें, नोटिस निदेशक मंडल, वेबसाइट), अन्य | सहभागिता/संबद्धता की आवृत्ति (वार्षिक/अर्धवार्षिक/त्रैमासिक/अन्य–कृपया निर्दिष्ट करें) | ऐसे जुड़ाव के दौरान उठाए गए प्रमुख विषयों और चिंताओं सहित जुड़ाव का उद्देश्य और दायरा |
|---|---|---|---|---|
| शेयरधारक | जी नहीं | ई–मेल, समाचार पत्र विज्ञापन, स्टॉक एक्सचेंज एवं बीएचईएल की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रकटीकरण | जुड़ाव की आवृत्ति तिमाही, अर्धवार्षिक तथा वार्षिक होती है साथ ही किसी घटना के घटित होने के समय भी होती है। | कंपनी को प्रभावित करने वाली सभी सामग्री तथा सेबी के अंतर्गत आवश्यक प्रकटीकरण [सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं] विनियम, 2015 |
| आपूर्तिकर्ता | जी नहीं | ई–मेल, विज्ञापन, वेंडर मीट, वेबसाइट आदि | नियमित | आपूर्तिकर्ता को जागरूक करना:<br>• लोक क्रय नीति (भारत में बनाने पर प्राथमिकता)<br>• MSMED अधिनियम<br>• आयात प्रतिस्थापन<br>• GeM पोर्टल पर निकाली गई संविदाओं में प्रतिभागिता<br>• बीएचईएल के शिकायत निवारण पोर्टल, सुविधा (SUVIDHA) पर शिकायत दर्ज करना एवं उसकी स्थिति की जानकारी<br>• बीएचईएल के गुणवत्ता उद्देश्य |
| कर्मचारी | जी नहीं | ईमेल, मासिक न्यूज लैटर, सूचना पट्ट, इंट्रानेट वेबसाइट, शॉप फ्लोर, शॉप काउंसिल, प्लांट काउंसिल एवं ज्वाइंट काउंसिल बैठकें | मासिक | कंपनी की मासिक प्रगति और व्यापार स्थिति, लक्ष्य, उपलब्धियां और विभाग/अनुभाग स्तरीय चिंताओं आदि साझा करना। |
| ग्राहक | जी नहीं | ई–मेल, विज्ञापन, फोन द्वारा बैठकें, वेबसाइट आदि | नियमित | ग्राहक की आवश्यकताओं का आकलन, मौजूदा पूंजी की तुलना में उनकी आवश्यकता, शिकायत समाधान, व्यवसाय पूछताछ आदि |
| समुदाय | जी हां | बैठकें, स्थानीय एनजीओ | मामला–दर–मामला आधार | उनकी समस्याओं का आकलन करना जो उनकी कमजोरी का कारण हैं एवं जिसके कारण वे बेहतर जीवन स्तर प्राप्त करने में पीछे रहते हैं। |

## नेतृत्व संकेतक

**1. आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक विषयों पर हितधारकों और निदेशक मंडल के बीच परामर्श की प्रक्रिया प्रदान करना या यदि परामर्श प्रत्यायोजित किया जाए तो निदेशक मंडल को दिए गए ऐसे परामर्शों से फीडबैक किस प्रकार प्राप्त होता है।**

बीएचईएल के शेयरधारकों के लिए निदेशक मंडल तक पहुंच का सबसे महत्वपूर्ण फोरम कंपनी की वार्षिक आम बैठक है। इन बैठकों के दौरान, शेयरधारक कंपनी के कार्यनिष्पादन, रणनीतियों और दृष्टिकोण के संबंध में विभिन्न प्रश्न उठाते हैं, अपनी शिकायतें साझा करते हैं और न केवल व्यावसायिक बल्कि आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक विषयों/ क्षेत्रों में भी कम्पनी के निष्पादन में सुधार के लिए मूल्यवान फीडबैक प्रदान करते हैं।

बीएचईएल की मूल्य शृंखला भागीदार के पास स्वतंत्र बाहरी मॉनिटर (आईईएम) तक पहुंच है, जिन्हें सीवीसी द्वारा परामर्श के लिए नामित किया जाता है। वे विक्रेता बैठक आदि के दौरान कंपनी के सतर्कता संबंधी अपने मुद्दों को भी साझा कर सकते हैं। ऐसे चैनलों के माध्यम से प्राप्त आपूर्तिकर्ता की प्रतिक्रिया बीएचईएल के शीर्ष प्रबंधन के साथ बातचीत के दौरान साझा की जाती है।

**2. क्या हितधारक परामर्श का उपयोग पर्यावरणीय और सामाजिक विषयों की पहचान और प्रबंधन का समर्थन करने के लिए किया जाता है। (हां/नहीं) यदि हां, तो ऐसे उदाहरणों का विवरण दें जिनमें इन विषयों पर हितधारकों से प्राप्त इनपुट को कंपनी की नीतियों और गतिविधियों में कैसे शामिल किया गया था।**

जी हाँ, हितधारकों ने बीएचईएल के विभिन्न पर्यावरणीय और सामाजिक प्रयासों अर्थात स्वदेशीकरण को अपना समर्थन प्रदान किया है।

"आत्मनिर्भर भारत" के तहत विभिन्न मदों में, बीएचईएल के कारखानों और परियोजना स्थलों में सौर ऊर्जा और जल संचयन क्षमता का उपयोग, महिला कर्मचारियों का सशक्तिकरण आदि। बातचीत के दौरान प्राप्त आपूर्तिकर्ता प्रतिक्रिया का ध्यान रखा जाता है, जैसे कि ईएमडी की छूट, खरीद प्राथमिकता आदि के माध्यम से एमएसई के लाभों का ध्यान रखा जाता है। .

**3. कमजोर/हाशिए पर हितधारकों की चिंताओं का समाधान करने के लिए की गई कार्रवाई और उनके साथ जुड़ाव के मामलों का विवरण प्रदान करें।**

समुदाय के वंचित वर्ग के लिए बीएचईएल स्थानीय एनजीओ द्वारा बेसलाइन सर्वेक्षण के बाद सीएसआर परियोजनाओं पर व्यय किया जाता है। ये स्थानीय गैर सरकारी संगठन अपने बेसलाइन सर्वेक्षणों के दौरान समुदायों के साथ जुड़ते हैं और उनकी जरूरतों और समस्याओं को समझते हैं।

## सिद्धांत 5: मानवाधिकार

भारत का संविधान और विभिन्न लागू कानूनों के परिप्रेक्ष्य में बीएचईएल की नीतियाँ मानवाधिकारों के सिद्धांतों के अनुरूप हैं। कार्यस्थल पर महिला कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बीएचईएल के विशेष प्रावधान है। मानवाधिकारों के दुरुपयोग के संदर्भ में, कंपनी में इस तरह की कोई घटना सामने नहीं आई है। बीएचईएल ग्लोबल कॉम्पैक्ट नेटवर्क, भारत (जीसीएनआइ) का संस्थापक सदस्य है और यह भारत में की गई पहलों का एक हिस्सा है।

कंपनी कम्युनिकेशन ऑन प्रोग्रेस (सीओपी) के माध्यम से 2001 से वार्षिक आधार पर यूएनजीसी के दस सिद्धांतों पर अपने प्रदर्शन की रिपोर्ट करती है जिसमें यूएनजीसी के सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए बीएचईएल की प्रतिबद्धता शामिल है।

इस सीओपी को वेबसाइट के माध्यम से एक्सेस किया जा सकता है–

https://www.bhel.com/commitment-ungc-programme

### नेतृत्व संकेतक

1. कर्मचारी और कामगार जिन्हें इकाई के मानवाधिकार मुद्दों और नीति के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया है:

| श्रेणी | वित्त वर्ष 2022-23 | | | वित्त वर्ष 2021-22 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल (A) | कवर किए गए कर्मचारियों/कामगारों की संख्या (B) | % (B / A) | कुल (C) | कवर किए गए कर्मचारियों/कामगारों की संख्या(D) | % (D / C) |
| **कर्मचारी** | | | | | | |
| स्थायी | 29536 | 3332 | 11.3% | 30758 | 686 | 2.2% |
| स्थायी से भिन्न | 15638 | 534 | 3.41% | 15620 | 0 | 0% |
| कुल कर्मचारी | 45174 | 3866 | 8.56% | 46378 | 686 | 1.5% |
| **कामगार** | | | | | | |
| स्थायी | 14986 | 1083 | 7.2% | 15720 | 205 | 1.3% |
| स्थायी से भिन्न | 15638 | 534 | 3.41% | 15620 | 0 | 0% |
| **कुल कर्मचारी** | 30624 | 1617 | 5.3% | 31340 | 205 | 0.65% |

नोट कंपनी नीति से संबंधित कार्यक्रम के लिए, यहाँ पर केवल मा.सं. नीति से संबंधित कार्यक्रम को शामिल किया गया है।

2. कर्मचारियों और कामगारों को भुगतान की गई न्यूनतम मजदूरी का विवरण निम्नलिखित प्रारूप में है:

| श्रेणी कुल (A) | वित्त वर्ष 2022-23 | | | | | वित्त वर्ष 2021-22 | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | न्यूनतम मजदूरी के बराबर | | न्यूनतम मजदूरी से अधिक | | कुल | न्यूनतम मजदूरी के बराबर | | न्यूनतम मजदूरी से अधिक | | |
| | सं. (B) | % (B /A) | सं. (C) | % (C / A) | सं. (D) | सं. (E) | % (E / D) | सं. (F) | % (F / D) | |
| | कर्मचारी | | | | | | | | | |
| **स्थायी** | 29536 | 0 | 0 | 29536 | 100% | 30758 | 0 | 0 | 30758 | 100% |
| पुरूष | 27790 | 0 | 0 | 27790 | 100% | 28925 | 0 | 0 | 28925 | 100% |
| महिला | 1746 | 0 | 0 | 1746 | 100% | 1833 | 0 | 0 | 1833 | 100% |
| **स्थायी से भिन्न** | 15705 | 6225 | 39.64% | 9480 | 60.36% | 15324 | 6916 | 45.13% | 8408 | 54.87% |
| पुरूष | 14495 | 5778 | 39.86% | 8717 | 60.14% | 13791 | 6264 | 45.42% | 7527 | 54.58% |
| महिला | 1210 | 447 | 36.94% | 763 | 63.06% | 1533 | 652 | 42.53% | 881 | 57.47% |
| | कामगार | | | | | | | | | |
| **स्थायी** | 14986 | 0 | 0 | 14986 | 100% | 15720 | 0 | 0 | 15720 | 100% |
| पुरूष | 14592 | 0 | 0 | 14592 | 100% | 15305 | 0 | 0 | 15305 | 100% |
| महिला | 394 | 0 | 0 | 394 | 100% | 415 | 0 | 0 | 415 | 100% |
| **स्थायी से भिन्न** | 15639 | 6225 | 39.80% | 9414 | 60.20% | 15260 | 6916 | 45.32% | 1644 | 10.77% |
| पुरूष | 14430 | 5778 | 40.04% | 8652 | 59.96% | 13728 | 6264 | 45.63% | 7464 | 54.37% |
| महिला | 1209 | 447 | 36.97% | 762 | 63.03% | 1532 | 652 | 42.56% | 880 | 57.44% |

3. पारिश्रमिक /वेतन / मजदूरी के विवरण के प्रारूप:

बीएचईएल के कर्मचारियों और कामगारों का वेतन/मजदूरी ढांचा डीपीई के दिशानिर्देशों के अनुसार निर्धारित किया गया है:

| | पुरूष | | महिला | |
|---|---|---|---|---|
| | संख्या | संबंधित श्रेणी की औसत पारिश्रमिक /वेतन/मजदूरी | संख्या | संबंधित श्रेणी की औसत पारिश्रमिक /वेतन/मजदूरी |
| निदेशक मंडल (BoD)*^ | 4 | ₹ 55,00,000 | 1 | ₹ 55,00,000 |
| मुख्य प्रबंधक कार्मिक | 1 | ₹ 47,00,000 | 0 | 0 |
| निदेशक मंडल और मुख्य प्रबंधक कार्मिक के अलावा कर्मचारी | 27785 | ₹ 14,00,000 | 1745 | ₹ 21,00,000 |
| कामगार | 14592 | ₹ 11,00,000 | 394 | ₹ 12,00,000 |

* स्वतंत्र निदेशकों पर विचार नहीं किया जाता है। वित्त वर्ष 2022–23 में स्वतंत्र निदेशकों को भुगतान की गई कुल बैठक फीस ₹ 26,00,000 थी। वित्त वर्ष 2022–23 में स्वतंत्र निदेशक को भुगतान की जाने वाली औसत बैठक फीस ₹ 5,30,000 थी।

भुगतान पीपी/एसआईपी/पीआरपी और प्रतिपूर्ति को छोड़कर हैं। डेटा 31 मार्च 2023 तक के कर्मचारियों से संबंधित है।

4. **क्या आपके पास व्यवसाय द्वारा/ के कारण उत्पन्न मानवाधिकार प्रभावों या मुद्दों के समाधान के लिए जिम्मेदार कोई (व्यक्ति/समिति) है? (हां नहीं)**

   हाँ। मानवाधिकार संबंधी मुद्दों के समाधान के लिए प्रत्येक बीएचईएल परिसर में शिकायत निवारण अधिकारी मौजूद हैं।

5. **मानवाधिकार मुद्दों से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए मौजूद आंतरिक तंत्र का वर्णन करें।**

   मानवाधिकार संबंधी मुद्दों से संबंधित औपचारिक रूप से निर्धारित शिकायत निवारण तंत्र है। यह तंत्र त्रि–स्तरीय समाधान प्रदान करता है। पहले स्तर पर नियंत्रण अधिकारी, दूसरे स्तर पर विभाग प्रमुख, तीसरे स्तर पर शिकायत निवारण समिति ।

6. **कर्मचारियों और कामगारों द्वारा दर्ज की गई शिकायतों का विवरण**

| | वित्त वर्ष 2022-23 | | वित्त वर्ष 2021-22 | |
|---|---|---|---|---|
| | वर्ष के दौरान दर्ज | वर्ष के अंत में लंबित | वर्ष के दौरान दर्ज | वर्ष के अंत में लंबित |
| यौन उत्पीड़न | 0 | 0 | 3 | 3 |
| कार्यस्थल पर भेदभाव | 0 | 0 | 0 | 0 |
| बाल श्रम | 0 | 0 | 0 | 0 |
| जबरन श्रम / अनैच्छिक | 0 | 0 | 0 | 0 |
| श्रम | 0 | 0 | 0 | 0 |
| मजदूरी | | | | |
| अन्य मानव अधिकार संबंधी | 0 | 0 | 0 | 0 |

7. **भेदभाव और उत्पीड़न के मामलों में शिकायतकर्ता पर प्रतिकूल परिणामों को रोकने के लिए प्रणाली।**

एक निवारक कदम के रूप में, शिकायतकर्ता की पहचान केवल आंतरिक शिकायत समिति को ही पता होती है और उसे सुरक्षित रखा जाता है। पूछताछ में सभी बैठकें (शिकायतकर्ता और प्रतिवादी) कभी भी आमने–सामने नहीं की जातीं।

8. **क्या मानवाधिकार संबंधी अपेक्षाएं आपके व्यावसायिक समझौतों और अनुबंधों का हिस्सा हैं? (हां /नहीं)**

हां, मानवाधिकार संबंधी अपेक्षाएं व्यावसायिक समझौते या अनुबंध का एक हिस्सा है। बीएचईएल और सेवा प्रदाता के बीच सेवा अनुबंध में बाल श्रम, न्यूनतम मजदूरी आदि जैसी मानवाधिकार संबंधी अपेक्षाओं को पूरा करने करने के लिए प्रावधान है।

9. **वर्ष के लिए मूल्यांकन:**

बीएचईएल के सभी परिसरों का नियमित रूप से संबंधित कानून/कार्य/संविधि से संबंधित अनुपालन हेतु केन्द्रीय तथा राज्य श्रम विभाग, पीएफ तथा ईएसआई विभागों तथा अन्य सरकारी संस्थाओं अथवा विभागों द्वारा निरीक्षण किया जाता है तथा कमियों को चिह्नित किया जाता है।

10. **उपरोक्त प्रश्न 9 में मूल्यांकन से उत्पन्न होने वाले बड़े जोखिमों / समस्याओं को दूर करने के लिए की गई या चल रही किसी सुधारात्मक कार्रवाई का विवरण प्रदान करें।**

किसी महत्वपूर्ण जोखिम/समस्या की पहचान नहीं की गई।

## नेतृत्व संकेतक

1. **मानवाधिकार शिकायतों/परिवादों के समाधान के परिणामस्वरूप संशोधित/प्रवर्तित और लागू की जा रही व्यावसायिक प्रक्रिया का विवरण।**

मानवाधिकारों को कायम रखना कंपनी की मूल्य प्रणाली का केंद्र है और यह निष्पक्ष और नैतिक व्यवसाय और रोजगार पद्धतियों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए मानवाधिकारों का समर्थन, सुरक्षा और प्रचार करने का प्रयास करता है। कंपनी जाति, रंग, धर्म, लिंग, दिव्यांगजन आदि के बावजूद सभी के लिए एक सुरक्षित समावेशी वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी की नीतियों, प्रक्रियाओं और पद्धतियों में भी यही सुनिश्चित किया गया है।

2. **किसी भी मानवाधिकार के संबंध तत्काल कार्रवाई के दायरे और कवरेज का विवरण।**

सभी वैधानिक कानूनों/नियामक आवश्यकताओं और उनके तहत बनाए गए नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निवारक/वैधानिक ऑडिट के दौरान समय–समय पर प्लांट और कार्यालयों का मूल्यांकन किया जाता है। कंपनी इस विषय पर अपने शिक्षुओं सहित कर्मचारियों और प्रशिक्षुओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम/ जागरूकता सत्र भी आयोजित करती है।

3. **क्या विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 की अपेक्षाओं के अनुसार इकाई का परिसर/कार्यालय विकलांग आगंतुकों के लिए सुलभ है?**

हाँ। सिद्धांत 3, नेतृत्व संकेतक संख्या 3 देखें।

4. **मूल्य श्रृंखला भागीदारों के मूल्यांकन का विवरण:**

बीएचईएल के मूल्य श्रृंखला भागीदारों का मूल्यांकन मानवाधिकार मानदंडों के आधार पर किया जाता है क्योंकि वे श्रम संबंधी कानूनों/अधिनियमों/क़ानूनों के अंतर्गत आते हैं और इनका मूल्यांकन या निरीक्षण संबंधी सरकारी विभाग/संस्थान द्वारा किया जाता है।

5. **उपर्युक्त प्रश्न 4 के आकलनों से उत्पन्न महत्वपूर्ण जोखिमों/चिंताओं का समाधान करने के लिए की गई अथवा की जा रही सुधारात्मक कार्रवाई का ब्यौरा प्रदान करें।**

लागू नहीं।

## सिद्धांत 6: पर्यावरण

बीएचईएल की आईएसओ 14001 से मान्यता प्राप्त एक सुस्थापित पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली (ईएमएस) है। कॉर्पोरेट एचएसई नीति के आधार पर, सभी विनिर्माण इकाइयों और क्षेत्रों ने आईएसओ 14001 'पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली' मानक की आवश्यकता के अनुरूप अपने एचएसई सिस्टम प्राप्त किए हैं। ईएमएस एक व्यवस्थित तरीके से पर्यावरण से संबंधित जोखिमों की सक्रिय रूप से पहचान करने और उन्हें कम करने के लिए एक उत्कृष्ट ढांचा प्रदान करता है। बीएचईएल की सभी इकाइयों और पावर सेक्टर के क्षेत्रीय प्रभागों के एचएसई प्रकोष्ठ शीर्ष स्तर पर कॉर्पोरेट एचएसई के मार्गदर्शन में एचएसई नीति के कार्यान्वयन का कार्य कर रहे हैं। ईएमएस का अनुपालन और आईएसओ 14001 की अपेक्षाओं की पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रमाणन निकाय द्वारा आवधिक ऑडिट किए जाते हैं। कंपनी की एचएसई नीति इंटरनेट पर उपलब्ध है और इसे निम्नलिखित वेब लिंक के माध्यम से एक्सेस किया जा सकता है

https://www.bhel.com/sites/default/files/HSEPOLICY.pdf

बीएचईएल ने 2070 तक भारत की नेट ज़ीरो प्रतिबद्धता में योगदान के रूप में "बीएचईएल को एक हरित कंपनी बनाने" के लिए एक बड़ी पहल की है।

निदेशक मंडल रिपोर्ट का अनुलग्नक–VII, 7.1 ऊर्जा संरक्षण देखें।

निदेशक मंडल रिपोर्ट का अनुलग्नक–IV, 4.2 बीएचईएल को हरित कंपनी बनाना देखें।

नेतृत्व संकेतक

**1. निम्नलिखित प्रारूप में कुल ऊर्जा खपत (जूल या गुणकों में) और ऊर्जा तीव्रता का विवरण:**

| मापदंड | वि.व. 2022-23 | वि.व. 2021-22 |
|---|---|---|
| कुल विद्युत खपत (क) (गीगा जूल में) | 893815 | 759595 |
| कुल ईंधन खपत (ख) (गीगा जूल में ) | 1758770 | 1929497 |
| अन्य स्रोतों के माध्यम से ऊर्जा की खपत (ग) (गीगा जूल में) | 107216 | 97812 |
| **कुल ऊर्जा खपत** (क+ख+ग) **गीगा जूल में)** | **2759801** | **2786904** |
| प्रति रुपया टर्नओवर ऊर्जा तीव्रता (कुल ऊर्जा खपत किलो जूल/ टर्नओवर रूपये में) | 12.47 | 13.855 |
| ऊर्जा तीव्रता (वैकल्पिक) – कम्पनी द्वारा संगत मेट्रिक का चयन किया जाए। | - | - |

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान विद्युत की खपत में वृद्धि वित्त वर्ष 2021–22 की तुलना में उत्पादन गतिविधि में वृद्धि के कारण है।

नोट: क्या किसी बाहरी एजेंसी द्वारा कोई स्वतंत्र मूल्यांकन/मूल्यनिर्धारण किया गया है/ आश्वासन लिया गया है? (हां/नहीं) यदि हां, तो बाहरी एजेंसी का नाम–

किसी बाहरी एजेंसी द्वारा कोई मूल्यांकन/ मूल्यनिर्धारण नहीं किया गया /आश्वासन नहीं दिया गया।

**2. क्या कंपनी के पास भारत सरकार की निष्पादन, उपलब्धि और व्यापार (पीएटी) योजना के तहत नामित उपभोक्ताओं (डीसी) के रूप में पहचानी गई कोई साइट/सुविधाएं हैं? (हां/नहीं) यदि हां, तो क्या पीएटी योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य हासिल कर लिए गए हैं। यदि लक्ष्य प्राप्त नहीं किए गए हैं, तो की गई सुधारात्मक कार्रवाई, यदि कोई हो।**

निष्पादन, उपलब्धि और व्यापार (पीएटी) योजना के तहत बीएचईएल की किसी भी सुविधा की पहचान नामित उपभोक्ता (डीसी) के रूप में नहीं की गई है।

निदेशक मंडल की रिपोर्ट, अनुलग्नक–VII, 7.1 ऊर्जा संरक्षण देखें।

**3. पानी के संबंध में निम्नलिखित जानकारी नीचे दिए गए प्रारूप में प्रदान करें:**

| मापदंड | वि.व. 2022-23 | वि.व. 2021-22 |
|---|---|---|
| **स्रोत द्वारा पानी की निकासी (किलोलीटर में)** | | |
| (i) सतही जल | 0 | 0 |
| (ii) भूमिगत जल | 5407690 | 6107432 |
| (iii) थर्ड पार्टी वाटर | 12961712 | 13795524 |
| (iv) समुद्री जल/ अलवणीकृत जल | 0 | 0 |
| (v) अन्य | 0 | 0 |
| **कुल पानी निकासी मात्रा (किलोलीटर में)** (i + ii + iii + iv + v) | 18369402 | 19902956 |
| **पानी की कुल खपत की मात्रा (किलोलीटर में)** | 18369402 | 19902956 |
| **प्रति रूपया टर्नओवर पानी की तीव्रता (पानी की खपत / टर्नओवर लि. प्रति रू.में)** | 0.083 | 0.098 |
| पानी की तीव्रता (वैकल्पिक)– कंपनी द्वारा संबंधित मेट्रिक का चयन किया जा सकता है। | -- | -- |

किसी बाहरी एजेंसी द्वारा कोई आकलन/मूल्यांकन नहीं किया गया है / आश्वासन नहीं दिया गया है। वित्त वर्ष 2021–22 का डेटा दोबारा तैयार किया गया है।

**4. क्या इकाई ने शून्य तरल निर्वहन के लिए कोई तंत्र लागू किया है? यदि हाँ, तो इसके कवरेज और कार्यान्वयन का विवरण प्रदान करें।**

हाँ। एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में, बीएचईएल ने 16 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और 22 एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारे परिसर से निकलने वाला पानी वैधानिक आवश्यकता के अनुसार एफ्लुएंट मानकों के अनुरूप हो और इसकी मात्रा यथासंभव कम हो। इस संबंध में, हमारी 10 विनिर्माण इकाइयों को शून्य तरल स्राव इकाई घोषित किया गया है और शेष में इसे प्राप्त करने की प्रक्रिया में उपचारित अपशिष्ट/सीवेज का उपयोग विनिर्माण संयंत्र और टाउनशिप के अंदर बागवानी के लिए किया जाता है।

**5. कंपनी द्वारा वायु उत्सर्जन (ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन के अलावा) का विवरण निम्नलिखित प्रारूप में दें:**

| मापदंड | इकाई | वि.व. 2022-23 | वि.व. 2021-22 |
|---|---|---|---|
| NOx | मीट्रिक टन | 136.59 | 144.50 |
| SOx | मीट्रिक टन | 164.28 | 160.84 |
| पार्टिकुलेट मैटर्स (पीएम) | मीट्रिक टन | 344.00 | 338.91 |
| लगातार जैविक प्रदूषक (POC) | मीट्रिक टन | 0 | 0 |
| वाष्पशील कार्बनिक यौगिक (VOC) | मीट्रिक टन | 5.17 | 5.6 |
| खतरनाक वायु प्रदूषक (HAP) | मीट्रिक टन | 9.40 | 8.45 |
| अन्य–कार्बन मोना आक्सॉइड | मीट्रिक टन | 0.024 | 0.023 |

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान SOx, PM और HAP के उत्सर्जन में वृद्धि उत्पादन गतिविधि में वित्त वर्ष 2021–22 की तुलना में वृद्धि के कारण है।

वायु उत्सर्जन का मूल्यांकन बाहरी एजेंसियों जैसे–उन्नत पर्यावरण परीक्षण एवं अनुसंधान प्रयोगशाला, ग्वालियर; तमिलनाडु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, वेल्लोर; पीसीआरआई हरिद्वार; ह्यूबर्ट एनवायरो केयर सिस्टम (पी) लिमिटेड, चेन्नई; मेसर्स एवरग्रीन सॉल्यूशंस सिस्टम प्रा. लिमिटेड, बेंगलुरु आदि से कराया जाता है। वित्त वर्ष 2021– 22 के लिए डेटा को फिर से तैयार किया गया है।

**6. ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन (स्कोप 1 और स्कोप 2 उत्सर्जन) और इसकी तीव्रता का विवरण निम्नलिखित प्रारूप में प्रदान करें:**

| मापदंड | इकाई | वि.व. 2022-23 | वि.व. 2021-22 |
|---|---|---|---|
| **कुल दायरा 1 उत्सर्जन** (GHG का विघटन–CO2, CH4 N2O HFCs, में PFCs, SF6, NF3, यदि उपलब्ध है ) | मीट्रिक टन $CO_2$ के बराबर | 115744 | 126295 |
| **कुल दायरा 2 उत्सर्जन** (GHG का विघटन–$CO_2$, $CH_4$, $N_2O$, HFCs, PFCs, $SF_6$, $NF_3$, यदि में उपलब्ध हो।) | मीट्रिक टन $CO_2$ के बराबर | 233385 | 198339 |
| **कुल स्कोप 1 और स्कोप 2 उत्सर्जन प्रति रुपया टर्न–ओवर** | प्रति रुपया $CO_2$ ग्राम के बराबर | 1.58 | 1.61 |
| **कुल स्कोप 1 और स्कोप 2 उत्सर्जन तीव्रता (वैकल्पिक)** – इकाई द्वारा संगत मेट्रिक का चयन किया जा सकता है | - | - | - |

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान स्कोप 2 उत्सर्जन में वृद्धि वित्त वर्ष 2021–22 की तुलना में उत्पादन गतिविधि में वृद्धि के कारण है।

किसी बाहरी एजेंसी द्वारा कोई आकलन/मूल्यांकन नहीं किया गया / आश्वासन नहीं दिया गया। वित्त वर्ष 2021–22 का डेटा दोबारा तैयार किया गया है।

**7. क्या कंपनी के पास ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन को कम करने से संबंधित कोई परियोजना है? यदि हाँ, तो विवरण प्रदान करें।**

हाँ। बीएचईएल ने छत सहित लगभग 34.895 मेगावाटपी क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए हैं, जिससे संगठन को अपनी विद्युत की खपत कम करने में मदद मिली है। इस बड़े पैमाने पर सौरीकरण से हमें कार्बन उत्सर्जन को कम करके वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान 26,964 $MTCO_2$ तक कम करने में मदद मिली है।

ऊर्जा की खपत को कम करने और इस तरह विद्युत की खपत से जुड़े कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए हमारी इकाइयों में हर साल ऊर्जा संरक्षण परियोजनाएं शुरू की जाती हैं।

– निदेशक मंडल रिपोर्ट का अनुलग्नक–IV, 4.1.2 ऊर्जा प्रबंधन देखें

– निदेशक मंडल रिपोर्ट का अनुलग्नक–IV, 4.1.4 कार्बन प्रबंधन देखें

– निदेशक मंडल रिपोर्ट का अनुलग्नक–VII, 7.1 ऊर्जा संरक्षण देखें

**8. कंपनी द्वारा अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित विवरण निम्नलिखित प्रारूप में प्रदान करें:**

| मापदंड | वि.व. 2022-23 | वि.व. 2021-22 |
|---|---|---|
| उत्पन्न कुल अपशिष्ट (मीट्रिक टन में) | | |
| प्लास्टिक अपशिष्ट (A) | 68.98 | 47.36 |
| ई–वेस्ट (B) | 42.17 | 77.90 |
| जैव– चिकित्सा अपशिष्ट (C) | 6.51 | 9.13 |
| निर्माण एवं धवस्त करने से उत्पन्न अपशिष्ट (D) | 0 | 0 |
| बैटरी अपशिष्ट (E) | 88.10 | 77.25 |
| रेडियोएक्टिव अपशिष्ट (F) | 0 | 0 |
| अन्य हानिकारक अपशिष्ट, यदि कोई हो कृपया विनिर्दिष्ट करें (G) | 1278.90 | 1308.82 |
| अन्य गैर– हानिकारक अपशिष्ट (N), यदि कोई तो कृपया विनिर्दिष्ट करें (सामग्री आधार पर ब्रेक अप यानी संबंधित क्षेत्र में प्रयुक्त सामग्री) | 45944.15 | 42494.96 |
| कुल (A+B + C + D + E + F + G + H) | 47428.81 | 44015.42 |
| **उत्पन्न होने वाले अपशिष्ट की प्रत्येक श्रेणी के लिए, रिसाइकिलिंग, पुनः उपयोग या अन्य रिकवरी कार्यों के माध्यम से कुल अपशिष्ट (मेट्रिक टन में) उत्पन्न किया गया।** | | |
| **अपशिष्ट की श्रेणी** | | |
| (i) पुनर्चक्रण | 94.06 | 91.14 |
| (ii) पुनःप्रयोग | 669.37 | 797.22 |
| (iii) अन्य रिकवरी विकल्प | 0 | 0 |
| **कुल** | 763.44 | 886.36 |
| **उत्पन्न होने वाले प्रत्येक श्रेणी के लिए निपटान पद्धति की प्रकृति द्वारा निपटाया गया कुल अपशिष्ट (मीट्रिक टन में)** | | |
| **अपशिष्ट की श्रेणी** | | |
| (i) भस्मीकरण | 6.92 | 1.044 |
| (ii) लैंडफिलिंग | 1359.29 | 2875.99 |
| (iii) अन्य निपटान परिचालन | 27615.08 | 23745.98 |
| **कुल** | 28981.29 | 26623.01 |

तालिका में, प्लास्टिक अपशिष्ट, ई–वेस्ट अपशिष्ट और बैटरी वेस्ट की दर्शाई गई मात्रा वर्ष के दौरान प्राधिकृत एजेंसियों को बेची गई मात्रा

है। अन्य निपटान में ई–नीलामी/अन्य माध्यमों से बाहरी एजेंसियों को रिसाइकिल/ रि–यूज/ रिकवरी के लिए स्क्रैप की बिक्री का डेटा शामिल है।

काफी मात्रा में स्क्रैप जमा होने के बाद, इसे अंतिम निपटान के लिए एजेंसी को बेच दिया जाता है। किसी बाहरी एजेंसी द्वारा कोई आकलन/मूल्यांकन नहीं किया गया /आश्वासन नहीं दिया गया। वित्त वर्ष 2021–22 का डेटा दोबारा तैयार किया गया है।

* उत्पादन गतिविधि में वृद्धि के कारण, वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान उत्पन्न कुल कचरा बढ़ गया है।

निदेशक मंडल रिपोर्ट के अनुलग्नक–IV, 4.1.3 उत्तरदायी सामग्री और प्राकृतिक संसाधनों की खपत का अवलोकन करें,

निदेशक मंडल रिपोर्ट के अनुलग्नक– IV, 4.1.3 जल एवं जैव विविधता प्रबंधन का अवलोकन करें।

निदेशक मंडल रिपोर्ट के अनुलग्नक– IV, 4.2 अपशिष्ट प्रबंधन का अवलोकन करें।

**9. प्रतिष्ठान में अपनाई गई अपशिष्ट प्रबंधन पद्धतियों का संक्षेप में वर्णन करें। उत्पादों और प्रक्रियाओं में खतरनाक और जहरीले रसायनों के उपयोग को कम करने के लिए कंपनी द्वारा अपनाई गई रणनीति और ऐसे कचरे के प्रबंधन के लिए अपनाई गई पद्धतियों का विवरण प्रस्तुत करें।**

हमारी विनिर्माण गतिविधि में, अपशिष्ट उत्पादन में कमी को एक बहुत ही महत्वपूर्ण गतिविधि के रूप में लिया जाता है और धातु शीट को काटने के लिए हमारी नेस्टिंग योजना इस प्रकार से बनाई गई है कि इस पहलू का ध्यान रखा जाए। हालांकि, एक बार जब स्क्रैप उत्पन्न हो जाता है, तो इसका उपयोग या तो स्थानीय फाउंड्री की दुकान में कास्टिंग/फोर्जिंग बनाने के लिए किया जाता है या सीएफएफपी हरिद्वार/अधिकृत रिसाइकलर को की खपत से बचने के लिए भट्टी में पिघलने के लिए भेजा जाता है, ताकि नए कच्चे माल की जरूरत न पड़े।

पूरे बीएचईएल में, पुनर्विक्रय मूल्य वाले ठोस अपशिष्ट/स्क्रैप को एकत्र किया गया, अलग किया गया, संग्रहीत किया गया और अधिकृत रिसाकिलर्स को बेचा गया। इनमें से कुछ का कोई पुनर्विक्रय मूल्य नहीं है जिसका उपयोग निचले इलाकों को भरने के लिए किया जाता है। खतरनाक कचरे/ई–कचरे का निपटान संबंधित कानूनों में निर्धारित शर्तों के अनुसार किया जाता है।

इकाइयों में उत्पन्न खतरनाक अपशिष्ट को नियामक अपेक्षाओं के अनुसार निपटाया जाता है और प्राधिकरण की जांच के लिए आवश्यक रिकॉर्ड विधिवत रखा जाता है। खतरनाक कचरा जिसे बाहर इस्तेमाल किया जा सकता है, अधिकृत रिसाइकलरों को भेजा जाता है। शेष खतरनाक अपशिष्ट, जिसे जलाकर या सुरक्षित लैंडफिल में दबा दिया जाना है, को अंतिम निपटान के लिए उनके संबंधित राज्यों के ट्रीटमेंट स्टोरेज एंड डिस्पोजल फैसिलिटी (टीएसडीएफ) को भेज दिया जाता है।

निदेशक मंडल रिपोर्ट के अनुलग्नक–IV, 4.1.1 उत्तरदायी सामग्री और प्राकृतिक संसाधनों की खपत का अवलोकन करें,

निदेशक मंडल रिपोर्ट के अनुलग्नक– IV, 4.1.3 जल एवं जैव विविधता प्रबंधन का अवलोकन करें।

निदेशक मंडल रिपोर्ट के अनुलग्नक– IV, 4.1.5 अपशिष्ट प्रबंधन का अवलोकन करें।

**10. यदि इकाई के पास पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों (जैसे राष्ट्रीय उद्यान, वन्यजीव अभयारण्य, बायोस्फीयर रिजर्व, आर्द्रभूमि, जैव विविधता हॉटस्पॉट, वन, तटीय विनियमन क्षेत्र इत्यादि) में/ आस–पास इकाई/ कार्यालय हैं, जहां पर्यावरण अनुमोदन/अनुमति की आवश्यकता होती है, तो कृपया निर्दिष्ट करें और निम्नलिखित प्रारूप में विवरण दें:**

लागू नहीं

**11. चालू वित्त वर्ष में लागू कानूनों के आधार पर कंपनी द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं के पर्यावरणीय प्रभाव आकलन का विवरण:**

लागू नहीं

**12. क्या इकाई भारत में लागू पर्यावरण कानून/विनियम/दिशानिर्देशों का अनुपालन करती है; जैसे कि जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम और उसके तहत नियम (हाँ/नहीं)। यदि नहीं, तो निम्नलिखित प्रारूप में ऐसे सभी गैर–अनुपालनों का विवरण प्रदान करें:**

हां, बीएचईएल भारत में लागू पर्यावरण कानून/विनियम/दिशानिर्देशों का अनुपालन करती है।

## नेतृत्व संकेतक

**1. निम्नलिखित प्रारूप में नवीकरणीय और गैर–नवीकरणीय स्रोतों से खपत की गई कुल ऊर्जा (जूल या गुणकों में) का विवरण प्रदान करें:**

| मापदंड | वि.व. 2022-23 | वि.व. 2021-22 |
|---|---|---|
| **नवीकरणीय स्रोतों से (गीगा जूल में)** | | |
| कुल विद्युत खपत (A) | 107216 | 97812 |
| कुल ईंधन खपत (B) | 0 | 0 |
| अन्य स्रोतों से ऊर्जा खपत (C) | 0 | 0 |
| **नवीकरणीय स्रोतों से कुल ऊर्जा खपत** (A+B+C) | 107216 | 97812 |
| **गैर नवीकरणीय स्रोतों से (गीगा जूल में)** | | |
| कुल विद्युत खपत (D) | 893815 | 759595 |
| कुल ईंधन खपत (E) | 1758771 | 1929497 |
| गैर नवीकरणीय स्रोतों से कुल ऊर्जा खपत (F) | 0 | 0 |
| **गैर नवीकरणीय स्रोतों से कुल ऊर्जा खपत (D+E+F) (गीगा जूल में)** | 2652586 | 2689092 |

किसी बाहरी एजेंसी द्वारा कोई आकलन/ मूल्यांकन नहीं किया गया/ आश्वासन नहीं दिया गया।

**2. जल स्राव के संबंध में निम्नलिखित विवरण प्रदान करें:**

हमारी विनिर्माण इकाइयों में 16 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) और 22 एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ईटीपी) और ऑक्सीडेशन पॉन्ड स्थापित हैं जो उत्पन्न सीवेज/ व्यवसाय अपशिष्ट का वांछित स्तर तक परिशोधन करते हैं।

| मापदंड | वि.व. 2022-23 | वि.व. 2021-22 |
|---|---|---|
| **स्रोत द्वारा पानी की निकासी (किलोलीटर में)** | | |
| (i) सतही जल | 0 | 0 |
| – कोई ट्रीटमेंट के बिना | 0 | 0 |
| – ट्रीटमेंट किया हुआ– कृपया ट्रीटमेंट का स्तर विनिर्दिष्ट करें | 0 | 0 |
| (ii) भूमिगत जल | 0 | 0 |
| – कोई ट्रीटमेंट के बिना | 0 | 0 |
| – ट्रीटमेंट किया हुआ– कृपया ट्रीटमेंट का स्तर विनिर्दिष्ट करें | 0 | 0 |
| (iii) समुद्री जल | 0 | 0 |
| – कोई ट्रीटमेंट के बिना | 0 | 0 |
| – ट्रीटमेंट किया हुआ– कृपया ट्रीटमेंट का स्तर विनिर्दिष्ट करें | 0 | 0 |
| (iv) अन्य पक्षों को प्रेषित | 0 | 0 |
| – कोई ट्रीटमेंट के बिना | 0 | 0 |
| – ट्रीटमेंट किया हुआ– कृपया ट्रीटमेंट का स्तर विनिर्दिष्ट करें | 0 | 0 |
| (v) अन्य | 0 | 0 |
| – कोई ट्रीटमेंट के बिना | 0 | 0 |
| – ट्रीटमेंट किया हुआ– कृपया ट्रीटमेंट का स्तर विनिर्दिष्ट करें | 106680 | 87272 |
| **कुल डिस्चार्ज जल (किलोलीटर में)#** | 106680 | 87272 |

# वित्त वर्ष 2022–23 में उपचारित अपशिष्ट स्त्राव में वृद्धि हुई क्योंकि इन्सुलेटर इकाई ने अपनी उत्पादन गतिविधि में वृद्धि की है और इसलिए संबंधित अपशिष्ट स्त्राव में वृद्धि हुई है।

किसी बाहरी एजेंसी द्वारा कोई स्वतंत्र आंकलन /मूल्यांकन / आश्वासन नहीं किया गया। वित्त वर्ष 2021–22 का डेटा पुनः तैयार किया गया है।

**3. पानी की कमी वाले क्षेत्रों में जल निकासी, खपत और स्त्राव (किलोलीटर में):**

लागू नहीं

**4. कृपया कुल स्कोप 3 उत्सर्जन और इसकी तीव्रता का विवरण प्रदान करें:**

हमने अधिक ऊर्जा खपत वाली कई विनिर्माण इकाइयों में एलपीजी के स्थान पर आरएलएनजी का उपयोग शुरू किया है जिसकी पाइपलाइन के माध्यम से आपूर्ति की जा रही है। इस तरह हम उस सीमा तक ईंधन के परिवहन से जुड़े स्कोप–3 उत्सर्जन कम हो रहे हैं। हमारे कर्मचारियों को ऊर्जा बचाने और स्कोप–3 उत्सर्जन से बचने के लिए कार पूल का उपयोग करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है।

ये कुछ ऐसे तरीके हैं जिनसे बीएचईएल स्कोप–3 उत्सर्जन को कम करने की कोशिश कर रहा है। परंतु, फिलहाल इसकी गणना नहीं की जा रही है।

बाहरी एजेंसी द्वारा कोई स्वतंत्र मूल्यांकन/मूल्यांकन/आश्वासन नहीं किया गया।

**5. उपर्युक्त प्रश्न 10 में बताए गए आवश्यक संकेतकों के पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों के संबंध में, रोकथाम और उपचारात्मक गतिविधियों के साथ–साथ ऐसे क्षेत्रों में जैव विविधता पर इकाई के महत्वपूर्ण प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष प्रभाव का विवरण प्रदान करें।**

लागू नहीं

**6. यदि कंपनी ने कोई विशिष्ट पहल की है या संसाधन दक्षता में सुधार के लिए नवीन प्रौद्योगिकी या समाधानों का उपयोग किया है, या उत्सर्जन/अपशिष्ट निर्वहन/उत्पन्न अपशिष्ट के कारण प्रभाव को कम किया है, तो कृपया विवरण प्रदान करें:**

| क्र. सं. | की गई पहल | पहल का विवरण (यदि कोई वेब लिंक हो तो प्रदान करें वेब–लिंक, यदि कोई हो, सारांश के साथ प्रदान किया जा सकता है) | पहल का परिणाम |
|---|---|---|---|
| 1. | सीएफएफपी हरिद्वार में परंपरागत दहन का रेजनरेटिव बर्नर–आधारित दहन प्रणाली में उन्नयन | उपलब्ध नहीं | 6.63 मिलियन यूनिट की संभावित वार्षिक विद्युत बचत |
| 2. | एनटीपीसी कहलगांव एफजीडी और एनटीपीसी तालचर परियोजना स्थलों पर बांस और तली में राख (बॉटम एश) का उपयोग करके हरित निर्माण | उपलब्ध नहीं | आरएमसी में सीमेंट उपयोग में कटौती के माध्यम से कंक्रीट उत्पादन की लागत में 5–10% की उल्लेखनीय कमी आई है |

जिम्मेदार वैश्विक नागरिक के रूप में, संगठन ग्रीन हाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन और जलवायु परिवर्तन के बीच संबंध को स्वीकार करता है। इस वैश्विक चुनौती का समाधान करने के लिए, बीएचईएल अपने उत्पादों एवं सेवाओं के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के प्रयास कर रहा है, जिससे ग्राहकों को संयंत्र के जीवन चक्र में पर्यावरणीय उत्सर्जन को कम करके संधारणीय तरीके से विद्युत उत्पादन करने में सक्षम बनाया जा सके।

आंतरिक परिचालन में भी, कंपनी द्वारा ऊर्जा दक्षता और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के उपयोग पर जोर दिया जा रहा है। कंपनी ने बीएचईएल के विभिन्न स्थानों पर कुल 34.895 मेगावाट (लगभग) का सोलर फोटो वोल्टाइक (ग्राउंड माउंटेड और रूफ–टॉप) संयंत्र स्थापित किया है, जिससे कंपनी को अपने ऊर्जा मिश्रण को अधिक संधारणीय बनाने में मदद मिली है। कंपनी के नवीकरणीय अनुप्रयोगों की सूची में सोलर वॉटर हीटर, सोलर स्ट्रीट लाइटिंग आदि भी शामिल हैं। कंपनी ने जल और ऊर्जा संरक्षण, वृक्षारोपण, अपशिष्ट प्रबंधन, संसाधन संरक्षण आदि से संबंधित कई परियोजनाएं भी शुरू की हैं।

निदेशक मंडल रिपोर्ट का अनुलग्नक–IV: संधारणीय निष्पादन– पर्यावरण देखें

निदेशक मंडल रिपोर्ट का अनुलग्नक–VII: ऊर्जा संरक्षण देखें

**5. क्या इकाई में व्यवसाय निरंतरता और आपदा प्रबंधन योजना है? विवरण 100 शब्दों/वेब लिंक में दें।**

हाँ, बीएचईएल की व्यवसाय निरंतरता और आपदा प्रबंधन योजना है। इसे कोविड–19 के प्रकोप के दौरान उस पर कार्रवाई की गई थी। व्यापार निरंतरता योजना और/या आपदा प्रबंधन योजना इंटरनेट पर प्रकाशित नहीं की गई ।

**8. कंपनी की मूल्य श्रृंखला से पर्यावरण पर उत्पन्न होने वाले किसी भी महत्वपूर्ण प्रतिकूल प्रभाव का खुलासा करें। इस संबंध में इकाई द्वारा क्या शमन या अनुकूलन उपाय किए गए हैं।**

कोई खास असर देखने में नहीं आया.

**9. मूल्य श्रृंखला भागीदारों का प्रतिशत (ऐसे भागीदारों के साथ किए गए व्यवसाय के मूल्य से) जिनका मूल्यांकन पर्यावरणीय प्रभावों के लिए किया गया था।**

पर्यावरणीय प्रभाव के लिए 100: मूल्य श्रृंखला भागीदारों का मूल्यांकन किया गया।.

## सिद्धांत 7: नीति का समर्थन

बीएचईएल कई प्रतिष्ठित उद्योग निकायों/चेम्बरों का सदस्य है। बीएचईएल द्वारा नीति से संबंधित मामलों में अपने विचार और राय रखने के लिए ऐसे निकायों (जैसे संगोष्ठियों और बैठकों में भागीदारी, कार्य समूहों में भागीदारी आदि) के साथ बातचीत के विभिन्न तंत्रों का उपयोग किया जाता है। कंपनी के हितों का प्रतिनिधित्व सरकारी प्रश्नों, ज्ञान साझाकरण, सर्वेक्षणों की प्रतिक्रिया, उद्योग की जरूरतों पर प्रतिक्रिया, जीएसटी, राजकोषीय बजट, विदेश व्यापार, कंपनी कानून, औद्योगिक नीति, पूंजीगत सामान नीति, निर्यात संवर्धन आदि जैसी सरकारी नीतियों के गठन के माध्यम से किया जाता है।

अंतरराष्ट्रीय व्यापार और सहयोग को सुविधाजनक बनाने के लिए कंपनी के विचार विभिन्न अंतर–सरकारी मंचों जैसे संयुक्त आयोग आर्थिक निगम (जेसीईसी), संयुक्त इंजीनियरिंग समिति (जेईसी), संयुक्त व्यापार समिति (जेटीसी), संयुक्त संचालन समिति (जेएससी), संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) आदि में भी प्रस्तुत किए जाते हैं। कंपनी एमएचआई, डीपीई, डीआईपीपी, नीति आयोग जैसे सरकारी निकायों के साथ भी बातचीत करती है और नीति निर्माण के लिए इनपुट/सुझाव प्रस्तुत करती है।

### नेतृत्व संकेतक

**1. क. व्यापार और उद्योग चैंबरों/संघों के साथ संबद्धता की संख्या**

नौ संबद्धताएं

ख. शीर्ष 10 व्यापार और उद्योग मंडलों/संघों (ऐसे निकाय के कुल सदस्यों के आधार पर निर्धारित) की सूची, जो इकाई का सदस्य/संबद्ध है।

| क्र.स. | व्यापार एवं उद्योग मंडल/संघ का नाम | व्यापार एवं उद्योग मंडल/ संघ का दायरा (राज्य/राष्ट्रीय) |
|---|---|---|
| 1 | इंडियन इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईईईएमए) | राष्ट्रीय |
| 2 | भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) | राष्ट्रीय |
| 3 | भारतीय परियोजना निर्यात संवर्धन परिषद (पीईपीसी) | राष्ट्रीय |
| 4 | भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) | राष्ट्रीय |
| 5 | फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) | राष्ट्रीय |
| 6 | एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) | राष्ट्रीय |
| 7 | सार्वजनिक उद्यमों का स्थायी सम्मेलन (स्कोप) | राष्ट्रीय |
| 8 | संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पैक्ट इंडिया नेटवर्क | राष्ट्रीय |
| 9 | पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री | अंतरराष्ट्रीय |

**2. इकाई द्वारा प्रतिस्पर्धा–विरोधी आचरण से संबंधित किसी भी मुद्दे पर की गई या चल रही सुधारात्मक कार्रवाई का विवरण प्रदान करें**

बीएचईएल द्वारा प्रतिस्पर्धा–विरोधी आचरण का कोई उदाहरण सामने नहीं आया है।

## नेतृत्व संकेतक

1. संस्था द्वारा समर्थित सार्वजनिक नीति का विवरणः

| क्र. सं. | सार्वजनिक नीति का समर्थन | इस समर्थन के लिए अपनाया तरीका | क्या जानकारी सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध है? (हाँ / नहीं) | निदेशक मंडल द्वारा समीक्षा की आवृत्ति (वार्षिक / अर्धवार्षिक / त्रैमासिक / अन्य – कृपया विनिर्दिष्ट करें) | वेब लिंक यदि उपलब्ध है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सार्वजनिक नीति का समर्थन (i) डिजिटलीकरण (ii) पीएसई@2047, (iii) हरित पीएसई के लिए मॉडल फ्रेमवर्क–हरित विनिर्माण और नेट जीरो कार्बन के प्रति दृष्टिकोण, (iv) एमएसएमई के साथ पीएसई के लिए व्यापार करने में आसानी, आदि को बढ़ावा देना | सीआईआई, फिक्की, एसोचैम, स्कोप आदि औद्योगिक निकायों के साथ अभ्यावेदन / परिषद की बैठकों के माध्यम से। | नहीं | -- | -- |
| 2. | अंतरराष्ट्रीय व्यापार और सहयोग की सुविधा | विभिन्न अंतर–सरकारी मंचों जैसे संयुक्त आयोग आर्थिक निगम (जेसीईसी), संयुक्त इंजीनियरिंग समिति (जेईसी), संयुक्त व्यापार समिति (जेटीसी), संयुक्त संचालन समिति (जेएससी), संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी), आदि में प्रतिनिधित्व के माध्यम से। | नहीं | -- | -- |
| 3. | पूंजीगत क्षेत्र को बढ़ावा देना, भारतीय विद्युत क्षेत्र का विकास, आत्मनिर्भर भारत पहल, एफटीए आदि। | सरकारी मंत्रालयों जैसे एमएचआई, एमओपी आदि के साथ बातचीत के माध्यम से। | नहीं | -- | -- |
| 4. | सीमा शुल्क, निर्यात प्रोत्साहन और निर्यात प्रोत्साहन जैसे मामलों पर इनपुट | बजट 2023–24 के लिए बजट पूर्व ज्ञापन | नहीं | - | - |

## सिद्धांत 8: समावेशी विकास

बीएचईएल की सुसंरचित संगठनात्मक संरचना, नीति और प्रक्रियाएं हैं जिसके माध्यम से विभिन्न सीएसआर कार्यक्रम कार्यान्वित किए जाते हैं। सीएसआर नीति द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची–VII से कई गतिविधियों की पहचान इसके प्रमुख क्षेत्रों के रूप में की गई है। सीएसआर नीति में परिभाषित सात प्रमुख क्षेत्र हैं– स्वच्छ भारत, हरित भारत, स्वस्थ भारत, हैरिटेज भारत, समावेशी भारत, शिक्षित भारत और उत्तरदायी भारत। इस नीति को वेबसाइट लिंक https://www.bhel.com/sites/default/files/ BHEL_CSR_Policy_2022.pdf पर होस्ट किया गया है और यह पूरी तरह से कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 135 की आवश्यकताओं के अनुरूप है।

नीति को त्रि–स्तरीय संरचनाः कॉर्पोरेट स्तर (निदेशक मंडल स्तर सीएसआर समिति, स्तर–1 समिति और स्तर–2 समिति केवल प्रस्तावों की जांच और अनुमोदन के लिए है) के साथ इकाई स्तर की सीएसआर समितियों के माध्यम से कार्यान्वित किया जाता है। कंपनी सीएसआर नीति के अनुरूप विशेष एजेंसियों जैसे एनजीओ, सरकारी एजेंसियों आदि के माध्यम से समाज के गरीबों, जरूरतमंदों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को लक्षित करने वाली देश भर में कई सामाजिक पहलों का समर्थन करती है। बीएचईएल ने स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छ भारत, पर्यावरण संरक्षण, व्यावसायिक प्रशिक्षण, कौशल विकास कार्यक्रम, बुनियादी ढांचे के विकास और सामुदायिक विकास कार्यक्रमों के क्षेत्र में कई सीएसआर पहल की हैं, जिन्होंने अंततः समाज के समग्र कल्याण और समावेशी विकास में योगदान दिया है। समाज को अधिकतम लाभ प्रदान करने और शुरू की गई पहलों की सार्थकता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सीएसआर परियोजनाओं की बारीकी से निगरानी और पर्यवेक्षण किया जाता है।

आपूर्ति श्रृंखला में, बीएचईएल सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) का समर्थन करता रहा है क्योंकि वे कमजोर क्षेत्रों के एक बड़े हिस्से को रोजगार देते हैं; जैसे महिलाएं, युवा और गरीब घरों के लोग। कंपनी के पास लगभग 6000 पंजीकृत एमएसई हैं जो अपनी विभिन्न इकाइयों / संयंत्रों / डिवीजनों को सेवाएं प्रदान करते हैं। एमएसई बीएचईएल के लगभग 30% आपूर्तिकर्ता आधार का प्रतिनिधित्व करते हैं। जैसा कि सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) संशोधन

आदेश, 2018 (एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी) के लिए सार्वजनिक क्रय नीति में अनिवार्य है, पिछले कुछ वर्षों में बीएचईएल की कुल क्रय का 25% से अधिक एमएसई से किया गया है।

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, एमएसई से वस्तुओं एवं सेवाओं की कुल खरीद 32.6%, एससी/एसटी एमएसई से 0.06% और महिला स्वामित्व वाले एमएसई से 0.41% रही। एससी/एसटी एमएसई और महिला एमएसई मिलाकर कुल पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं का हिस्सा 2% से भी कम है। एससी/एसटी एमएसई और महिला एमएसई की कम खरीद हिस्सेदारी इस तथ्य के कारण है कि बीएचईएल निविदाओं में इस प्रकार की संस्थाओं की भागीदारी कम है और इसके अलावा ऐसी आपूर्तिकर्ता संस्थाएं कई बार प्रावधान के बावजूद निविदाओं/एमएसई प्रमाणपत्र में अपनी श्रेणी की स्थिति घोषित नहीं करती हैं। उद्यम पंजीकरण प्रमाणपत्र में उपलब्ध है। इसके अलावा, बीएचईएल ने एमएसई को समर्थन देने के लिए ट्रेड रिसीवेबल्स डिस्काउंटिंग सिस्टम (टीआरईडीएस) प्लेटफॉर्म पर खुद को पंजीकृत कर लिया है। एमएसई आपूर्तिकर्ताओं को टीआरईडीएस प्लेटफॉर्म का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम मौजूद हैं, जिसमें वे अपने बिलों पर छूट देकर शीघ्र भुगतान का लाभ उठा सकते हैं। वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, TReDS के माध्यम से बीएचईएल द्वारा वस्तुओं एवं सेवाओं के चालान की स्वीकृति/अस्वीकृति 100% थी।

पिछले दो वर्षों के दौरान, बीएचईएल ने गवर्नमेंट ई–मार्केटप्लेस (GeM) के माध्यम से अपनी खरीद बढ़ाई है। वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, कंपनी की 58.94% वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद GeM के माध्यम से की गई है।

### नेतृत्व संकेतक

**1. चालू वित्त वर्ष में लागू कानूनों के आधार पर कंपनी द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं के सामाजिक प्रभाव आकलन (एसआईए) का विवरण।**

–लागू नहीं।

**2. आपकी कंपनी द्वारा चलाए जा रहे पुनर्वास और पुन्स्थापन (आर एंड आर) परियोजना (परियोजनाओं) के बारे में जानकारी प्रदान करें।**

–लागू नहीं।

**3. समुदाय की शिकायतों को प्राप्त करने और उनका निवारण करने के लिए उपलब्ध तंत्र का वर्णन करें।**

समुदाय द्वारा केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (CPGRAMS)/लोक शिकायत पोर्टल के माध्यम से अपनी शिकायतें दर्ज की जाती हैं, जिसे बाद में बीएचईएल में लोक शिकायत अधिकारी को सौंपा जाता है।

**4. आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त इनपुट सामग्री का प्रतिशत (मूल्य के आधार पर कुल इनपुट में प्रविष्टी):**

| | वि.व. 2022-23 | वि.व. 2021-22 |
|---|---|---|
| एमएसएमई/छोटे उत्पादकों से सीधे प्राप्त | 32.6% | 29% |
| जिले के भीतर और पड़ोसी जिलों से सीधे प्राप्त | 10% | 10% |

### नेतृत्व संकेतक

**1. सामाजिक प्रभाव आकलन में चिह्नित किसी भी नकारात्मक सामाजिक प्रभाव को कम करने के लिए की गई कार्रवाइयों का विवरण प्रदान करें (संदर्भः ऊपर दिए गए आवश्यक संकेतक के प्रश्न संख्या–1)**

– लागू नहीं

**2. सरकारी निकायों द्वारा चिन्हित आकांक्षी जिलों में आपकी संस्था द्वारा शुरू की गई सीएसआर परियोजनाओं के बारे में निम्नलिखित जानकारी प्रदान करें:**

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान नामित जिलों में सीएसआर परियोजनाओं पर व्यय की गई राशि है

| क्र. स. | राज्य | अकांक्षी जिले | व्यय की गई राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | उत्तराखंड | हरिद्वार | 33.60 |
| 2 | उडीसा | कंधमाल | 25.17 |
| 3 | अखिल भारतीय | अखिल भारतीय | 31.28 |

**3. (क) क्या आपकी अधिमान्य क्रय नीति है जहां आप हाशिए पर / कमजोर समूहों वाले आपूर्तिकर्ताओं से खरीद को प्राथमिकता देते हैं? (हाँ / नहीं)**

– हाँ

**(ख) आप किन हाशिये पर पड़े/कमजोर समूहों से खरीदारी करते हैं?**

कंपनी सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) का समर्थन कर रही है क्योंकि वे कमजोर क्षेत्रों, जैसे महिलाओं, युवाओं और गरीब घरों के लोगों के एक बड़े हिस्से को रोजगार देते हैं। बीएचईएल इकाइयों द्वारा विशेष रूप से एमएसई (स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं सहित) के साथ–साथ एससी/एसटी के लिए नियमित विक्रेता बैठकें और आपूर्तिकर्ता विकास कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जो पारस्परिक लाभ के लिए आवश्यकताओं की पहचान और कार्य योजना तैयार करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करते हैं। इसके अलावा, सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) के लिए सार्वजनिक खरीद नीति में अनिवार्य प्राथमिकताओं के अनुसार एमएसई के लिए आदेश (एमएसएमई–भारत सरकार के मंत्रालय द्वारा जारी) का पालन किया जाता है।

**(ग) यह कुल खरीद (मूल्यानुसार) का कितना प्रतिशत है?**

बीएचईएल ने वित्त वर्ष 2022–23 में अपनी खरीद का 32.6% एमएसएमई से खरीदा।

**4. पारंपरिक ज्ञान के आधार पर आपकी इकाई (चालू वित्तीय वर्ष में) के स्वामित्व या अर्जित बौद्धिक संपदा से प्राप्त और साझा किए गए लाभों का विवरणः**

कंपनी के पास पारंपरिक ज्ञान पर आधारित बौद्धिक संपदा नहीं है या उसे अर्जित नहीं किया गया है। परंतु, कंपनी ने इंजीनियरिंग क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास में निवेश किया है जिससे बीएचईएल के स्वामित्व वाली बौद्धिक संपदा प्राप्त हुई है। वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान, बीएचईएल ने 503 पेटेंट और कॉपीराइट दाखिल किए हैं। बीएचईएल द्वारा पेटेंट और कॉपीराइट से अर्जित राजस्व (लाभ) को अलग से निर्धारित नहीं किया जा सकता है क्योंकि ये पेटेंट और कॉपीराइट प्रक्रियाओं, प्रौद्योगिकियों और उत्पादों के विकास का परिणाम हैं। इन आईपीआर के परिणामस्वरूप बीएचईएल उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ती है और उत्पाद पेशकश का विस्तार होता है। यह दीर्घकालिक लाभ के लिए प्रौद्योगिकी बढ़त भी प्रदान करता है और कंपनी के व्यावसायिक हितों को सुरक्षित करते हैं। कंपनी के राजस्व का 19% से अधिक, इसके इन–हाउस विकसित उत्पादों, प्रणालियों और सेवाओं से प्राप्त किया गया है।

निदेशक मंडल रिपोर्ट का अनुलग्नक–VI अनुसंधान एवं विकास तथा प्रौद्योगिकी उपलब्धियों पर वार्षिक रिपोर्ट।

**5. बौद्धिक संपदा से संबंधित विवादों में जहां पारंपरिक ज्ञान का उपयोग शामिल है, किसी भी प्रतिकूल आदेश के आधार पर की गई या चल रही सुधारात्मक कार्रवाई का विवरण।**

वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान बौद्धिक संपदा अधिकारों से संबंधित कोई विवाद सामने नहीं आया।

**6. सीएसआर परियोजनाओं के लाभार्थियों का विवरणः**

| क्र. स. | सीएसआर परियोजना | सीएसआर परियोजनाओं से लाभान्वित व्यक्तियों की संख्या | कमजोर और हाशिये पर रहने वाले समूहों से लाभार्थियों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | "हील ए सोल – IV" – पूरे भारत में हीमोफिलिया वाले व्यक्तियों और बच्चों को मुफ्त एंटी हीमोफिलिक फैक्टर (एएचएफ) प्रदान करना | 160 | 100% |
| 2 | नोएडा, बीकानेर, सतपुड़ा में तीन मोबाइल हेल्थ केयर यूनिट चलाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना | 40000 | 100% |
| 3 | राजकीय पॉलिटेक्निक में बालक एवं बालिका छात्रावास भवनों का निर्माण | 304 | 100% |
| 4 | हरिद्वार में कलेफ्ट रोगियों की सर्जरी के लिए "मिशन स्माइल" को वित्तीय सहायता | 200 | 100% |
| 5 | नूंह, हरियाणा में "जन आरोग्यम" सामुदायिक स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम | 11000 | 100% |
| 6 | भारत में कैंसर से पीड़ित 200 बच्चों को चिकित्सा सहायता प्रदान करना | 500 | 100% |

## सिद्धांत 9: ग्राहक मूल्य

### नेतृत्व संकेतक

**1. उपभोक्ता शिकायतों और फीडबैक को प्राप्त करने और उनका जवाब देने के लिए तंत्र का वर्णन करें।**

ग्राहक मूल्य बीएचईएल की संस्कृति का एक अभिन्न अंग है जो हमारे विजन, मिशन और मूल्यों में भी परिलक्षित होता है। कंपनी उत्पादों और सेवाओं के माध्यम से ग्राहकों के लिए मूल्य बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। बीएचईएल के प्रत्येक उत्पाद की पेशकश पर अनिवार्य वैधानिक आवश्यकताओं के अलावा ग्राहकों के साथ अनुबंध की शर्तों और आवश्यकताओं के अनुसार विस्तृत उत्पाद लेबल/नेम प्लेट/परीक्षण प्रमाण पत्र के साथ लेबल किया गया है।

ग्राहकों की शिकायतें बैठकों के दौरान पत्र, ईमेल, फोन कॉल जैसे विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होती हैं। शिकायतों को बाद में समाधान के लिए आगे बढ़ाया जाता है। रिपोर्ट किए गए सभी प्रमुख गुणवत्ता मुद्दों को मूल कारण विश्लेषण (आरसीए) के लिए लिया जा रहा है और आरसीए समितियों के माध्यम से हल किया जा रहा है। शिकायतों के अलावा, ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण, ग्राहकों की बैठक, आमने–सामने बातचीत, वीडियो–कॉन्फ्रेंसिंग और प्रशंसा पत्रों के माध्यम से ग्राहकों की प्रतिक्रिया ली जाती है।

**2. सभी उत्पादों/सेवाओं के टर्नओवर के प्रतिशत के रूप में उत्पादों और सेवाओं का टर्नओवर, जिसमें ष्उत्पाद से संबंधित पर्यावरणीय और सामाजिक पैरामीटरष, ष्सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोगष और ष्पुनर्चक्रण और/या सुरक्षित निपटानष के बारे में जानकारी होती है।**

1. बीएचईएल उत्पाद पूंजीगत वस्तुएं हैं और इसलिए इनका परिचालन काल 25 वर्षों की अवधि का है। ग्राहकों को दिये जाने वाले उत्पादों/प्रणालियों के साथ सुरक्षा, पर्यावरण के अनुकूल तरीके से परिचालन आदि को कवर करने वाला मैनुअल भी दिया जाता है। बीएचईएल द्वारा ग्राहक कर्मियों के प्रशिक्षण में इन्हीं पहलुओं को शामिल किया गया है।

3. **निम्नलिखित के संबंध में उपभोक्ता शिकायतों की संख्याः**

| | वि.व 2022-23 | | अभियुक्तयां | वि.व 2021-22 | | अभियुक्तयां |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | वर्ष के दौरान प्राप्त | वर्ष के अंत में समाधान के लिए लंबित | | वर्ष के दौरान प्राप्त | वर्ष के अंत में समाधान के लिए लंबित | |
| डाटा गोपनीयता | 0 | 0 | - | 0 | 0 | - |
| विज्ञापन | 0 | 0 | - | 0 | 0 | - |
| साइबर सुरक्षा | 0 | 0 | - | 0 | 0 | - |
| आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति | लागू नहीं | | | | | |
| प्रतिबंधित व्यापार पद्धति | 0 | 0 | - | 0 | 0 | - |
| अनुचित व्यापार पद्धति | 0 | 0 | - | 0 | 0 | - |
| अन्य | - | - | - | - | - | - |

4. **सुरक्षा मुद्दों के कारण वापस मंगाए गए उत्पाद का विवरणः**

सुरक्षा मुद्दों के कारण उत्पाद को वापस मंगानें का कोई मामला नहीं है

5. **क्या इकाई के पास साइबर सुरक्षा और डेटा गोपनीयता से संबंधित जोखिमों पर कोई रूपरेखा/नीति है? (हां/नहीं) यदि उपलब्ध हो, तो पॉलिसी का एक वेब–लिंक प्रदान करें।**

हाँ। बीएचईएल बी2बी व्यवसाय में है और व्यक्तिगत ग्राहकों के साथ व्यवहार नहीं करता है। इसलिए, कोई भी व्यक्तिगत ग्राहक डेटा संग्रहीत नहीं किया जाता है।

निदेशक मंडल रिपोर्ट "डाटा एवं साइबर सुरक्षा" का अवलोकन करें ।

6. **विज्ञापन और आवश्यक सेवाओं के वितरण से संबंधित मुद्दों पर की गई किसी भी सुधारात्मक कार्रवाई साइबर सुरक्षा और ग्राहकों की डेटा गोपनीयताय उत्पाद रिकॉल के उदाहरणों की पुनः घटनाएं उत्पादों/सेवाओं की सुरक्षा पर नियामक प्राधिकारियों द्वारा की गई शास्ति/कार्रवाई का विवरण प्रदान करें।**

– लागू नहीं

**नेतृत्व संकेतक**

1. **चैनल/प्लेटफॉर्म जहां इकाई के उत्पादों और सेवाओं की जानकारी प्राप्त की जा सकती है (यदि उपलब्ध हो तो वेब लिंक प्रदान करें)**

बीएचईएल के उत्पादों एवं सेवाओं संबंधी जानकारी www.bhel.com से प्राप्त की जा सकती है।

**2. उत्पादों और/या सेवाओं के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग के बारे में उपभोक्ताओं को सूचित करने और शिक्षित करने के लिए उठाए गए कदम।**

ग्राहकों को संविदात्मक आवश्यकताओं के अनुसार उत्पादों या प्रणालियों पर परिचालन नियमावली और प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

**3. उपभोक्ताओं को आवश्यक सेवाओं के बाधित/बंद होने के किसी भी जोखिम के बारे में सूचित करने के लिए तंत्र मौजूद है।**

बीएचईएल अपने ग्राहकों के साथ नियमित संपर्क में है और किसी भी व्यवधान (उदाहरण के लिए हाल के दिनों में कीविड–19 के कारण) को ईमेल, पत्र और अनुबंध/खरीद आदेश में सहमत किसी भी अन्य संचार माध्यम से सूचित किया जाता है। इसके अलावा, स्थापित मशीनों की प्रदर्शन निगरानी रिपोर्ट या ग्राहक प्रतिक्रिया के आधार पर ग्राहकों के साथ सक्रिय बातचीत से ग्राहक परिसर में संचालन में व्यवधान को रोकने में मदद मिलती है। ग्राहकों को उनकी मशीनों के बारे में पत्रों या अन्य डिजिटल माध्यमों के रूप में आवधिक संचार/संपर्क किया जाता है जिनका जीर्णोद्धार या अनिवार्य निरीक्षण बकाया या होना रहता है।

**4. क्या संस्था स्थानीय कानूनों के अनुसार अनिवार्य उत्पाद के बारे में उत्पाद की जानकारी प्रदर्शित करती है? (हां/नहीं/लागू नहीं)। यदि हां, तो संक्षिप्त विवरण दें। क्या आपकी इकाई ने इकाई के प्रमुख उत्पादों/सेवाओं, इकाई के परिचालन के महत्वपूर्ण स्थानों या समग्र रूप से इकाई से संबंधित उपभोक्ता संतुष्टि के संबंध में कोई सर्वेक्षण किया है? (हां नहीं)**

इंड एएस के अनुरूप वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए प्रबंधन को मूल्यांकन करने और अनुमान लगाने की आवश्यकता होती है जो लेखांकन नीतियों और परिसंपत्तियों, देनदारियों, आय और व्यय की रिपोर्ट की गई राशि को प्रभावित करते हैं। वास्तविक परिणाम इन अनुमानों से अलग हो सकते हैं। अनुमानों की समीक्षा निरंतर आधार पर की जाती है। तदनुसार, लेखांकन अनुमानों में पूर्व प्रभाव से पुनरीक्षण किया जाता है।

**लेखांकन नीतियों को लागू करने में महत्वपूर्ण अनुमान और मूल्यांकन**

वित्तीय विवरणों में उल्लिखित राशियों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने वाली लेखांकन नीतियों को लागू करने में किए गए अनुमान और मूल्यांकन इस प्रकार हैंः

**i) राजस्व**

कंपनी निर्माण ठेकों/अनुबंधों के लिए राजस्व लेखांकन में अपनाए गए लागत दृष्टिकोण के आधार पर इनपुट पद्धति का उपयोग करती है। इनपुट पद्धति के उपयोग के लिए कंपनी को अपने निष्पादन दायित्व की संतुष्टि के लिए कुल अपेक्षित लागत के सापेक्ष लागत का अनुमान लगाना अपेक्षित होता है। अनुबंध की अवधि के दौरान अनुमानों का लगातार मूल्यांकन किया जाता है और कंपनी निर्धारित समयांतराल में प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में अपने प्रदर्शन दायित्वों की पूर्ण संतुष्टि की दिशा में अपनी प्रगति का पुनः आकलन करती है।

कंपनी रिपोर्टिंग अवधि के अंत में मौजूद परिस्थितियों और रिपोर्टिंग अवधि के दौरान परिस्थितियों में बदलाव का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि में अपने अनुमानित लेनदेन मूल्य को अपडेट करती है।

**ii) संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर**

आवधिक मूल्यह्रास के संबंध में प्रभार का आकलन संपत्ति की अपेक्षित उपयोगी अवधि एवं इसकी समाप्ति के बाद अपेक्षित अवशिष्ट मूल्य का अनुमान करने के बाद किया जाता है। कंपनी की परिसंपत्तियों के मूल्यह्रास विधि, उपयोगी जीवन और अवशिष्ट मूल्यों का अनुमान प्रबंधन द्वारा परिसंपत्ति के अधिग्रहण के समय लगाया जाता है एवं इसकी समीक्षा प्रत्येक वित्तीय वर्ष के दौरान की जाती है।

**iii) कर्मचारी लाभ योजनाएं**

कर्मचारी परिभाषित लाभ योजनाएं और दीर्घकालिक लाभ योजनाएं बीमांकिक म न्यताओं के आधार पर मापी जाती हैं। हालाँकि, इन मान्यताओं में किसी भी प्रकार के परिवर्तन का प्रभाव बताए गए दायित्वों और व्यय पर पड़ सकता है।

**iv) प्रावधान और आकस्मिकताएँ**

प्रावधानों और आकस्मिकताओं की पहचान हेतु सम्पन्न आकलन वर्तमान उपलब्ध सूचना के आधार पर प्रबंधन के सर्वोत्तम निर्धारण के अनुसार किए गए हैं।

### 2. संपत्ति संयंत्र और उपकरण (पीपीई)

आवधिक मूल्यह्रास के संबंध में प्रभार का आकलन संपत्ति की अपेक्षित उपयोगी अवधि एवं इसकी समाप्ति के बाद अपेक्षित अवशिष्ट मूल्य का अनुमान करने के बाद किया जाता है।

संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर (विदेश में संविदा के तहत उपयोग किए गए के अलावा) पर मूल्यह्रास की गणना कंपनी, अधिनियम, 2013 की अनुसूची II में निर्धारित उपयोगी लाभप्रदता काल–खंड के अनुसार स्ट्रेट लाइन विधि द्वारा की जाती है, इसमें से तकनीकी रूप से अनुमानित उपयोगी काल–खंड के आकलन के आधार पर उपयोगी काल–खंड वाली निम्नलिखित मदों को छोड़कर यह गणना की जाती हैः–

| संपत्ति श्रेणी | (वर्ष) |
|---|---|
| प्लांट एवं उपकरण | 15.30 |
| बिल्डिंग | 5.60 |
| बिजली अधिष्ठापन एवं उपकरण | 10.30 |
| इरेकशन उपकरण, कैपिटल टूल्स एवं टैकल | 5 |
| जल निकासी, सीवरेज और जल आपूति | 30 |
| सर्वर और नेटवर्क | 5 |
| सौर ऊर्जा उत्पादन संयंत्र | 25 |

मूल्यह्रास विधियां, उपयोगी जीवन और अवशिष्ट मूल्यों की समीक्षा प्रत्येक वित्तीय वर्ष में की जाती है और परिवर्तन, यदि कोई हो, को संभावित रूप से हिसाब में लिया जाता है। जब तक कंपनी लीज अवधि के अंत तक स्वामित्व प्राप्त नहीं कर लेगी, तब तक उपयोग की जाने वाली परिसंपत्तियाँ लीज अवधि के छोटे और उनके उपयोगी लाभप्रदता वाले समयांतराल से अधिक हो जाती हैं। फ्री होल्ड जमीन का मूल्यह्रास नहीं होता है।

प्रॉपर्टी प्लांट और उपकरण जिनकी लागत रु 10,000/– या उससे कम है और जिनका वर्ष की शुरुआत में लिखित मूल्य 10,000/– रुपए या उससे कम है, का पूरी तरह से मूल्यह्रास होता है।

इरेक्शन/परियोजना स्थलों परः सड़कों, पुलों और पुलियों की लागत अनुबंध के कार्यकाल पर पूरी तरह से परिशोधित होती है, जबकि शेड, रेलवे साइडिंग, विद्युत प्रतिष्ठान और अन्य समान सक्षम कार्यों (अस्थायी संरचनाओं के अलावा) के कार्यकाल में मूल्यह्रास किया जाता है। अवशिष्ट मूल्य को बनाए रखने के बाद अनुबंध, यदि कोई हो।

भारत के बाहर लंबी अवधि के अनुबंधों के लिए उपयोग की जाने वाली परिसंपत्तियों का मूल्यह्रास अनुबंध की प्रारंभिक अवधि में होता है।

निर्माण के वर्ष में अस्थायी संरचनाएं पूरी तरह से ह्रासमान हैं।

अलग–अलग उपयोगी जीवन के साथ महत्वपूर्ण घटकों को अलग से हिसाब में लेकर मूल्यह्रास किया जाता है।

**बीएचईएल–जीई गैस टर्बाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के मामले में**

परिसंपत्तियों के अनुमानित उपयोगी जीवन का सरल रेखा पद्धति पर मूल्यह्रास प्रदान किया जाता है, जो कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II के तहत निर्धारित दरों के बराबर/कम है । परिसंपत्तियों के वास्तविक उपयोग को प्रतिबिंबित करने के लिए अनुमानित उपयोगी जीवन परिसंपत्तियों का मूल्यांकन तकनीकी मूल्यांकन पर आधारित है।

| संपत्ति श्रेणी | अनुमानित उपयोगी जीवन (वर्ष मे) |
|---|---|
| प्लांट एवं उपकरण | 2-25 |
| बिजली अधिष्ठापन | 2-10 |
| फर्नीचर एवं फिक्सचर | 3-10 |
| कंप्यूटर | 2-5 |
| कार्यालय उपकरण | 2-10 |

राइट–ऑफ–यूज एसेट का मूल्यह्रास स्ट्रेट–लाइन पद्धति का उपयोग करके शुरू होने की तारीख से लेकर राइट–ऑफ–यूज एसेट के उपयोगी जीवन के अंत तक या लीज अवधि की समाप्ति तक किया जाता है।

**रायचूर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के मामले में**

मूल्यह्रास सीईआरसी/केईआरसी विनियमन 2009 में निर्दिष्ट दरों पर स्ट्रेट लाइन पद्धति के आधार पर प्रदान किया जाता है।

परिसंपत्तियों का मूल्यह्रास लागत की 90% सीमा तक किया जाता है और 10% को अवशेष मूल्य के रूप में रखा जाता है।

परिसम्पत्तियों में वृद्धि पर मूल्यह्रास यथानुपात आधार पर प्रदान किया जाता है अर्थात उस तिथि से/(तक) जब तक कि परिसंपत्तियां अपने नियत उपयोग (निपटान) के लिए उपलब्ध हों। 5000 रु. तक की निजी परिसंपत्ति पर उपयोग में न लाए जाने के वर्ष में पूरी तरह से मूल्यह्रास लगाया जाता है।

**एनटीपीसी–बीएचईएल पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के संबंध में**

संपत्ति, संयंत्र और उपकरणों पर मूल्यह्रास कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची–II में निर्धारित उपयोगी कार्य अवधि के अनुसार स्ट्रेट लाइन पद्धति पर किया जाता है।

### 3. पट्टे

व्यवस्था के आरंभ में ही कंपनी यह सुनिश्चित करती है कि उक्त व्यवस्था पट्टा है अथवा इसमें पट्टा शामिल है।

प्रारंभिक मान्यता के बाद लीज/पट्टे पर ली गई परिसंपत्तियों को लागत पर परिसंपत्ति के राइट–ऑफ–यूज के तहत पूंजीगत किया जाता है, जिसमें वर्तमान मूल्य पर लीज देयता का प्रारंभिक निर्धारण, प्रोत्साहन के बिना प्रारंभिक पट्टा भुगतान, निहित परिसंपत्ति को नष्ट किए जाने और हटाने की प्रारंभिक प्रत्यक्ष लागत शामिल हैं।

पट्टों के तहत किए गए पट्टा भुगतान वित्त व्यय और बकाया लीज देयता में की गई कमी के मध्य सेट/स्थिर किया जाता है। लीज अवधि के दौरान प्रत्येक अवधि के लिए वित्त व्यय आवंटित किया जाता है ताकि दायित्व/देयता के अधिशेष पर लगातार आवधिक दर का उत्पादन किया जा सके। वित्त पट्टे पर दी गई संपत्ति के लिए, कंपनी प्रभावी ब्याज दर पद्धति का उपयोग करके पट्टा अवधि में वित्तीय आय को मान्यता देती है।

आरंभिक प्रत्यक्ष लागतें वित्त पट्टा प्राप्य के प्रारंभिक निर्धारण में शामिल हैं और पट्टे की अवधि में मान्य आय को कम करती हैं। पट्टा परिचालन से होने वाली आय को स्ट्रेट लाइन पद्धति के आधार पर पट्टे की अवधि में आय के रूप में जाना जाता है, जहां पट्टे के किराये में आवधिक वृद्धि अपेक्षित सामान्य मुद्रास्फीति के अनुरूप है।

### 4. अमूर्त परिसंपत्ति

10000/ – से अधिक की कीमत वाली अमूर्त वस्तुओं का कम संचित परिशोधन और संचित हानि, यदि कोई हो, पर पूँजीकरण के लिए मूल्यांकन किया जाता है।

अमूर्त संपत्ति को जो उपयोग के लिए उपलब्ध हैं, को स्टेटमेंट ऑफ प्रॉफिट और लॉस में स्ट्रेट लाइन पद्धति में अनुमानित तारीख से उपयोगी लाभप्रदता काल हेतु संशोधित किया जाता है। अमूर्त संपत्ति के लिए अनुमानित उपयोगी जीवन निम्नानुसार हैं:

सॉफ्टवेयर 3 साल

अन्य 10 साल

वर्ष की शुरुआत में 10000/– या उससे कम डब्ल्यूडीवी की अमूर्त संपत्ति का पूरी तरह से परिशोधन किया जाता है।

परिशोधन अवधि और परिशोधन के तरीकों की प्रत्येक वित्तीय वर्ष में समीक्षा की जाती है और परिवर्तन, यदि कोई हो, का लेखा–जोखा संभावित रूप से किया जाता है।

अनुसंधान गतिविधियों पर व्यय, लाभ और हानि के रूप में मान्यता प्राप्त है। विकास गतिविधियों पर व्यय तभी पूंजीगत होता है जब व्यय को मजबूती से मापा जा सकता है, उत्पाद या प्रक्रिया तकनीकी और व्यावसायिक रूप से संभव है, भविष्य के आर्थिक लाभ संभावित हैं और कंपनी के पास विकास कार्य कराने एवं संपत्ति के उपयोग अथवा विक्रय के पर्याप्त संसाधन हैं। खर्च की गई पूंजी में सामग्री की लागत, प्रत्यक्ष श्रम, ओवरहेड लागत शामिल हैं जो कि स्थिति के अनुसार इसके इच्छित उपयोग एवं उधार लेने की लागत के लिए संपत्ति तैयार करने के लिए सीधे जिम्मेदार हैं।

अनुसंधान और विकास हेतु अधिग्रहीत संपत्ति को पूंजीगत किया जाता है।

## 5. उधार लागत

अर्हक संपत्तियों के अधिग्रहण, निर्माण या उत्पादन से संबंधित प्रत्यक्ष उधार लागत को ऐसी परिसंपत्तियों की लागत में जोड़ा गया है।

जिस परिसंपत्ति में उपयोग या बिक्री हेतु तैयार होने में आवश्यक रूप से अधिक समय लगता है, जैसे कि बारह महीने से ज्यादा, उसे इस प्रयोजन के लिए अर्हक परिसंपत्ति माना जाता है।

अन्य सभी उधार लागतों को उस अवधि के लाभ – हानि के स्टेटमेंट में दर्शाया गया है, जिसमें वे खर्च हुए हैं।

## 6. माल सूची

इन्वेंटरी की कीमत लागत अथवा शुद्ध वसूली योग्य मूल्य, जो भी कम हो, पर निकाली जाती है। तैयार माल और कार्य–प्रगति के मूल्यांकन के संदर्भ में, लागत का मतलब कारखाना लागत है। कच्चे माल, घटकों, खुले उपकरणों, दुकानों और पुर्जों की लागत के संदर्भ में लागत का अर्थ भारित औसत लागत है।

## 7. राजस्व मान्यता

जिन वस्तुओं या सेवाओं के लिए ग्राहकों से वादा किया गया है, उनके अंतरण को दर्शाने के लिए राजस्व को ऐसी राशि में दर्शाया गया है, जो उस प्रतिफल को दर्शाती है, जिसे वह संस्था उन वस्तुओं या सेवाओं के बदले में प्राप्त करने के लिए पात्र होने की उम्मीद रखती है।

निर्माण और दीर्घकालिक सेवा अनुबंधों के संबंध में, कंपनी माल या सेवाओं का नियंत्रण ग्राहक को स्थानांतरित करती है और कुछ समय के बाद राजस्व का निर्धारण करती है। राजस्व का निर्धारण लागत दृष्टिकोण पर आधारित इनपुट पद्धति से किया जाता है। समय के साथ संतुष्ट निष्पादन बाध्यता की पूर्ण संतुष्टि की प्रगति को रिपोर्टिंग अवधि के अंत में फिर से मापा जाता है।

माल और सेवाओं की बिक्री से प्राप्त राजस्व का निर्धारण नियंत्रण को ग्राहक को अंतरित करते समय और अनुबंध के तहत निष्पादन दायित्वों की संतुष्टि के आधार पर किया गया है।

### अन्य आय

- लाभ और हानि विवरण/स्टेटमेंट में कंपनी को भुगतान प्राप्ति हेतु निर्धारित तिथि को लाभांश से प्राप्त आय मान्य है।
- ब्याज आय, प्रभावी ब्याज दर पद्धति के उपयोग द्वारा मान्य है।
- निर्यात प्रोत्साहन/शुल्क वापसी और बीमा के लिए दावों का प्रोद्भवन आधार पर किया जाता है।

**बीएचईएल–जीई गैस टर्बाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के मामले में:**

**पाट्र्स की बिक्री**

सामान्य गतिविधियों के दौरान गैस टरबाइन पाट्र्स की बिक्री से प्राप्त राजस्व को बिक्री कर और बिक्री रिटर्न को घटाकर प्राप्त या प्राप्य प्रतिफल के उचित मूल्य पर मापा जाता है। राजस्व को ग्राहकों को वादा किए गए उत्पादों या सेवाओं के नियंत्रण को उस राशि में हस्तांतरित करने पर पहचाना जाता है जो उन उत्पादों या सेवाओं के बदले में प्राप्त होने वाले प्रतिफल को दर्शाता है।

**अभियांत्रिकी सेवाएं**

निश्चित–मूल्य, निश्चित–समय–सीमा इंजीनियरिंग और आपूर्ति अनुबंधों से राजस्व, जहां निष्पादन दायित्व समय के साथ पूरे किए जाते हैं और जहां माप या विचार की संग्रहणीयता के विषय में कोई अनिश्चितता नहीं है, उसे पूर्णता प्रतिशत विधि के अनुसार मान्यता दी जाती है।

**रिपेयर सेवाएँ**

रिपेयर सेवाओं के मामले में, राजस्व ग्राहक के साथ अनुबंध की शर्तों के अनुसार निर्धारित किया जाता है। रिपेयर सेवा अनुबंध के तहत आपूर्ति किए गए प्रतिस्थापन पाट्र्स की बिक्री को ग्राहक को स्वामित्व के महत्वपूर्ण जोखिम और प्रतिफल के हस्तांतरण पर स्वीकार की जाती है और यह बिक्री कर और बिक्री रिटर्न को छोड़कर होती है।

**रायचूर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आरपीसीएल) के मामले में** ठेकेदारों को दिए गए कार्य अग्रिम पर ब्याज से उत्पन्न ठेकेदारों की आय की गणना वसूली/स्वीकृति के आधार पर की जाती है।

- सीईआरसी/केईआरसी दिशानिर्देशों के अनुसार अस्थिर ऊर्जा की बिक्री और अन्य विविध प्राप्तियों से प्राप्त राजस्व की गणना पूंजी लागत से कम करके की जाती है।
- ऊर्जा की बिक्री से प्राप्त राजस्व को सीईआरसी/केईआरसी

(जनरेशन टैरिफ के निर्धारण के लिए नियम और शर्तें) विनियम 2014 के दिशानिर्देशों के अनुसार मान्यता दी गई है।

## 8. विदेशी मुद्रा अंतरण/लेनदेन (विनिमय)

विदेशी मुद्राओं में लेन–देन को लेन–देन की तिथि को लागू विनिमय दर पर दर्ज किया जाता है।

विदेशी मुद्रा वाली वित्तीय परिसंपत्तियों और देनदारियों को प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में लागू विनिमय दरों पर कार्यात्मक मुद्रा में परिवर्तित किया जाता है। निपटान और अंतरण से होने वाले विदेशी मुद्रा लाभ अथवा हानि को लाभ एवं हानि विवरण में दर्शाया जाता है।

ऐतिहासिक लागत पर मापी गई एवं विदेशी मुद्रा में दर्शायी गई गैर–मौद्रिक देनदारियों और गैर–मौद्रिक परिसंपत्तियों को लेनदेन की तारीख को लागू विनिमय दर पर परिवर्तित (अदल–बदल) किया जाता है।

## 9. कर्मचारी लाभ

### परिभाषित योगदान योजना

कंपनी द्वारा कर्मचारियों हेतु पेंशन एवं फेमिली पेंशन फंड में किया गया योगदान अंशदायी योजना के अंतर्गत आता है तथा कर्मचारियों द्वारा प्रदत्त सेवा–काल हेतु लाभ एवं हानि विवरणिका में इसे कर्मचारी लाभ व्यय के नाम से जाना जाता है।

### परिभाषित लाभ योजनाएं

कंपनी की ग्रेच्युटी योजना, भविष्य निधि योजना, सेवानिवृत्ति पर यात्रा का दावा और सेवानिवृत्ति के बाद की चिकित्सा सुविधा योजना परिभाषित लाभ योजनाओं के अंतर्गत आती हैं।

इस परिभाषित लाभ योजना के संबंध में बैलेंस शीट में दर्शाई गई देयता रिपोर्टिंग अवधि के अंत में योजित संपत्तियों के उचित मूल्य के साथ वर्तमान लाभ देयता है। परिभाषित लाभ दायित्व प्रतिवर्ष अनुमानित क्रेडिट यूनिट का उपयोग करके स्वतंत्र एक्ट्यूरीज द्वारा गणना की जाती है। परिभाषित लाभ दायित्व का वर्तमान मूल्य एक उपयुक्त सरकारी बॉन्ड दर का उपयोग करके अनुमानित भविष्य के नकदी बहिर्वाह को छूट देकर निर्धारित किया जाता है, जिसमें संबंधित दायित्व की शर्तों के लिए परिपक्वता की शर्तें होती हैं।

एक्चुअरी लाभ और हानि के साथ–साथ योजना परिसंपत्तियों पर वापसी और शुद्ध परिभाषित लाभ देयता (परिसंपत्ति) पर शुद्ध ब्याज में शामिल राशियों के बीच अंतर को अन्य व्यापक आय (आयकर के शुद्ध) के रूप में दर्शाया गया है।

परिभाषित लाभ योजनाओं से संबंधित अन्य खर्चों को लाभ और हानि के विवरण में दर्शाया गया है।

### दीर्घकालिक अवकाश देयता

कंपनी संचित क्षतिपूरित अनुपस्थिति की अनुमानित लागत का परिकलन रिपोर्टिंग अवधि के अंत में संचित अप्रयुक्त हकदारी के परिणामस्वरूप प्रदान की जाने के लिए अपेक्षित अतिरिक्त राशि के रूप में करती है। गैर–संचित क्षतिपूरित अनुपस्थिति पर व्यय को उस अवधि में दर्शाया गया है जिसमें अनुपस्थिति होती है। कंपनी अनुमानित यूनिट क्रेडिट पद्धति का उपयोग करके निर्धारित बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर संचित शेष राशि के लिए एक देयता दर्ज करती है। दीर्घकालिक लाभ योजनाओं से संबंधित पुनर्मापन एवं अन्य व्यय को लाभ एवं हानि सबंधी विवरणिका में दर्शाया गया है।

## 10. प्रावधान

(i) कंपनी के विरुद्ध निर्णीत हर्जाने के दावों को, समान लेन–देन के अनुभव से उपलब्ध जानकारी के संदर्भ में प्रबंधन द्वारा संभावित परिणाम के आकलन के आधार पर वित्तीय विवरणों में दर्शाया जाता है।

(ii) जब कंपनी संबंधित उत्पादों या अनुबंधों पर राजस्व का निर्धारण करती है और वारंटी अवधि के दौरान इसे बनाए रखती है तो कंपनी वारंटी के लिए अनुमानित लागत प्रदान करती है। प्रावधान पिछले अनुभव/ तकनीकी मूल्यांकन पर आधारित है।

(iii) जब यह संभावित हो कि कुल अनुबंध लागत कुल अनुबंध राजस्व से अधिक हो जाएगी, तो अनुमानित नुकसान का तुरंत पता लगाया जाता है।

(iv) यदि किसी पिछली घटना के परिणामस्वरूप अन्य प्रावधानों को मान्यता दी जाती है, तो कंपनी पर वर्तमान कानूनी या निर्माण संबंधी देयता होती है जिसका अनुमान विश्वसनीय रूप से लगाया जा सकता है, और यह संभव है कि देयता के निपटान के लिए आर्थिक लाभ को खर्च करने की जरूरत पड़े।

तथापि, जहां धन के कालिक मूल्य का प्रभाव प्रत्यक्ष रूप में हो, जहां भी लागू हो, प्रावधानों को भविष्य के अनुमानित नकदी प्रवाह को छोड़कर निर्धारित किया जाता है।

## 11. सरकारी अनुदान

सरकारी अनुदानों को तभी मान्यता दी जाती है जब आश्वासन मिलता है कि उनसे जुड़ी शर्तों का अनुपालन किया जाएगा, और अनुदान प्राप्त किया जाएगा। गैर मौद्रिक अनुदानों को परिसंपत्तियों के उचित मूल्य के रूप में देखा जाता है और इसे आस्थगित आय के रूप में माना जाता है। आस्थगित आय को संपत्ति के उपयोगी लाभप्रदता काल पर व्यवस्थित और तर्कसंगत आधार पर लाभ – हानि विवरण में दर्शाया जाता है। राजस्व से संबंधित सरकारी अनुदान को संबंधित लागतों के साथ मिलान हेतु आवश्यक अवधियों पर लाभ और हानि के विवरण में एक व्यवस्थित आधार पर मान्यता दी जाती है, जिसकी वे क्षतिपूर्ति करना चाहते हैं।

## 12. आय–कर

आयकर व्यय में वर्तमान कर और आस्थगित कर शामिल हैं। आयकर व्यय को लाभ और हानि के विवरण में दर्शाया जाता है, किंतु अन्य व्यापक आय या प्रत्यक्ष इक्विटी मदों से संबंधित आयकर को छोड़कर। वर्तमान कर वर्ष के लिए कर योग्य आय पर देय कर है, जो रिपोर्टिंग अवधि के अंत में लागू कर दरों (कर कानूनों) का उपयोग करते हुए निर्धारित किया गया है और इसमें पिछले वर्षों के कर को भी समायोजित किया गया है।

आस्थगित कर बैलेंस शीट पद्धति का उपयोग करके निर्धारित किया गया है, जो बैलेंस शीट में परिसंपत्ति या देयता की राशि और उसके कर

आधार के बीच के अस्थायी अंतर के लिए प्रावधान किया गया है।

आस्थगित कर का परिकलन उन कर दरों पर किया जाता है, जिनका अस्थायी अंतर को रिपोर्टिंग अवधि के अंत तक लागू विधियों के आधार पर प्राप्त किए जाने अथवा निपटाए जाने पर लागू होना अपेक्षित है।

आस्थगित कर परिसंपत्ति उतनी दर्शाई जाती है, जिससे कि भविष्य में इतना कर योग्य लाभ उपलब्ध हो कि उसके साथ अस्थायी अंतर को समायोजित किया जा सके।

आस्थगित कर परिसंपत्तियों की दर्शाई गई राशि की समीक्षा प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि में की जाती है और इस सीमा तक कम कर दी जाती है कि अब यह सम्भावना नहीं रह जाती है कि संबंधित कर लाभ की प्राप्ति हो पाएगी।

लाभांश के वितरण से उत्पन्न होने वाले अतिरिक्त आयकर को उसी समय मान्यता दी जाती है जब संबंधित लाभांश का भुगतान करने की देयता को मान्यता दी जाती है।

## 13. परिसंपत्तियों की हानि

### वित्तीय परिसंपत्तियों की हानि

व्यापार और पट्टे की प्राप्य राशियों के संबंध में हानि भत्ते का परिकलन आजीवन अपेक्षित क्रेडिट लॉस के बराबर राशि के रूप में किया जाता है।

अन्य उन सभी वित्तीय परिसंपत्तियों के संबंध में, जिन्हें इम्पेयर किया जाना आवश्यक है, यदि उस वित्तीय लिखत पर क्रेडिट जोखिम प्रारंभिक मान्यता के बाद से काफी बढ़ गया है, तो हानि भत्ते का परिकलन आजीवन अपेक्षित क्रेडिट लॉस के बराबर राशि के रूप में किया जाता है। तथापि, यदि रिपोर्टिंग तिथि पर, वित्तीय उपकरण पर क्रेडिट जोखिम प्रारंभिक मान्यता के बाद से बहुत अधिक नहीं बढ़ा है, तो हानि भत्ते को 12 महीने की अपेक्षित क्रेडिट हानि के बराबर राशि पर मापा जाता है।

### गैर–वित्तीय परिसंपत्तियों की हानि

नकदी पैदा करने वाली इकाइयों की मात्रा की समीक्षा प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर की जाती है, जहां किसी भी तरह की हानि का संकेत होता है। लाभ और हानि का आकलन हुए नुकसान के आधार पर किया जाता है, जहां कैरींग राशि नकदी पैदा करने वाली इकाइयों की वसूली योग्य राशि से अधिक होती है। यदि संकेतों से पता चलता है कि हानि में कमी आई है अथवा अब हानि नहीं हो रही है, तो पूर्व कालावधि में नुकसान से हुई हानि का आकलन प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि को किया जाता है। यदि वसूली राशि को इंगित करते हुए लागत में परिवर्तन हो तो, इम्पेयरमेंट लॉस को बदला जा सकता है।

यदि कोई इम्पेयरमेंट लॉस होना नहीं पाया गया है तथा संपत्ति की वहन राशि निर्धारित राशि से अधिक नहीं है, जो मूल्यह्रास या परिशोधन का शुद्ध है तो इम्पेयरमेंट लॉस को बदला जा सकता है।

## 14. सेगमेंट रिपोर्टिंग

खंडों के राजस्व और व्यय का निर्धारण खंड विशेष की परिचालन गतिविधियों के साथ उनके संबंध के आधार पर किया जाता है। जो राजस्व, व्यय, परिसंपत्तियां और देयताएं उचित आधार पर खंडों के लिए आवंटित नहीं की जा सकती हैं, उन्हें अनावंटित राजस्व/ व्यय/ सम्पत्ति/ देनदारियों के तहत शामिल किया गया है।

## 15. वित्तीय लिखत

### i) नॉन–डेरिवेटिव वित्तीय लिखत

नॉन–डेरिवेटिव वित्तीय लिखतों को निम्नलिखित रूप में वर्गीकृत किया गया है:

– ए) परिशोधित लागत और (बी) लाभ एवं हानि ("FVTPL") के माध्यम से उचित मूल्य पर निर्धारित वित्तीय परिसंपत्तियां।

– परिशोधित लागत पर निर्धारित वित्तीय देनदारियां

प्रारंभ में, सभी वित्तीय लिखतों को उनके उचित मूल्य पर निर्धारित किया जाता है। यदि वित्तीय लिखतों को एफवीटीपीएल के माध्यम से निर्धारित नहीं किया जाता है, तो कैरींग राशि का निर्धारण करने में लेनदेन की लागत शामिल होती है, जब वित्तीय परिसंपत्तियों के स्वामित्व के पर्याप्त जोखिम और प्रतिफल न तो अंतरित किए जाते हैं और न ही रोककर रखे जाते हैं तब वित्तीय परिसंपत्तियों को उसी स्थिति में डि–रेकोग्नाइज किया जाता है, जब कंपनी ने वित्तीय परिसंपत्तियों पर नियंत्रण नहीं रखा हो। जब संविदात्मक दायित्वों के निर्वहन या रद्द होने या समाप्त होने की स्थिति में वित्तीय देनदारियों को डि–रेकोग्नाइज किया जाता है।

बाद में नॉन–डेरिवेटिव वित्तीय संपत्तियों का निर्धारण निम्न रूप में किया जाता है:

**क. परिशोधित लागत –**

"परिशोधित लागत पर वित्तीय लिखत का निर्धारण बाद में प्रभावी ब्याज दर (ईआईआर) पद्धति से परिशोधित लागत पर किया जाता है। परिशोधित लागत का परिकलन उस छूट या अधिग्रहण पर प्रीमियम और शुल्क या लागत को ध्यान में रखकर किया जाता है, जो ईआईआर का अभिन्न अंग हैं। ईआईआर परिशोधन को लाभ और हानि में दर्शाया जाता है। इम्पेयरमेन्ट से होने वाले नुकसान को लाभ – हानि विवरण में दर्शाया जाता है।

**ख. एफवीटीपीएल श्रेणी –**

इस श्रेणी में वर्गीकृत वित्तीय लिखत बाद में लाभ – हानि विवरण में दर्ज परिवर्तनों सहित उचित मूल्य पर तैयार किए जाते हैं। प्रत्यक्ष लेनदेन लागत को लाभ – हानि विवरण में खर्च के रूप में दर्शाया जाता है।

नॉन–डेरिवेटिव वित्तीय देनदारियों को बाद में निम्न रूप में दर्शाया जाता है:

प्रारंभिक निर्धारण के बाद, नॉन–डेरिवेटिव वित्तीय देनदारियों को प्रभावी ब्याज पद्धति का उपयोग करके परिशोधित लागत पर निर्धारित किया जाता है।

**ii) डेरिवेटिव वित्तीय लिखत**

यदि प्रत्यक्ष प्रभाव डालने वाला कोई एंबेडेड डेरिवेटिव हो उसे हॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट से अलग रखा जाता है और अलग से हिसाब में लिया जाता है। यदि हॉस्ट कॉन्ट्रेक्ट की आर्थिक विशेषताएं एवं जोखिम और एम्बेडेड डेरिवेटिव आपस में जुड़े ना हों तो उसी प्रकार का एक अलग लिखत एम्बेडेड डेरिवेटिव को परिभाषित करेगा और संयुक्त लिखत को लाभ – हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर नहीं निर्धारित किया जाएगा।

प्रारंभिक निर्धारण के बाद, डेरिवेटिव को उचित मूल्य पर निर्धारित और परिकलित किया जाता है। लेनदेन की अट्रीब्युटेबल लागत को लाभ और हानि में लागत के रूप में दर्शाया जाता है। प्रारंभिक निर्धारण के बाद, डेरिवेटिव को लाभ–हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर निर्धारित किया जाता है।

## 17. नकद एवं नकद समतुल्य

नकद और नकद समतुल्य में बैंक में शेष और अपने पास उपलब्ध नकदी शामिल होती है। इसमें तीन महीने या उससे कम की मूल परिपक्वता के साथ सावधि जमा और अन्य अल्पकालिक मुद्रा बाजार जमा शामिल हैं जो आसानी से ज्ञात राशि में नकदी रूप में परिवर्तनीय हैं और मूल्य परिवर्तन के कम जोखिम के अधीन हैं।

## नोट [3क] – गैर चालू परिसंपत्तियाँ
## संपत्ति, संयंत्र एवं उपस्कर

संपत्ति, संयत्र एवं उपस्कर (पीपीई) पर लेखांकन नीति के लिए नोट 2 के बिंदु 2 को देखें (₹ करोड़ में)

| विवरण | 31 मार्च 2023 की स्थिति | 31 मार्च 2022 की स्थिति |
|---|---|---|
| सकल खंड | **6620.97** | 6330.89 |
| घटाएँ : संचित मूल्यह्रास | **4212.23** | 3994.55 |
| **निवल ब्लॉक (विवरण के लिए नोट 3.1 देखें)** | **2408.74** | **2336.34** |

आरओयू परिसंपत्तियों के संबंध में निवल ब्लॉक में ₹ 155.26 करोड़ (पिछले वर्ष ₹ 154.83 करोड़) शामिल हैं।

कंपनी ने इंड एएस 101 के तहत छूट का विकल्प चुना है, एवं तदनुसार इंड एएस ट्रांजिशन की दिनांक 31.03.2015 को प्राप्त मूल्य को निर्णीत कीमत माना गया है।

## नोट [3क] – गैर चालू परिसंपत्तियाँ
## प्रगति पर पूंजीगत कार्य

(₹ करोड़ में)

| विवरण | 31 मार्च 2023 की स्थिति | | 31 मार्च 2022 की स्थिति | |
|---|---|---|---|---|
| संयत्र, मशीनरी एवं अन्य उपस्कर | | | | |
| प्रगति पर इरेक्शन/ फेब्रिकेशन/प्रतीक्षारत इरेक्शन | **82.41** | | 131.43 | |
| ट्रांजिट में | **6.95** | **89.36** | 9.37 | 140.80 |
| प्रगति पर निर्माण कार्य –सिविल | | **253.96** | | 280.12 |
| निर्माण भंडार – (मार्गस्थ सहित) | | **1.27** | | 1.40 |
| कुल | | **344.59** | | **422.32** |

**सीडब्ल्यूआईपी कालप्रभावन सूची – 31 मार्च 2023** (₹ करोड़ में)

| विवरण | अवधि के लिए सीडब्ल्यूआईपी में राशि | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 वर्ष से कम | 1–2 वर्ष | 2–3 वर्ष | 3 वर्ष से अधिक | कुल |
| प्रगतिशील परियोजनाएं | **115.98** | **53.36** | **73.56** | **89.13** | **332.03** |
| अस्थायी रूप से स्थगित परियोजनाएं | **-** | **0.59** | **-** | **-** | **0.59** |

**सीडब्ल्यूआईपी पूर्णता सूची (सीडब्ल्यूआईपी जो अतिदेय है या इसकी मूल योजना की तुलना में इसकी लागत से अधिक हो गई है)– 31 मार्च, 2023 को** (₹ करोड़ में)

| विवरण | वर्ष में पूरा किया जाना है | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 वर्ष से कम | 1–2 वर्ष | 2–3 वर्ष | 3 वर्ष से अधिक | कुल |
| **परियोजनाएं प्रगति पर हैं** | | | | | |
| नई बिल्डिंग – नोएडा | **227.76** | **-** | **-** | **-** | **227.76** |
| ट्रांसफॉर्मर डबल बॉटलनेक्किंग | **10.27** | **-** | **-** | **-** | **10.27** |
| ₹ 10 करोड़ से कम की अन्य परियोजनाएं (कुल संख्या– 18) | **16.99** | **0.09** | **-** | **0.34** | **17.42** |
| **अस्थायी रूप से स्थगित परियोजनाएं** | | | | | |
| उपस्कर फेब्रिकेशन संयंत्र – भंडारा | **-** | **-** | **-** | **7.74** | **7.74** |
| ₹ 1 करोड़ से कम की अन्य परियोजनाएं (कुल संख्या – 4) | **-** | **0.280** | **-** | **1.60** | **1.88** |

## सीडबल्यूआईपी कालप्रभावन सूची – 31 मार्च 2022

(₹ करोड़ में)

| विवरण | अवधि के लिए सीडब्ल्यूआईपी में राशि | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 वर्ष से कम | 1–2 वर्ष | 2–3 वर्ष | 3 वर्ष से अधिक | कुल |
| प्रगतिशील परियोजनाएं | 115.39 | 127.88 | 115.41 | 51.31 | 409.99 |
| अस्थायी रूप से स्थगित परियोजनाएं | 0.59 | 0.07 | 2.36 | 9.31 | 12.33 |

## सीडब्ल्यूआईपी पूर्णता सूची (सीडब्ल्यूआईपी जो अतिदेय है या इसकी मूल योजना की तुलना में इसकी लागत से अधिक हो गई है) – 31 मार्च, 2022 को

(₹ करोड़ में)

| विवरण | वर्ष में पूरा किया जाना है | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 वर्ष से कम | 1–2 वर्ष | 2–3 वर्ष | 3 वर्ष से अधिक | कुल |
| प्रगतिशील परियोजनाएं | | | | | |
| नई बिल्डिंग – नोएडा | 217.38 | - | - | - | 217.38 |
| सेलेक्टिव कैटलिस्ट रीडक्सन प्लांट – बेंगलुरु | 62.12 | - | - | - | 62.12 |
| 10 करोड़ से कम की अन्य परियोजनाएं (कुल संख्या – 25) | 37.83 | - | - | - | 37.83 |
| **अस्थायी रूप से स्थगित परियोजनाएं** | | | | | |
| इक्युप्मेंट फेब्रिकेशन प्लांट – भंडारा | - | - | - | 7.74 | 7.74 |
| ₹ 1 करोड़ से कम की अन्य परियोजनाएं (कुल संख्या – 4) | 0.07 | - | - | 1.58 | 1.65 |

## नोट [4क] – गैर–चालू संपत्तियां

## अमूर्त संपत्तियां

अमूर्त परिसंपत्तियों पर लेखांकन नीति के लिए नोट 2 के बिंदु 4 को देखें

(₹ करोड़ में)

| विवरण | 31 मार्च 2023 की स्थिति | 31 मार्च 2022 की स्थिति |
|---|---|---|
| सकल खंड | **327.88** | 308.92 |
| घटाएँ: संचित परिशोधन | **260.64** | 246.80 |
| **निवल ब्लॉक (विवरण के लिए नोट 4.1 देखें)** | **67.24** | **62.12** |

कंपनी ने इंड एएस 101 के तहत छूट का विकल्प चुना है, एवं तदनुसार इंड एएस ट्रांजिशन की दिनांक 31.03.2015 को प्राप्त मूल्य को निर्णीत कीमत माना गया है

## नोट [4ख] – गैर–चालू संपत्तियां

## विकास के तहत अमूर्त संपत्तियां

(₹ करोड़ में)

| विवरण | 31 मार्च 2023 की स्थिति | 31 मार्च 2022 की स्थिति |
|---|---|---|
| विकास के तहत अमूर्त संपत्तियां | **9.26** | 8.66 |
| **कुल** | **9.26** | **8.66** |

## विकास के तहत अमूर्त संपत्तियों की कालप्रभावन सूची – 31 मार्च 2023 की स्थिति

(₹ करोड़ में)

| विवरण | अवधि के लिए विकास के तहत अमूर्त संपत्ति की राशि | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 वर्ष से कम | 1–2 वर्ष | 2–3 वर्ष | 3 वर्ष से अधिक | कुल |
| प्रगतिशील परियोजनाएं | 5.67 | 1.05 | - | 2.54 | 9.26 |
| अस्थायी रूप से स्थगित परियोजनाएं | - | - | - | - | - |

## निर्माणाधीन अमूर्त संपत्तियों की पूर्णता अनुसूची (जो अतिदेय हैं या मूल योजना की तुलना में इसकी लागत अधिक हो गई है) – 31 मार्च, 2023 को

(₹ करोड़ में)

| विवरण | वर्ष में पूरा किया जाना है | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 वर्ष से कम | 1–2 वर्ष | 2–3 वर्ष | 3 वर्ष से अधिक | कुल |
| **प्रगतिशील परियोजनाएं** | - | - | - | - | - |
| अस्थायी रूप से स्थगित परियोजनाएं | - | - | - | - | - |

## विकास के तहत अमूर्त संपत्ति की कालप्रभावन सूची – 31 मार्च 2022 की स्थिति

(₹ करोड़ में)

| विवरण | वर्ष में पूरा किया जाना है | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 वर्ष से कम | 1–2 वर्ष | 2–3 वर्ष | 3 वर्ष से अधिक | कुल |
| परियोजनाएं प्रगति पर | 1.39 | | 1.18 | 6.09 | 8.66 |
| परियोजनाएं अस्थायी रूप से स्थगित | - | - | - | - | - |

## निर्माणाधीन अमूर्त संपत्तियों की पूर्णता अनुसूची (जो अतिदेय हैं या मूल योजना की तुलना में इसकी लागत अधिक हो गई है) – 31 मार्च, 2022 को

(₹ करोड़ में)

| विवरण | वर्ष में पूरा किया जाना है | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 वर्ष से कम | 1–2 वर्ष | 2–3 वर्ष | 3 वर्ष से अधिक | कुल |
| **प्रगतिशील परियोजनाएं** | | | | | |
| एससीआर परियोजनाएं तकनीकी जानकारी | 4.71 | - | - | - | 4.71 |
| **अस्थायी रूप से स्थगित परियोजनाएं** | - | - | - | - | - |

## नोट 3.1 – संपत्ति, प्लांट व उपस्कर का विवरण

(₹ करोड़ में)

| विवरण | सकल ब्लॉक | | | | मूल्यह्रास/ परिशोधन | | | | निवल ब्लॉक | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 01.04.2022 को प्रारंभिक शेष | परिवर्धन/ समायोजन | कटौती/ समायोजन | 31.03.2023 को अंतिम शेष | 01.04.2022 पर संचित मूल्यह्रास | वर्ष के लिए मूल्यह्रास/ परिशोधन | मूल्यह्रास समायोजन | 31.03.2023 को संचित मूल्यह्रास | 31.03.2023 को निवल ब्लॉक | 31.03.2022 को निवल ब्लॉक |
| भूमि–फ्री होल्ड भूमि (विकास व्यय सहित) | 27.71 | 0.02 | 0.00 | **27.73** | 0.00 | 0.00 | 0.00 | **0.00** | **27.73** | 27.71 |
| भवन– फ्री होल्ड भवन | 1743.65 | 86.92 | (6.49) | **1824.08** | 669.59 | 56.04 | (5.48) | **720.15** | **1103.93** | 1074.06 |
| सड़कें, पुल एवं पुलियाँ | 15.85 | 0.25 | 0.00 | **16.10** | 14.16 | 0.60 | 0.00 | **14.76** | **1.34** | 1.69 |
| जल व मल निकासी एवं जल–आपूर्ति | 31.49 | 4.73 | (0.01) | **36.21** | 8.21 | 1.17 | (0.01) | **9.37** | **26.84** | 23.28 |
| प्लांट व मशीनरी | 3209.81 | 121.78 | (5.96) | **3325.63** | 2390.20 | 117.15 | (2.96) | **2504.39** | **821.24** | 819.61 |
| रेलवे साईडिंग | 8.85 | 0.00 | 0.00 | **8.85** | 5.31 | 0.44 | 0.00 | **5.75** | **3.10** | 3.54 |
| लोकोमोटिव व वेगन | 28.33 | 0.00 | 0.00 | **28.33** | 17.57 | 1.66 | 0.00 | **19.23** | **9.10** | 10.76 |
| फर्नीचर व फिक्चर्स | 62.09 | 9.03 | (1.11) | **70.01** | 44.08 | 4.60 | (0.86) | **47.82** | **22.19** | 18.01 |
| वाहन | 14.33 | 0.57 | (0.00) | **14.90** | 10.24 | 1.21 | (0.00) | **11.45** | **3.45** | 4.09 |
| कार्यालय व अन्य उपकरण | 141.10 | 7.72 | (1.46) | **147.36** | 120.11 | 9.69 | (1.23) | **128.57** | **18.79** | 20.99 |
| इलेक्ट्रॉनिक डाटा प्रोसेसिंग उपस्कर | 152.83 | 2.55 | 9.87 | **165.25** | 141.97 | 8.50 | 9.89 | **160.36** | **4.89** | 10.86 |
| इलेक्ट्रिकल अधिष्ठापन | 251.67 | 30.57 | 4.04 | **286.28** | 180.44 | 4.31 | 3.31 | **188.06** | **98.22** | 71.23 |
| निर्माण उपस्कर | 71.85 | 0.25 | (0.21) | **71.89** | 69.22 | 1.23 | (0.21) | **70.24** | **1.65** | 2.63 |
| 10,000/– तक की लागत वाली अचल संपत्तियाँ | 22.05 | 1.78 | (0.91) | **22.92** | 22.05 | 1.78 | (0.91) | **22.92** | **-** | - |
| सोलर पावर जेनरेशन | 119.54 | 19.84 | 4.08 | **143.46** | 26.48 | 4.87 | 1.10 | **32.45** | **111.01** | 93.06 |
| उपयोग के अधिकार वाली परिसंपत्तियाँ | **429.75** | **33.59** | **(31.37)** | **431.97** | **274.92** | **33.00** | **(31.21)** | **276.71** | **155.26** | **154.83** |
| कुल | **6330.90** | **319.60** | **(29.53)** | **6620.97** | **3994.55** | **246.25** | **(28.57)** | **4212.23** | **2408.74** | **2336.35** |
| पिछला वर्ष | 6172.41 | 208.19 | (49.71) | **6330.89** | 3746.26 | 295.79 | (47.50) | **3994.55** | **2336.34** | 2426.15 |

**नोटः**

सकल ब्लॉक (पूर्व में आईजीएएपी के अनुसार) 31.03.2023 को रु. 13756.12 करोड़ और 31.03.2022 को ₹ 13507.29 करोड़ था।

31.03.2023 को सकल ब्लॉक में ₹ 14.90 करोड़ रुपए ((पिछले वर्ष ₹ 7.11 करोड़) की अनुपयोगी व सक्रिय उपयोग में न आ रही संपत्तियाँ भी शामिल हैं।

31.03.2023 को निवल ब्लॉक में 0.12 करोड़ (पिछले वर्ष ₹ 0.12 करोड़) अनुपयोगी और सक्रिय उपयोग में न आ रही संपत्तियाँ भी शामिल हैं।

सकल ब्लॉक में भारत सरकार से अनुसंधान के लिए प्राप्त अनुदान से खरीदी गई संपत्ति की लागत शामिल नहीं है, क्योंकि यह संपत्ति ₹ 237.42 करोड़ रुपये (पिछले वर्ष 259.42 करोड़ रुपये) कंपनी की नहीं है।

वर्ष के दौरान परिसंपत्तियों में कोई ह्रास नहीं हुआ है।

## टेबल 3.1(क): राइट ऑफ यूज परिसंपत्तियों में शामिल हैं :

(₹ करोड़ में)

| विवरण | सकल ब्लॉक | | | | मूल्यह्रास/ परिशोधन | | | | निवल ब्लॉक | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 01.04.2022 को प्रारंभिक शेष | परिवर्धन/ समायोजन | कटौती/ समायोजन | 31.03.2023 को अंतिम शेष | 01.04.2022 पर संचित मूल्यह्रास | वर्ष के लिए मूल्यह्रास/ परिशोधन | मूल्यह्रास समायोजन | 31.03.2023 को संचित मूल्यह्रास | 31.03.2023 को निवल ब्लॉक | 31.03.2022 को निवल ब्लॉक |
| भूमि (विकास व्यय सहित) | 118.86 | 0.98 | 0.00 | **119.84** | 14.13 | 3.38 | (0.00) | **17.51** | **102.33** | 104.73 |
| भवन | 1.63 | 0.00 | 0.00 | **1.63** | 0.36 | 0.05 | 0.00 | **0.41** | **1.22** | 1.27 |
| प्लांट व मशीनरी | 37.81 | 8.46 | (6.26) | **40.01** | 23.10 | 10.62 | (6.26) | **27.46** | **12.55** | 14.71 |
| कार्यालय व अन्य उपस्कर | 16.84 | 0.00 | (0.33) | **16.51** | 15.02 | 0.42 | (0.31) | **15.13** | **1.38** | 1.82 |
| ईडीपी उपस्कर | 229.51 | 15.38 | (19.13) | **225.76** | 208.73 | 13.46 | (19.13) | **203.06** | **22.70** | 20.78 |
| वाहन | 5.50 | 3.80 | (2.87) | **6.42** | 3.08 | 1.34 | (2.74) | **1.68** | **4.74** | 2.42 |
| अन्य | 19.61 | 4.97 | (2.78) | **21.80** | 10.51 | 3.73 | (2.77) | **11.46** | **10.34** | 9.10 |
| **कुल** | **429.75** | **33.59** | **(31.37)** | **431.97** | **274.92** | **33.00** | **(31.21)** | **276.71** | **155.26** | **154.83** |
| पिछला वर्ष | 455.37 | 33.18 | (58.80) | **429.75** | 291.18 | 42.35 | (58.61) | **274.92** | **154.83** | 164.19 |

## नोट [3.1] – परिसंपत्ति, प्लांट व उपस्कर के बारे में अतिरिक्त प्रकटीकरण

| विवरण | 31 मार्च 2023 की स्थिति | 31 मार्च 2022 की स्थिति |
|---|---|---|
| 2. भूमि एवं भवन जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं: | | |
| क i) जमीन, जिसके लिए औपचारिक अंतरण पट्टा लिखत नहीं किया गया है (एकड़ में) | **8421.02** | 8421.02 |
| निवल ब्लॉक (₹ करोड़ में) | **64.96** | 65.68 |
| ii) फ्लैटों की संख्या, जिनके लिए औपचारिक पट्टा लिखत नहीं किया गया है (संख्या में) | **12** | 12 |
| निवल ब्लॉक (₹ करोड़ में) | **1.01** | 1.06 |
| iii) जमीन, जिसके लिए प्रदत लागत अनंतिम है; (एकड़ में) | **480.04** | 480.04 |
| पंजीकरण प्रभार एवं स्टांप शुल्क (प्रावधानों को छोड़कर), जिसकी गणना भुगतान पर की जाएगी।, | | |
| निवल ब्लॉक (₹ करोड़ में) | **61.26** | 61.98 |
| ख. रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के विभागों और अन्य को पट्टे पर दी गई जमीन (एकड़ में)) | **20.47** | 29.78 |
| ग. जमीन, जो प्रतिकूल/ अनधिकृत कब्जे में है (एकड़ में) | **873.48** | 883.66 |

घ. हरिद्वार संयंत्र में 1297.86 एकड़ (पिछला वर्ष 1297.86 एकड़) भूमि का म्यूटेशन लंबित है, जिसके लिए कानूनी कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। इसमें 934 एकड़ (PY 934 एकड़) भूमि ऐसी है जो बीएचईएल के कब्जे में है लेकिन वर्ष 2004 से 2007 में उत्तराखंड सरकार के सिडकुल के नाम पर गलत तरीके से म्यूटेट की गई है।

ङ. इसके अलावा, उत्तराखंड सरकार के दिनांक 01.12.2003 के कार्यालय ज्ञापन के तहत हरिद्वार संयंत्र में 8 एकड़ भूमि का आईओसीएल/ राज्य सरकार को हस्तांतरण लंबित है।

(उपर्युक्त (ख से ङ) की भूमि की लागत प्रत्यक्ष नहीं है)

## नोट [3.1] परिसंपत्ति, प्लांट व उपस्कर के बारे में अतिरिक्त प्रकटीकरण

| विवरण | 31 मार्च 2023 की स्थिति | 31 मार्च 2022 की स्थिति |
|---|---|---|
| 2. i) भूमि का कुल क्षेत्रफल एकड़ में | **16660.72** | 16660.72 |
| ii) 3(i) में से फ्री होल्ड भूमि (सेल डीड)/ कब्जे / लाइसेंस अधिकार (एकड़ में) | **15987.38** | 15987.38 |
| iii) 3(i) में से पट्टा होल्ड भूमि (एकड़ में) | **673.34** | 673.34 |

3. कंपनी 10000/— रु. तक की लागत/ओपनिंग नेट ब्लॉक वाले किसी पीपीई मद पर 100% मूल्यह्रास प्रदान करती है। पिछले वर्षों के प्रभाव पर विचार किए बिना, लाभ पर पीपीई की एक वस्तु पर 100% मूल्यह्रास प्रदान करने का प्रभाव निम्नानुसार हैः

(₹ करोड़ में)

| विवरण | 31 मार्च 2023 की स्थिति | 31 मार्च 2022 की स्थिति |
|---|---|---|
| 10,000/— रु. तक की पीपीई पर 100% मूल्यह्रास चार्ज ऑफ | **7.21** | 6.50 |
| घटाएँ : उपर्युक्त पर सामान्य मूल्यह्रास | **(4.39)** | (3.53) |
| वर्ष के लिए मूल्यह्रास के रूप में प्रभारित अतिरिक्त राशि | **2.82** | 2.97 |

4. परिसंपत्ति मुद्रीकरण अभियान के तहत, आवश्यक अनुमोदन के अधीन इन संपत्तियों (i) चटर्जी इंटरनेशनल सेंटर, कोलकाता में दूसरी मंजिल का कार्यालय (ii) इंदौर आवासीय फ्लैट, नागपुर — भूमि और भवन और (iii) वडोदरा टाउनशिप — भूमि और भवन, जिन सबका निवल ब्लॉक मूल्य ₹ 1.42 करोड़ है, की पहचान बिक्री के लिए की गई है।

## नोट 4.1 — अमूर्त परिसंपत्तियों का विवरण

(₹ करोड़ में)

| विवरण | सकल ब्लॉक | | | | मूल्यह्रास/ परिशोधन | | | | निवल ब्लॉक | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 01.04.2022 को प्रारंभिक शेष | परिवर्धन/ समायोजन | कटौती/ समायोजन | 31.03.2023 को अंतिम शेष | 01.04.2022 पर संचित मूल्यह्रास | वर्ष के लिए मूल्यह्रास/ परिशोधन | मूल्यह्रास समायोजन | 31.03.2023 को संचित मूल्यह्रास | 31.03.2023 को निवल ब्लॉक | 31.03.2022 को निवल ब्लॉक |
| **आंतरिक स्रोतों से विकसित** | | | | | | | | | | |
| — अन्य | 71.02 | 0.44 | 0.00 | **71.46** | 66.66 | 2.59 | 0.00 | **69.25** | **2.21** | 4.37 |
| **आंतरिक स्रोतों के अलावा अन्य स्त्रोतों से विकसित** | | | | | | | | | | |
| — सॉफ्टवेयर | 53.05 | 3.46 | (0.25) | **56.26** | 50.52 | 1.76 | (0.25) | **52.03** | **4.23** | 2.52 |
| — तकनीकी ज्ञान | 184.85 | 15.31 | 0.00 | **200.16** | 129.62 | 9.74 | 0.00 | **139.36** | **60.80** | 55.23 |
| **कुल** | **308.92** | **19.21** | **(0.25)** | **327.88** | **246.80** | **14.09** | **(0.25)** | **260.64** | **67.24** | **62.12** |
| पिछले वर्ष | 290.83 | 18.25 | (0.15) | **308.92** | 228.67 | 18.27 | (0.14) | **246.80** | **62.12** | 62.16 |

सकल ब्लॉक (पिछले आईजीएएपी के अनुसार) 31.03.2023 को ₹ 598.12 करोड़ एवं 31.03.2022 को ₹ 584.11 करोड़ था।

वर्ष के दौरान स्थायी परिसंपत्तियों में कोई ह्रास हानि नहीं हुई।

## नोट [5] – गैर चालू परिसंपत्ति

## निवेश (इक्विटी पद्धति का उपयोग करके हिसाब लगाया गया)

(₹ करोड़ में)

| विवरण | 31 मार्च 2023 की स्थिति | 31 मार्च 2022 की स्थिति |
|---|---|---|
| बीएचईएल गैस टर्बाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड | | |
| आरंभिक शुद्ध संपत्ति | **201.86** | 181.76 |
| वर्ष का लाभ/(हानि) | **56.02** | 50.42 |
| अन्य व्यापक आय | **0.59** | 0.03 |
| घटाएँ: भुगतान किया गया लाभांश | **26.18** | 30.35 |
| **समापनीय शुद्ध संपत्ति** | **232.29** | 201.86 |

(i) आरपीसीएल (संयुक्त उद्यम कंपनी) को घाटा हुआ है, जिसके कारण समूह ने 31 मार्च, 2019 तक निवेश की लागत के बराबर संचित घाटे को मान्यता दी है। समूह ने 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरण के अनुक्रम में अपने अपरीक्षित लेखा के आधार पर ₹ 1152 करोड़ की हानि का गैर–मान्यता प्राप्त हिस्सा लिया है।

(ii) एनबीपीपीएल (संयुक्त उद्यम कंपनी) को घाटा हुआ है, जिसके कारण समूह ने 31 मार्च, 2019 तक निवेश की लागत के बराबर संचित घाटे को मान्यता दी है। समूह ने 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरण के अनुक्रम में अपने अपरीक्षित लेखा के अनुसार ₹ 92 करोड़ की हानि का गैर–मान्यता प्राप्त हिस्सा लिया है।

## नोट [5] – गैर चालू परिसंपत्तियां
## वित्तीय परिसंपत्तियां – निवेश

(₹ करोड़ में)

| विवरण | 31 मार्च, 2023 की स्थिति | | | 31 मार्च, 2023 की स्थिति | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | शेयरों की संख्या (अंकित मूल्य रुपये में) | राशि | | शेयरों की संख्या (अंकित मूल्य रुपये में) | राशि | |
| I कोटेड इक्विटी लिखत | | | | | | |
| II अनकोटेड इक्विटी लिखत (पूरी तरह भुगतान किए गए शेयर) | | | | | | |
| (क) संयुक्त उद्यमों में निवेश (लागत पर)) | | | | | | |
| (प) पावरप्लांट परफॉर्मेंस इम्प्रूवमेंट लिमिटेड | 1999999 (10) | 2.00 | | 1999999 (10) | 2.00 | |
| घटाएँ: हानि के लिए प्रावधान | | 2.00 | | | 2.00 | |
| (ख) पूरी तरह से भुगतान किए गए इक्विटी लिखत में निवेश (एफ़वीटीपीएल पर) | | | | | | |
| (i) नीलांचल इस्पात निगम लि. | | | | 5000000 (10) | 5.00 | |
| उचित मूल्य समायोजन जोड़ें/(घटाएँ)। | | | | | (5.00) | - |
| (ii) एपी गैस पावर कॉर्पोरेशन लि. | 728960 (10) | 0.91 | | 728960 (10) | 0.91 | |
| उचित मूल्य समायोजन जोड़ें/(घटाएँ)। | | 2.22 | 3.13 | | 2.38 | 3.29 |
| (iii) इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लि. | 1892 (10) | * | | 1892 (10) | * | |
| सहकारी समितियों में हिस्सेदारी # | | | | | | |
| कुल | | | 3.13 | | | 3.29 |
| *रु. 1 लाख से कम का मूल्य | | | | | | |
| अनकोटड निवेश की कुल राशि | | | 2.91 | | | 7.19 |
| निवेश के मूल्य में हानि की सकल राशि | | | (0.22) | | | 4.62 |

# विभिन्न कर्मचारी सहकारी समितियों में धारित इक्विटी शेयर, जिनका मूल्य 1 लाख /– से कम है –

## संयुक्त उद्यमों के बारे में जानकारी

| विवरण | देश जहां निगमन हुआ | 31 मार्च 2023 की स्थिति | 31 मार्च 2022 की स्थिति |
|---|---|---|---|
| (क) संयुक्त उद्यम का नाम (जेवीसी) | | स्वामित्व का अनुपात (%) | |
| बीएचईएल–जीई गैस टर्बाइन सर्विसेस प्रा. लि. (बीजीजीटीएस) | भारत | **एक शेयर 50% से कम** | एक शेयर 50% से कम |
| एनटीपीसी–बीएचईएल पावर प्रोजेक्ट प्रा. लि. (एनबीपीपीएल) | भारत | **50%** | 50% |
| रायचूर पावर कॉर्पोरेशन लि. (आरपीसीएल) | भारत | **22.14%** | 22.14% |
| | | **-** | - |
| पावरप्लांट परफॉर्मेंस इम्प्रोवेमेंट लि. (पीपीआईएल) | भारत | **एक शेयर 50% से कम** | एक शेयर 50% से कम |

(i) एनटीपीसी–बीएचईएल पावर प्रोजेक्ट प्रा. लि. में निवेश के मूल्य में कमी का प्रावधान शुद्ध वित्तीय स्थिति के आधार पर 50.00 करोड़ रुपए (पिछले वर्ष तक 50.00 करोड़ रुपए) तक किया गया है। 08 फरवरी, 2018 को हुई बैठक में निदेशक मंडल ने एनबीपीपीएल के समापन के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। ऊर्जा मंत्रालय (एमओपी) ने एनटीपीसी को सलाह दी है कि वह बीएचईएल की हिस्सेदारी खरीदने पर विचार करे एवं या तो इसे एक ई–हाउस शाखा के रूप में चलाता रहे या वर्तमान कार्य पूरा होने के बाद इसे बंद करने का निर्णय ले। यह सलाह एनबीबीपीएल बोर्ड द्वारा 29.08.2019 को हुई बैठक में नोट की गई थी।

(ii) पावरप्लांट परफॉर्मेंस इम्प्रुवमेंट लि. में निवेश के मूल्य में कमी का प्रावधान 2.00 करोड़ रुपए (पिछले वर्ष 2.00 करोड़ रुपए) किया गया है क्योंकि जेवीसी परिसमान के तहत है एवं इक्विटी के रूप मेँ भुगतान की गई राशि वसूली योग्य नहीं है।

(iii) नीलांचल इस्पात निगम लिमिटेड में निवेश का निपटान कर दिया गया है और वर्ष के दौरान 25.39 करोड़ की बिक्री आय प्राप्त हुई है।

## नोट [6] – वित्तीय परिसंपत्तियाँ – व्यापार प्राप्य

वित्तीय परिसंपत्तियों के मूल्यह्रास की लेखांकन नीति के लिए नोट [2] का बिंदु 13 देखें। (₹ करोड़ में)

| विवरण | 31 मार्च 2023 की स्थिति | | 31 मार्च 2022 की स्थिति | |
|---|---|---|---|---|
| | गैर चालू | चालू | गैर चालू | चालू |
| असुरक्षित, शोध्य | **3743.94** | **3433.95** | 3538.39 | 3340.61 |
| साख का मूल्यह्रास (बी एंड डी ऋणों के लिए भत्तों में शामिल) | **11176.04** | **367.08** | 11599.09 | 277.54 |
| | **14919.98** | **3801.03** | 15137.48 | 3618.15 |
| घटाएँ: अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान | **11504.44** | **672.68** | 11933.64 | 593.40 |
| **कुल व्यापार प्राप्य (शुद्ध)** | **3415.54** | **3128.35** | 3203.84 | 3024.75 |
| व्यापार प्राप्यों के मूल्यह्रास हेतु सरलीकृत दृष्टिकोण का पालन किया जाता है, वर्गीकरण इंड एएस 109 के के अनुसार किया जाता है; | | | | |
| व्यापार प्राप्तियों में शामिल हैं: | | | | |
| (क) निदेशकों से प्राप्य | - | - | - | - |
| (ख) अधिकारियों से प्राप्य | - | - | - | - |

## गैर–चालू व्यापार प्राप्य कालप्रभावन अनुसूची – 31 मार्च 2023

(₹ करोड़ में)

| विवरण | भुगतान की देय तिथि से निम्नलिखित अवधियों के लिए बकाया | | | | | बिल नहीं किया गया | भुगतान के लिए अभी तक देय नहीं है | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 माह से कम | 6 माह से 1 वर्ष | 1–2 वर्ष | 2–3 वर्ष | 3 वर्ष से अधिक | | | |
| i) निर्विवाद व्यापार प्राप्य – शोध्य | 50.85 | 100.34 | 116.08 | 78.12 | 1410.59 | - | - | 1755.98 |
| ii) निर्विवाद व्यापार प्राप्य – ऋण ह्रासित | - | - | - | - | - | - | - | - |
| iii) विवादित व्यापार प्राप्य – शोध्य | 1.72 | 0.01 | 3.56 | 21.61 | 1961.06 | - | - | 1987.96 |
| iv) विवादित व्यापार प्राप्य – ऋण ह्रासित | 95.54 | 91.62 | 283.17 | 340.39 | 10365.32 | - | - | 11176.04 |

## गैर–चालू व्यापार प्राप्य कालप्रभावन अनुसूची – 31 मार्च 2023

(₹ करोड़ में)

| विवरण | भुगतान की देय तिथि से निम्नलिखित अवधियों के लिए बकाया | | | | | बिल नहीं किया गया | भुगतान के लिए अभी तक देय नहीं है | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 माह से कम | 6 माह से 1 वर्ष | 1–2 वर्ष | 2–3 वर्ष | 3 वर्ष से अधिक | | | |
| i) निर्विवाद व्यापार प्राप्य – शोध्य | 2395.97 | 331.70 | 281.11 | 107.69 | 317.48 | - | - | 3433.95 |
| ii) निर्विवाद व्यापार प्राप्य – ऋण ह्रासित | - | - | - | - | - | - | - | - |
| iii) विवादित व्यापार प्राप्य – शोध्य | - | - | - | - | - | - | - | - |
| iv) विवादित व्यापार प्राप्य – ऋण ह्रासित | 2.72 | 0.81 | 23.33 | 14.67 | 325.55 | - | - | 367.08 |

## गैर–चालू व्यापार प्राप्य कालप्रभावन अनुसूची – 31 मार्च 2022

(₹ करोड़ में)

| विवरण | भुगतान की देय तिथि से निम्नलिखित अवधियों के लिए बकाया | | | | | बिल नहीं किया गया | भुगतान के लिए अभी तक देय नहीं है | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 माह से कम | 6 माह से 1 वर्ष | 1–2 वर्ष | 2–3 वर्ष | 3 वर्ष से अधिक | | | |
| i) निर्विवाद व्यापार प्राप्य – शोध्य | 39.02 | 38.13 | 172.50 | 288.06 | 1063.63 | - | - | 1601.34 |
| ii) निर्विवाद व्यापार प्राप्य – ऋण ह्रासित | - | - | - | - | - | - | - | - |
| iii) विवादित व्यापार प्राप्य – शोध्य | 0.89 | 5.28 | 16.95 | 66.50 | 1847.41 | - | - | 1937.03 |
| iv) विवादित व्यापार प्राप्य – ऋण ह्रासित | 95.20 | 100.67 | 395.44 | 630.60 | 10377.20 | - | - | 11599.11 |

## गैर–चालू व्यापार प्राप्य कालप्रभावन अनुसूची – 31 मार्च 2023

(₹ करोड़ में)

| विवरण | भुगतान की देय तिथि से निम्नलिखित अवधियों के लिए बकाया | | | | | बिल नहीं किया गया | भुगतान के लिए अभी तक देय नहीं है | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 माह से कम | 6 माह से 1 वर्ष | 1–2 वर्ष | 2–3 वर्ष | 3 वर्ष से अधिक | | | |
| i) निर्विवाद व्यापार प्राप्य – स्वीकृत माल | 2214.21 | 237.21 | 337.62 | 197.02 | 354.55 | - | - | 3340.61 |
| ii) निर्विवाद व्यापार प्राप्य – ऋण बाधित | - | - | - | - | - | - | - | - |
| iii) विवादित व्यापार प्राप्य – स्वीकृत माल | - | - | - | - | - | - | - | - |
| iv) विवादित व्यापार प्राप्य – ऋण बाधित | 11.23 | 0.88 | 35.77 | 35.58 | 194.08 | - | - | 277.54 |

## नोट [7] – वित्तीय परिसंपत्तियाँ – अन्य

वित्तीय परिसंपत्तियों के मूल्यह्रास की लेखांकन नीति के लिए नोट [2] का बिंदु 13 देखें। (₹ करोड़ में)

| विवरण | 31 मार्च 2023 की स्थिति | | 31 मार्च 2022 की स्थिति | |
|---|---|---|---|---|
| | गैर चालू | चालू | गैर चालू | चालू |
| प्रतिभूति जमा | | | | |
| एसईबी, पोर्ट ट्रस्ट एवं अन्य के पास जमा | | | | |
| असुरक्षित, शोध्य | **83.96** | **116.98*** | 81.80 | 112.86* |
| साख का मूल्यह्रास | **3.59** | **11.32** | 2.87 | 11.69 |
| | **87.55** | **128.30** | 84.67 | 124.55 |
| घटाएँ: दोषयुक्त एवं संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान | **3.59** | **11.32** | 2.87 | 11.69 |
| | **83.96** | **116.98** | 81.80 | 112.86 |
| **12 महीने से अधिक की परिपक्वता वाली बैंक जमा राशि** | **-** | **-** | 4.93 | - |
| **बैंक जमा पर अर्जित ब्याज** | **-** | **140.68** | | 76.62 |
| कर्मचारियों को अग्रिम | **-** | **20.61** | - | 22.19 |
| घटाएँ: अशोध्य और संदिग्ध अग्रिमों के भत्ते | **-** | **0.04** | - | 0.11 |
| | **-** | **20.57** | - | 22.08 |
| **कुल** | **83.96** | **278.23** | 86.73 | 211.56 |

*अदालतों में जमा राशि ₹ 88.79 करोड़ (पिछले वर्ष ₹ 81.77 करोड़) शामिल है

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्रतिभूति जमा में शामिल है: | | | | |
| निदेशकों से प्राप्य | **-** | **-** | - | - |
| अधिकारियों से प्राप्य | **-** | **0.01** | - | 0.01 |

## नोट [8] – गैर चालू परिसंपत्तियाँ

## आस्थगित कर परिसंपत्तियाँ (शुद्ध देनदारियां)

आयकर पर लेखांकन नीति के लिए नोट [2] के बिंदु 12 देखें. (₹ करोड़ में)

| विवरण | 31 मार्च 2023 की स्थिति | 31 मार्च 2022 की स्थिति |
|---|---|---|
| **आस्थगित कर परिसंपत्तियाँ** | | |
| प्रावधान | **1654.02** | 1629.68 |
| भुगतान आधार पर देय राशि की अनुमति | **549.35** | 440.00 |
| मूल्यह्रास (पीपी एंड ई एवं अमूर्त परिसंपत्तियाँ) | **12.13** | 46.04 |
| करयोग्य हानि पर | **1105.79** | 1311.74 |
| अन्य | **101.33** | 102.62 |
| **उप कुल** | **3422.62** | **3530.08** |
| घटाएँ : आस्थगित कर देयताएं | **-** | - |
| **आस्थगित कर परिसंपत्तियाँ (शुद्ध देनदारियां)** | **3422.62** | **3530.08** |

## नोट [9] – अन्य परिसंपत्तियाँ

वित्तीय परिसंपत्तियों के ह्रास पर लेखा नीति के लिए नोट [2] का बिंदु 13 देखें

(₹ करोड़ में)

| विवरण | 31 मार्च 2023 की स्थिति | | 31 मार्च 2022 की स्थिति | |
|---|---|---|---|---|
| | गैर चालू | चालू | गैर चालू | चालू |
| **अनुबंध परिसंपत्तियाँ (बिना बिल किया हुआ राजस्व सहित)** | | | | |
| आरक्षित, शोध्य | 18928.58 | 10811.45 | 18248.24 | 8691.63 |
| साख का मूल्यह्रास | 2773.38 | 584.87 | 2768.53 | 663.72 |
| | 21701.96 | 11396.32 | 21016.77 | 9355.35 |
- टीसीएमएस (ट्रेन नियंत्रण एवं निगरानी प्रणाली) पैनल

## परिवहन उपकरण

- ट्रैक्शन कन्वर्टर और सहायक कनवर्टर
- वाहन नियंत्रण इलेक्ट्रॉनिक्स
- होटल लोड कनवर्टर
- ट्रैक्शन कन्वर्टर और होटल लोड कनवर्टर सहित कम्पोजिट कनवर्टर
- मेनलाइन लोको के लिए मोटर चालित बोगियाँ
- ट्रैक्शन ट्रांसफार्मर
    - पारंपरिक लोकोमोटिव के लिए 5400 केवीए तक
    - 3 चरण ड्राइव लोकोमोटिव के लिए 9000 केवीए तक।
    - 1200 केवीए तक पारंपरिक एसी ईएमयू/एमईएमयू
    - 3 फेज ईएमयू के लिए 1578 केवीए तक के
- लोकोमोटिव और ईएमयू के लिए 3–चरण एसी ट्रैक्शन मोटर्स (एक्सल लटका हुआ/पूरी तरह से निलंबित प्रकार) (1200 किलोवाट तक)
- लोकोमोटिव और ईएमयू के लिए डीसी ट्रैक्शन मोटर्स (630 किलोवाट तक)।
- डीजल इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के लिए ट्रैक्शन अल्टरनेटर (3860 किलोवाट तक)।
- 2000 किलोवाट तक ट्रैक्शन जेनरेटर
- गतिशील ब्रेकिंग सिस्टम के लिए डीसी ब्लोअर मोटर्स (50 किलोवाट तक)।
- सहायक आवश्यकताओं के लिए मोटर जेनरेटर सेट (25 किलोवाट तक)।
- एड़ी करंट क्लच
- लोकोमोटिव और ईएमयू के लिए ट्रैक्शन गियर और पिनियन
- विशिष्ट वैगन (28 एक्सल तक, 296 टन)
- रेलवे ट्रैक विद्युतीकरण
- व्हील और एक्सल मशीनिंग

## डिफेंस और एयरोस्पेस

- नौसैनिक जहाजों के लिए सुपर रैपिड गन माउंट (एसआरजीएम) 76/62
- नौसेना के जहाजों के लिए एकीकृत प्लेटफार्म प्रबंधन प्रणाली (आईपीएमएस)।
- इंटीग्रेटेड ब्रिज सिस्टम (आईबीएस)
- स्टेटिक मुख्य मोटर जनरेटर (एसएमएमजी)
- कन्ट्रोल्स सहित रोटरी मेन मोटर जनरेटर (आरएमएमजी)
- स्थायी चुंबक (पीएम) आधारित रिजर्व प्रोपल्शन मोटर और ड्राइव
- ड्राइव कन्ट्रोल्स के साथ फ्रीक्वेंसी कनवर्टर (पीएम आधारित और पारंपरिक मोटर आधारित)
- वाहनों, प्लेटफ़ॉर्मों, रेडारों, विमानों, मिसाइलों और सभी रक्षा और पैरामिलिटरी बलों के लिए प्रशिक्षण सिम्युलेटर
- टैंक आर्मर के लिए थर्मोप्रेस्ड कॉम्पोनेंट्स, इनमें टी–72 टैंक्स के लिए टरेट कास्टिंग भी शामिल है,
- जैमर के लिए 2 किलोवॉट तरल संचालन प्रणाली, जिसमें चार मॉड्यूल शामिल हैं: एसीएम मॉड्यूल, पंप मॉड्यूल, पीसीएम मॉड्यूल और इलेक्ट्रॉनिक नियंत्रण यूनिट
- जहाजों के लिए कास्टिंग और फोर्जिंग्स
- विभिन्न लड़ाकू विमान प्लेटफ़ॉर्मों के लिए ऑनबोर्ड कॉम्पैक्ट हीट एक्सचेंजर्स
- प्रक्षिप्त यानों और उपग्रहों के लिए ईंधन टैंक और अन्य घटक
- रिजर्व प्रोपल्शन मोटर के साथ ड्राइव यूनिट
- कॉम्पैक्ट ब्रशलेस एल्टर्नेटर्स
- अंतरिक्ष मानक बैटरीज
- उपग्रहों के लिए सोलर पैनल
- प्रक्षिप्त यानों के लिए लीथियम आयन सेल्स
- विमानों के लिए लीथियम आयन बैटरियाँ

## ऊर्जा संग्रहण प्रणाली और ई–मोबिलिटी

- इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर
- बैटरी ऊर्जा संग्रहण समाधान

## ऑयल फील्ड उपस्कर

- ऑइल रिग – 9,000 मीटर तक की गहराई तक ड्रिलिंग के लिए एसी–वीएफडी और एसी–एसीआर प्रौद्योगिकी के साथ ऑन–शॉर ड्रिलिंग रिग, 6,100 मीटर तक की सर्विसिंग के लिए वर्क–ओवर रिग, 3,000 मीटर तक की ड्रिलिंग के लिए मोबाइल रिग, जिनमें सही ड्रॉ–वर्क्स और होइस्टिंग उपकरण के साथ–साथ:
    - मास्ट और सबस्ट्रक्चर
    - घूमने वाले उपकरणरू ड्रॉ वर्क्स; रोटरी; स्विवल्स; ट्रैवलिंग ब्लॉक्स
    - इंडिपेंडेंट रोटरी ड्राइव (आईआरडी) यूनिट
    - डेड लाइन एंकर
    - मड सिस्टम जिनमें पंप्स शामिल हैं
    - ट्रिप्लेक्स मड पंप्स 5000 पीएसआई काम की दबाव
    - मड प्रोसेसिंग उपकरण: डीगैसर, डीसैंडर
    - सकर रॉड पंप (बीम पंप स्ट्रक्चर और पंपिंग यूनिट गियर रीड्यूसर)
    - ऑयल रिगों का रिफर्बिशमेंट और अपग्रेडेशन

- 1150 एचपी तक के 3–फेज ऑयल रिग मोटर (ड्रॉ वर्क्स, मड पंप, ड्रिलिंग के लिए)
- 1000 एचपी तक के ऑयल रिग मोटर (ड्रॉ वर्क्स, मड पंप, ड्रिलिंग)
- 1750 केवीए तक के ऑयल रिग अल्टरनेटर (एसी पावर पैक के लिए)
- ई760, ई1400, ई2000 और ई3000 रिग के लिए एसी / डीसी पावर कंट्रोल रूम
- डीजी सेट्स के लिए 1430 केपीए तक के एसी पावर पैक
- एसी नियंत्रण मॉड्यूल
- डीसी नियंत्रण मॉड्यूल
- 3 मड पंप तक ड्रिलर कंसोल, आईआरडी और ड्रॉ वर्क नियंत्रण और मॉनिटरिंग, लोड रेटिंग (0–1800 ए, 0–1000 वी)
- मोबाइल लाइटिंग टॉवर, रिग लाइटिंग टॉवर
- एसी रिग्स के लिए एसी– वीएफडी कंट्रोल
- एसी एससीआर रिग्स में पावर फैक्टर सुधार के लिए स्टैटकॉम
- 15,000 पीएसआई तक के वेल हेड्स और क्रिसमस ट्री, मड लाइन सस्पेंशन, चोक और किल मैनिफोल्ड, सीबीएम वेलहेड्स, डीएसपीएम एच–मैनिफोल्ड असेम्बली, मड वाल्व्स

## फैब्रिकेटिड उपकरण और मैकेनिकल पैकेज

- क्रायोजेनिक संग्रहण टैंक, माउंडेड स्टोरेज सिस्टम और स्टोरेज स्फीयर्स
- दबाव वेसल्स, कॉलम्स, रिएक्टर्स/ सेपरेटर्स, हीट एक्सचेंजर्स
- फायर्ड हीटर्स
- पर्ज गैस रिकवरी यूनिट
- चिकित्सा अनुप्रयोगों के लिए प्रेशर वैक्यूम स्विंग एडजॉर्पशन (पीवीएसए) ऑक्सीजन सिस्टम (एमओ2)
- गियर बॉक्स
- गैस टरबाइन एप्लिकेशन के लिए एक्सेसरी और लोड गियर बॉक्स
- स्टीम टरबाइन एप्लिकेशन के लिए गियरबॉक्स
- बॉयलर फीड पंप ड्राइव टरबाइन (बीएफपी डीटी) एप्लिकेशन के लिए गियरबॉक्स
- एयर कूल्ड कंडेंसर (एसीसी) फैन एप्लिकेशन के लिए गियरबॉक्स
- सकर रॉड पंप (एसआरपी) एप्लिकेशन के लिए गियरबॉक्स
- इंडिपेंडेंट रोटरी ड्राइव (आईआरडी) के लिए गियरबॉक्स
- एसी ड्रॉ वर्क्स के लिए गियरबॉक्स
- सुपर रैपिड गन माउंट (एसआरजीएम) एप्लिकेशन के लिए गियरबॉक्स

# शब्दकोष

एसीसी एयर कूल्ड कंडेनसर
एएफ़क्यूएमएस–फर्मों और उसकी गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली का अनुमोदन
एआरएआई ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया
एयूएससी एडवांस्ड अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल
बीईएसएस बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम
बीपीसीएल भारत पेट्रोलियम कोर्पोरेशन लिमिटेड
बीएसई मुम्बई स्टॉक एक्सचेंज
बीटीजी बॉयलर टर्बाइन जेनरेटर
सी एंड आई कंट्रोल एण्ड इंस्ट्रुमेंटेशन
सीएएसआईडीसी–लड़ाकू विमान प्रणाली विकास एवं एकीकरण केंद्र
सीईए केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण
सीईएमआईएलएसी– सैन्य उड़ान योग्यता और प्रमाणन केंद्र
सीएफबीसी सर्कुलेटिंग फल्युडाइज्ड बैड कम्बस्टन
सीआईएल कोल इंडिया लिमिटेड
सीपीआईओ केंद्रीय जन सूचना अधिकारी
सीपीएसई केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम
सीएसआईआर वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद
सीएसपीजीसीएल–छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी
सीएसआर कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व
सीवीसी केंद्रीय सर्तकता आयोग
डीपीई लोक उद्यम विभाग
ईडी कार्यपालक निदेशक
ईएचवी एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज
ईएमयू इलेक्ट्रिक मल्टिपल यूनिट
ईपीसी इंजीनियरिंग, क्रय तथा निर्माण
ईएसपी इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रेसिपिटेटर
ईवी इलेक्ट्रिक वाहन
एफएसीटीएस फलेक्सिसबल अल्टरनेंटिंग करटं ट्रांसमिशन सिस्टम
एफजीडी फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन
जेम गवर्नमेंट ई– मार्केट प्लेस
जीआईएस गैस इंसुलेटिड सब स्टेशन
जीएसईसीएल गुजरात राज्य विद्युत निगम लिमिटेड
एचएएल हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड
एचवीडीसी हाई वोल्टेज डायरेक्ट करेंट
आईसीएआई इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ़ इंडिया
आईसीएफ इंटेग्रल कोच फैक्ट्री
आईजीबीटी इंसुलेटेड–गेट बाइपोलर ट्रांसिस्टर
आईजीसीएआर इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केन्द्र
आईआईटी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
आईओसीएल इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड
आईपीएम एकीकृत प्लेटफार्म प्रबंधन प्रणाली
आईपीआर बौद्धिक सम्पदा अधिकार
आईआर इंडियन रेलवे
आईएसएमएस सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली
आईएसओ मानकीकरण के लिए शृंखला संगठन
इसरो भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन
केपीसीएल कर्नाटका पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड
एलसीए लाईट कॉम्बेट एयरक्राफ्ट
एलआईएस लिफ्ट इरिगेशन स्कीम
एमईआईएल मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रेक्चर लिमिटेड
एमईएमयू मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट
एमओयू समझौता ज्ञापन
एमएसएमई सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम
एमएसआर मेल्टन साल्ट रियक्टर
एनईपी नेशनल इलेक्ट्रिसिटी प्लान
एनएलसीआईएल एनएलसी इंडिया लिमिटेड
एनपीसीआईएल न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
एनएसई नेशनल स्टॉक एक्सचेंज
ओईएम मूल उपकरण विनिर्माता
पीसीपी पावर साइकिल पाइपिंग
पीएफ़बीजी प्रेसराइज्ड फ्लूडाइज्ड बेड गैसीफिकेशन
आर एंड डी अनुसंधान एवं विकास
आर एंड एम नवीकरण एवं आधुनिकीकरण
आरपीसीएल रायचूर पावर कंपनी लिमिटेड
एससीओपीई स्टेंडिंग कॉनफ्रेंस आफ पब्लिक एंटरप्राईजेज
एससीआर सलेक्टिव केटल्यटिक रिडक्सन
सेबी भारतीय प्रतिभूती एवं विनिमय बोर्ड
एसजी स्टीम जनेरेटर
एसपीवी सोलर फोटो वाल्टाइक एसआरजीएम सुपर रैपिड गन माउंट
एसटीजी स्टीम टर्बाइन जेनरेटर
एसटीपीपी सुपर थर्मल पावर प्लांट
टेनजेनको– तमिलनाडु जनरेशन व ड्रिस्ट्रीब्यशन कॉर्पोरेशन
टीसीए प्रौद्योगिकी सहयोग समझौते
टीसीएमएस ट्रेन नियंत्रण एवं प्रबंधन प्रणाली
टीजी टरबाईन व जनरेटर
टीपीडी टन प्रति दिन
टीपीपी थर्मल पवार प्लांट
टीपीएस ताप विद्युत संयंत्र
टीआरएसएल टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड
यूबी यूटिलिटी बॉयलर
यूएचवी अल्ट्रा हाई वोल्टेज
वीएफडी वैरियेवल फ्रीक्वेंसी ड्राईव
डबल्यूएजी डबल्यू (ब्राड गेज),ए (एसी ट्रेक्शन),जी (गुड्स ड्यूटी)
डबल्यूबीपीडीसीएल– वेस्ट बंगाल पावर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड

# शब्दावली (वित्तीय पारिभाषिक शब्द)

**लेखांकन नीतियांः** लेखांकन नीतियां विशिष्ट लेखांकन सिद्धांत एवं इनके अनुप्रयोग की विधियां हैं जिन्हें कंपनी द्वारा वित्तीय विवरण तैयार करने व प्रस्तुत करने हेतु अपनाया गया है।

**उपचय (अक्रुअल):** वित्तीय विवरण व्यापारिक (मरसेंटाइल) प्रणाली पर तैयार किया गया है। संव्यवहार व अन्य घटनाओं के प्रभावों को उनके होने पर मान्यता दी जाती है व लेखांकन अभिलेखों में इनकी गणना की जाती है एवं संबंधित समयावधि के वित्तीय विवरण में इनका उल्लेख किया जाता है।

**परिशोधनः** एक अमूर्त परिसंपत्ति के उपयोगी जीवनकाल पर मूल्यह्रास योग्य राशि सुव्यवस्थित रूप से आंबटित करना परिशोधन है।

**तुलन पत्रः** तुलन पत्र एक इकाई की वित्तीय स्थिति का विवरण है जो किसी समय विषे पर परिसंपत्तियों, दायित्वों एवं स्वामी की इक्विटी को दर्शाता है।

**बोनस शेयरः** बोनस शेयर एक शेयरधारक के स्वामित्वो वाले शेयरों के आध ाार पर, निर्बंध आरक्षित शेयरों में वर्तमान शेयरधारक को बिना किसी अतिरिक्त लागत के प्रदत्त अतिरिक्त शेयर है।

**बही मूल्यः** वह राशि जो लेखा बही अथवा वित्तीय विवरण में किसी मद के लिए दर्शाई गई है।

**शेयरों की पुनः खरीदः** पुनः खरीद शेयरों की पुनर्क्रय के रूप में भी

जाना जाता है जब एक कंपनी खुले बाजार में अपने शेयरों की उपलब्धता कम करने हेतु उसके स्वयं के बकाया शेयर क्रय करती है।

**नियोजित पूंजी की गणनाः** पूंजी डब्ल्यूआईपी पूंजी, विकासशील अमूर्त संपत्तियों एवं आस्थगित कर संपत्तियों को इकाई का निवल मूल्य घटाकर की जाती है।

**आरक्षित पूंजीः** किसी इकाई की आरक्षित पूंजी वह है जो लाभांश के रूप मे वितरित की जाने हेतु उपलब्ध हो।

**पूंजी मोचन आरक्षित निधिः** कंपनी ने अपनी सामान्य आरक्षित निधि से इक्विटी शेयरों के क्रय पर पूंजी मोचन आरक्षित निधि को मान्यता दी है। पूंजी मोचन आरक्षित निधि की राशि पुनः क्रय किए गए इक्विटी शेयरों की राशि के तुल्य है।

**नकदी व नकदी समतुल्यः** नकद में नकद एवं मानित (डीम्ड) जमा राशियां सम्मिलित है। नकद समकक्ष अल्पकालिक, अत्यधिक तरल निवेश हैं जो सरलता से ज्ञात नकद राशि में परिवर्तनीय हैं और जो मूल्य में परिवर्तन के एक तुच्छ जोखिम के अधीन हैं।

**अनुबंधित परिसंपत्तियांः** अनुबंधित परिसंपत्तियां (अस्थिगित देनदार व अगण्य राजस्व) उन राशियों का प्रतिनिधित्व करता है जो ग्राहक के साथ अनुबंध शर्तों/तय कार्यक्रम पर सहमति के अनुसार अभी भुगतान हेतु देय नहीं है। यह अनुबंध संबंधित गतिविधियों/तय शुदा चरणों के पूरा होने पर देय होगा।

**अनुबंध देयताः** इकाई का दायित्व एक ग्राहक के लिए वस्तुओं या सेवाओं को स्थानांतरित करना है जिसके लिए ग्राहक से इकाई को प्रतिफल (या राशि बकाया है) प्राप्त हो चुका है।

**आकस्मिक देयताएं हैंः**

(क) पूर्व घटनाओं से उत्पन्न होने वाले संभावित दायित्व और जिनके अस्तित्व की पुष्टि केवल एक या अधिक अनिश्चित भविष्य की

घटनाओं के होने या न होने से होगी, जो इकाई के पूर्ण नियंत्रण में

नहीं हैं

अथवा

(ख) पूर्व घटनाओं से उत्पन्न वर्तमान देयता जिसे मान्यता नहीं दी गई

क्योंकिः

(i) यह संभाव्य नहीं है कि दायित्वों के निपटान हेतु आर्थिक लाभ

प्राप्तं करने वाले स्त्रोतों का बहिर्वाह आवश्यक होगा।

अथवा

(ii) देयताओं की राशि पर्याप्त विष्वसनीयता के साथ आकलित कर पाना संभव नहीं है।

**समेकित वित्तीय विवरण (सीएफएस)ः** समेकित वित्तीय विवरण किसी समूह के वित्तीय विवरण होते हैं जिनमें किसी मूल कंपनी व उसकी सहायिकाओं के लिए परिसंपत्तियां, देयताएं, इक्विटी, तरलता, आय, व्यय एवं नकद प्रवाह को एक आर्थिक इकाई के रूप में प्रस्तुत किया जाता है।

**ऋण जोखिमः** जोखिम एक पार्टी का वित्तीय लिखित में अन्य पार्टी को देयताएं का निर्वहन में विफल होने के कारण होने वाली वित्तीय हानि है।

**चालू अनुपातः** चालू अनुपात एक तरलता अनुपात है जो एक वर्ष के भीतर की देयताएं एवं अल्पकालीन दायित्वों के भुगतान की योग्यता का आंकलन करता है। इसकी गणना वर्तमान परिसंपत्तियों को वर्तमान दायित्वों से विभाजित करके की जाती है।

**वर्तमान परिसंपत्तियांः** एक संपत्ति को वर्तमान परिसंपत्ति में वर्गीकृत किया जाता है जबः

क) संपत्ति को उसके सामान्य परिचालन चक्र में वास्विकक माना जा सके, या विक्रय या उपभोग का प्रयोजन हो सके

ख) प्राथमिक तौर पर इसे व्यापारिक उपयोग हेतु रखा हो

ग) सूचित समयकाल से 12 माह के भीतर इसे वास्ताविक माने जाने की अपेक्षा की जाती है, अथवा

घ) परिसंपत्ति नकद या नकद समतुल्य है जब तक कि परिसंपत्ति को

परिवर्तित किए जाने से प्रतिबंधित नहीं किया जाता है या रिपोर्टिंग

अवधि के बाद कम से कम बारह महीनों के लिए देयता का निपटान

करने के लिए उपयोग किया जाता है।

**वर्तमान देयताएंः** किसी देयता को वर्तमान देयता में वर्गीकृत किया जाता है जबः

क) यह अपेक्षित हो कि देयता को उसके सामान्य परिचालन चक्र में ही निपटाया जाए।

ख) प्राथमिक तौर पर इसे व्यापारिक उपयोग हेतु रखा गया हो

ग) सूचित समयकाल से 12 माह के भीतर इसे वास्ताविक माने जाने की अपेक्षा की जाती है, अथवा

घ) इसे सूचित समयकाल से कम से कम 12 माह तक देयताओं के

भुगतान को टालने का बिना शर्त अधिकार नहीं होगा।

**वर्तमान कर व्ययः** वर्तमान कर किसी अवधि के लिए कर योग्य लाभ (हानि) के संदर्भ में देय (वसूली योग्य) आयकर की राशि है

**आस्थगित कर्जः** आस्थगित कर्ज वे कर्ज हैं जो अनुबंध शर्तों के अनुसार

चिह्नित उपलब्धियों जैसे ट्रायल ऑपरेशन, पीजी टेस्ट इत्यादि पर देय बन जाएंगे।

**आस्थगित करः** आस्थगित कर की गणना तुलन पत्र की तिथि को

अधिनियमित या पर्याप्त रूप से अधिनियमित कर कानूनों व दरों का उपयोग कर की जाती है।

**आस्थगित कर परिसंपत्तिः** आस्थगित कर परिसंपत्ति कटौती योग्य अस्थायी अंतर, आगे अग्रेषित अप्रयुक्तं कर हानि एवं आगे अग्रेषित अप्रयुक्त कर जमाओं के संदर्भ में भविष्य की अवधि में वसूली योग्य आयकर की राशियां हैं।

**आस्थगित कर देयताः** आस्थगित कर देयता कर योग्य अस्थाई अंतर के संदर्भ में देय आयकर की राशियां है।

**परिभाषित लाभ योजनाएंः** परिभाषित लाभ योजनाएँ परिभाषित अंशदान योजनाओं के अतिरिक्त रोजगारोपरांत लाभ योजनाएं हैं, जिसके तहत एक इकाई एक अलग इकाई (एक फंड) में निश्चित योगदान का भुगतान करती है और इस पर आगे कोई योगदान देने के लिए कोई कानूनी या रचनात्मक दायित्व नहीं होगा, यदि फंड वर्तमान और पूर्व अवधि की कर्मचारी सेवा के लिए सभी कर्मचारी लाभों से संबंधित भुगतान करने के लिए पर्याप्त संपत्ति नहीं रखता है।

**प्रति शेयर लाभांशः** इसकी गणना वर्ष के लिए कुल लाभांश (लाभांश

वितरण कर को हटा कर) को कुल बकाया इक्विटी शेयरों की संख्यां से विभाजित कर जाती है।

**मूल्यह्रासः** मूल्यह्रास एक परिसंपत्ति के उपयोगी जीवनकाल पर मूल्यह्रास योग्य राशि का व्यवस्थित आबंटन है।

**लाभांश वितरण करः** यह कंपनी द्वारा लाभांश के रूप में किसी भी राशि के घोषित, वितरित अथवा भुगतान किए जाने पर कंपनी द्वारा भुगतान किया गया अतिरिक्त आयकर है।

**ईबीआईडीटीए** से अर्थ है ब्याज, कर, मूल्ययह्रास और परिशोधन के पूर्व अर्जित आय। परिचालन ईबीआईडीटीए का निर्धारण अन्य आय को ईबीआईडीटीए से घटाकर किया जाता है।

**प्रति शेयर आय (ईपीएस):** यह वर्ष के दौरान प्रति शेयर आय को दर्शाता है, जिसकी गणना कर अदायगी बाद लाभ को कुल बकाया इक्विटी शेयरों की संख्या से विभाजित कर की जाती है।

**इक्विटी पद्धतिः** लेखांकन की इक्विटी पद्धति का उपयोग किसी कंपनी के संयुक्त उद्यम में विनिवेश आकार के अनुपात में संयुक्त उद्यम से अर्जित कुल आय के निर्धारण हेतु किया जाता है। इक्विटी पद्धति लेखांकन की एक पद्धति जिसमें निवेश को पहले लागत पर मान्यता दी जाती है और उसके बाद निवेशक की कुल परिसंपत्तियों के शेयर में अधिग्रहण के बाद परिवर्तन हेतु समायोजित किया जाता हैं।

**अपेक्षित ऋण हानिः** अनुबंध के अनुसार किसी इकाई को देय सभी

अनुबंधित नकद प्रवाह और एक इकाई द्वारा प्रभावी मूल ब्याज दर पर प्राप्त छूट लेने पर अपेक्षित नकदी प्रवाह का अंतर है।

**उचित मूल्यः** उचित मूल्य वह मूल्य है जो किसी परिसंपत्ति को बेचने पर प्राप्त किया जाएगा या निर्धारित तिथि पर बाजार प्रतिभागियों के बीच एक क्रमबद्ध लेनदेन में देयता को स्थानांतरित करने के लिए भुगतान किया जाएगा।

**वित्तीय परिसंपत्तिः** कोई भी परिसंपत्ति जो,

क) नकद हो,

ख) किसी अन्य संस्था का इक्विटी लिखत

या

ग) किसी अन्य संस्था से नकद या अन्य वित्तीय संपत्ति प्राप्त करने या किसी अन्य संस्था के साथ वित्तीय परिसंपत्तियों या वित्तीय देयता का आदान–प्रदान करने का संविदात्मक अधिकार,

घ) एक अनुबंध जो किसी संस्था के स्वयं के इक्विटी लिखत में तय होगा या हो सके।

**वित्तीय देयताः** कोई भी देयता जो,

क) किसी अन्य संस्था को नकद रुप में देय हो

या

जिसे अन्य वित्तीय संपत्ति के रुप में प्रदान करने या किसी अन्य संस्था के साथ वित्तीय परिसंपत्तियों या वित्तीय देयता का आदान–प्रदान करने का संविदात्मक दायित्व हो

ख) एक अनुबंध जो किसी संस्था के स्वयं के इक्विटी लिखितों में तय होगा या हो सके।

**वित्तीय लिखतः** कोई भी अनुबंध जो किसी संस्था की वित्तीय परिसंपत्ति एवं अन्य संस्था के वित्तीय दायित्वों अथवा इक्विटी लिखित का मूल्य बढ़ाएं।

**वित्तीय गतिविधियांः** ऐसी गतिविधियां जिनके कारण किसी संस्था द्वारा अंशदान की गई इक्विटी और ऋणों के आकार व संयोजन में परिवर्तन होते हैं।

**सामान्य आरक्षित निधिः** सामान्य आरक्षित निधि किसी कंपनी की संचित आय हैं जो भविष्य की आवश्यकताओं (ज्ञात या अज्ञात) की पूर्ति हेतु अलग से रख दी जाती है।

**कार्यशील संस्थाः** इसका अर्थ उस इकाई से है जिसका निकट भविष्य मे परिचालन बंद करने का कोई प्रयोजन न हो।

**धारक/नियंत्रक कंपनीः** एक या अन्य अधिक कंपनियों के संबंध में "धारक/नियंत्रक कंपनी" का अर्थ ऐसी कंपनी से है जिसकी ये कंपनियां सहायिका हैं।

**इंपेयरमेंट लॉसः** इंपेयरमेंट लॉस वह राशि है जो किसी संपत्ति अथवा नकदी निर्माता इकाई से उसकी वसूली योग्य राशि से अधिक है। किसी संपत्ति अथवा नकदी निर्माता इकाई की वसूली योग्य राशि निपटाने की लागत कम करके उचित मूल्य और इसके उपयोगी मूल्य में से जो अधिक हो वह राशि है।

**भारतीय लेखांकन मानक (संक्षेप में इंड एएस)** : कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा यथा अधिसूचित वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए प्रयुक्त लेखांकन मानक हैं।

**अमूर्त संपत्तिः** अमूर्त संपत्ति अभिज्ञेय गैर–मौद्रिक अभौतिक वस्तु है।

**दिनों की संख्या में इंवेंट्रीः** यह इंवेन्ट्री को राजस्व से विभाजित कर इसका गुणा वर्ष में दिनों की संख्या से करके ज्ञात किया जाता है।

**निवेश गतिविधियाँः** निवेश गतिविधियाँ दीर्घकालिक संपत्तियों तथा नकद समकक्षों में न आने वाले निवेशों का अधिग्रहण और निपटान है।

**संयुक्त उद्यमः** संयुक्त उद्यम एक संयुक्त व्यवस्था है जिसके तहत व्यवस्था पर संयुक्त नियंत्रण रखने वाले संगठनों के पास व्यवस्था की निवल परिसंपत्ति के अधिकार होते हैं।

**लिक्विडिटी जोखिमः** वह जोखिम है जो एक इकाई जब और जैसे अपेक्षित वित्तीय देयताओं से जुड़े दायित्वों के निवर्हन में अनुभव कर सकती है।

**बाजार जोखिमः** बाजार मूल्य में परिवर्तन के कारण किसी वित्तीय विलेख के उचित दाम और भावी नकद प्रवाह में होने वाले उतार–चढाव का जोखिम। बाजार जोखिम तीन प्रकार के होते हैं। मुद्रा जोखिम, ब्याज दर जोखिम, और अन्य कीमत जोखिम।

**निवल लाभ/(हानि) मार्जिन (%)**: यह परिचालनों से प्राप्त राजस्व के प्रतिषत के रूप में उद्यत लाभ को दर्शाता है जिसकी गणना कर पश्चात लाभ को राजस्व परिचालनों से विभाजित करके की जाती है

**शुद्ध वसूली योग्य मूल्यः** शुद्ध वसूली योग्य् मूल्य व्यापार के सामान्य दौर में अनुमानित विक्रय मूल्य को अनुमानित पूर्णता की लागत व विक्रय के लिए आवश्यक अनुमानित लागत से घटाकर ज्ञात किया जाता है।

**निवल मूल्यः** किसी इकाई की निवल परिसंपत्तियों के बही मूल्य का इसकी देयताओं से अधिकता निवल मूल्य है। यह शेयर धारकों की निधि के रूप में भी जाना जाता है।

**प्रति शेयर निवल मूल्यः** प्रति शेयर निवल मूल्य की गणना निवल मूल्य को बकाया इक्विटी शेयरों की संख्या से विभाजित कर किया जाता है।

**अनियंत्रित हितः** किसी मूल कंपनी का एक सहायक कंपनी में इक्विटी स्वामित्व का वह शेयर है जो उस पर एट्रीब्यूट नहीं होता है, मूल कंपनी का नियंत्रण हित (50% से अधिक लेकिन 100% से कम) है और वह सहायक कंपनी के वित्तीय परिणामों को अपने साथ समेकित करता है।

**गैर चालू संपत्तियांः** गैर चालू संपत्ति एक ऐसी संपत्ति है जो तुलन पत्र की तिथि से एक वर्ष के भीतर अप्रतिबंधित नकदी में परिवर्तित नहीं होने वाली है।

**गैर चालू देयताएंः** गैर चालू देयताएं वे दायित्व हैं जो एक वर्ष के भीतर निपटान हेतु देय नहीं है।

**अन्य व्यापक आय (ओसीआई)**: अन्य व्यापक आय में वे आय और व्यय (पुनःवर्गीकृत समायोजन को मिलाकर) सम्मिलित हैं जो अन्य इंड एएस के द्वारा लाभ या हानि के रूप में मान्य न करने हेतु आवश्यक हैं अथवा अनुमत की गई हैं।

**परिचालन गतिविधियांः** परिचालन गतिविधियां किसी इकाई की प्रमुख राजस्व उत्पादक गतिविधियां एवं अन्य गतिविधियां हैं जो निवेश अथवा वित्तीय गतिविधियां नहीं हैं।

**परिचालन लाभ मार्जिन(%)**: लाभप्रदता निष्पादन अनुपात का उपयोग कंपनी के द्वारा उसके परिचालनों से उत्पन्न लाभ का प्रतिशत की गणना हेतु किया जाता है। इसे कर पूर्व लाभ, कर व अन्य आय को परिचालनों से प्राप्त राजस्व को विभाजित कर परिकलित किया जाता है।

**परिसंपत्ति, संयंत्र एंव उपस्कर (पीपीई)**: परिसंपत्ति, संयंत्र एंव उपस्कर (पीपीई) वे मूर्त मदें हैं; जोः

क) उत्पादन, माल अथवा सेवा की आपूर्ति, अन्य, को किराए पर देने,

अथवा प्रशासनिक उद्देश्यों के उपयोग हेतु रखी हो, और

ख) जिन्हें एक से अधिक अवधि के दौरान उपयोग किए जाने की अपेक्षा हो

**परिचालनों से राजस्वः** किसी संस्था की सामान्य गतिविधियों के दौरान आर्थिक लाभ का सकल प्रवाह, जो इक्विटी में वृद्धि करते हैं और यह वृद्धि इक्विटी प्रतिभागियों से प्राप्त अंशदान से संबंधित वृद्धि के अलावा होती है।

**शुद्ध मूल्य पर प्रतिफल(%)**: शुद्ध मूल्य पर प्रतिफल किसी कंपनी की

लाभप्रदता आकलन का एक मापक है, जिसकी गणना शुद्ध लाभ को औसत शुद्ध मूल्य (ओसीआई को हटाकर) से विभाजित करके की जाती है।

**परिसंपत्ति के उपयोग का अधिकारः** वह परिसंपत्ति जो पट्टा अवधि के लिए निर्धारित किसी परिसंपत्ति के उपयोग हेतु, किसी पट्टेदार के अधिकार को दर्शाती है।

**सहायक कंपनीः** सहायक कंपनी एक ऐसी कंपनी है जिसका स्वामित्व व नियंत्रण किसी अन्य कंपनी के द्वारा किया जाता है, जो कि मूल कंपनी या धारक कंपनी कहलाती है।

**कुल व्यापार प्राप्यः** प्राप्य राशियां किसी इकाई का प्रतिफल हेतु बिना

शर्त का अधिकार है। प्रतिफल का अधिकार बिना शर्त के तभी है जब उस प्रतिफल के पूर्व समय की आवश्यकता हो।

## सजगता टिप्पणी (कॉशनरी स्टेटमैंट)

वार्षिक रिपोर्ट में दिए गए कंपनी के उद्देश्य, अपेक्षा या अनुमानों का वर्णन करने वाले विवरण, लागू कानूनों और विनियमों के अर्थ की सीमा में हैं। वास्तविक परिणाम आर्थिक विकास, सरकारी नीतियों और अन्य आकस्मिक कारकों के आधार पर व्यक्त किए गए या निहित परिणामों से भिन्न हो सकते हैं।

# भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

(सीआईएनः L74899DL1964GOI004281)
पंजीकृत कार्यालयः बीएचईएल , हाउस , सिरी फार्ट , नई दिल्ली –110049
फांन– 011–66337000, फैक्सः 011–66337428–110049
बेवसाईटः www.bhel.com, ई–मेलः shareholderquery@bhel.in

## सूचना

एतद्वारा सूचना दी जाती है कि भारत हेवी इलेट्रिकल्स लिमिटेड के सदस्यों की 59वीं वार्षिक आम सभा गुरुवार, 24 अगस्त, 2023 को भारतीय समयानुसार प्रातः10 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग /अन्य ऑडियो विजूयल (वीसी) माध्यमों से निम्नलिखित कार्यनिष्पादन हेतु आयोजित की जाएगीः –

### सामान्य कार्य

1. 31 मार्च 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए लेखापरीक्षा किए हुए एकल एवं समेकित विवरणों के साथ निदेशक रिपोर्ट व उस पर लेखापरीक्षा की रिपोर्ट को प्राप्त करना, उस पर विचार करना एवं स्वीकृत करना।
2. वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए लाभांश घोषित करना।
3. श्री उपिंदर सिंह मठारू (डीआईएनः 09541886) के स्थान पर एक निदेशक नियुक्त करना जो चक्रानुक्रम से सेवानिवृत्त हो रहे हैं और पात्र होने पर स्वयं की पुनः नियुक्ति हेतु प्रस्ताव दे रहे हैं।
4. श्री जय प्रकाश श्रीवास्तव (डीआईएनः 09703643) के स्थान पर एक निदेशक नियुक्त करना जो चक्रानुक्रम से सेवानिवृत्त हो रहे हैं और पात्र होने पर स्वयं की पुनः नियुक्ति हेतु प्रस्ताव दे रहे हैं।
5. वर्ष 2023–24 के लिए लेखापरिक्षकों का पारिश्रमिक तय करने हेतु निदेशक मण्डल को प्राधिकृत करना।

### विशेष कार्य

6. सामान्य संकल्प के रूप में निम्नलिखित संकल्प पर विचार करना एवं उचित समझे जाने पर संशोधन सहित अथवा रहित उसे पारित करनाः

   "संकल्प किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 के प्रावधानों तथा अन्य लागू प्रावधानों एवं कंपनी (लेखापरीक्षा एवं लेखापरीक्षक) अधिनियम 2014 (किसी भी संवैधानिक सुधारों तथा इसके पुनः प्रवर्तन सहित वर्तमान में लागू) के अनुपालन में निदेशक मण्डल द्वारा नियुक्त लेखापरीक्षकों को 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष में कंपनी के व्ययों का लेखापरीक्षा करने हेतु पारिश्रमिक दिया जाएगा, जैसाकि इस बैठक की सूचना के साथ विवरण संलग्न किया गया है और कंपनी के शेयर होल्डर द्वारा इसकी पुष्टि की गई है।"

   "यह भी संकल्प किया जाता है कि कंपनी के निदेशक मंडल को एतद द्वारा इस तरह के सभी कार्यों को करने एवं ऐसे सभी उपाय अपनाने हेतु प्राधिकृत किया जाता है, जो इस संकल्प को प्रभाव में लाने हेतु आवश्यक, उचित या प्रभावी हो सकते हैं।"

7. सामान्य संकल्प के रूप में निम्नलिखित संकल्प पर विचार करना एवं उचित समझे जाने पर संशोधन सहित अथवा रहित उसे पारित करनाः

   "संकल्प किया जाता है कि सुश्री आरती भटनागर (DIN: 10065528), जिन्हें कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 161 (1) के साथ पठित कंपनी के संगम अनुच्छेद के अनुच्छेद 67(iV) के अनुसार 14.02. 2023 को इस वार्षिक आम बैठक की तारीख तक पद पर बने रहने के लिए अतिरिक्त निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था। और जिनके संबंध में, कंपनी को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 160 (1) के प्रावधानों के अनुसार स्वयं निदेशक से लिखित रूप में नोटिस प्राप्त हुआ है। उन्हें लागू वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप कंपनी के निदेशक के रूप में नियुक्त किया जाता है और रोटेशन के आधार पर सेवानिवृत्त किया जा सकता है।''

8. सामान्य संकल्प के रूप में निम्नलिखित संकल्प पर विचार करना एवं उचित समझे जाने पर संशोधन सहित अथवा रहित उसे पारित करनाः

   "यह संकल्प किया जाता है कि श्री रमेश पाटल्या मावास्कर (DIN: 10194932), जिन्हें कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 और 161 (1) के साथ पठित कंपनी के संगम अनुच्छेद के अनुच्छेद 67 (iv) के अनुसार 08.06.2023 को इस वार्षिक आम बैठक की तारीख तक पद पर रहने के लिए अतिरिक्त निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था और जिनके संबंध में, कंपनी को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 160 (1) के प्रावधानों के अनुसार स्वयं निदेशक से लिखित रूप में नोटिस प्राप्त हुआ है। उन्हें लागू वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप कंपनी के एक स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया जाता है।''

9. सामान्य संकल्प के रूप में निम्नलिखित संकल्प पर विचार करना एवं उचित समझे जाने पर संशोधन सहित अथवा रहित उसे पारित करनाः

"यह निर्णय लिया गया कि श्री कृष्ण कुमार ठाकुर (DIN: 10172666), जिन्हें कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 161 (1) के साथ पठित कंपनी के संगम अनुच्छेद के अनुच्छेद 67 (iv) के अनुसार 04.07.2023 को इस वार्षिक आम बैठक की तारीख तक पद पर रहने के लिए एक अतिरिक्त निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था। और जिनके संबंध में, कंपनी को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 160 (1) के प्रावधानों के अनुसार स्वयं निदेशक से लिखित रूप में एक नोटिस प्राप्त हुआ है। उन्हें लागू वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप कंपनी के निदेशक के रूप में नियुक्त किया जाता है और रोटेशन के आधार पर सेवानिवृत्त किया जा सकता है।

निदेशक मण्डल के आदेश से

(राजीव कालड़ा)
कंपनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांकः 28 जुलाई, 2023

**सूचनाः–**

1. कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) के दिनांक 08.04.2020, 13.04.2020 और 05.05.2020 के परिपत्रों के साथ पठित दिनांक 28.12.2022 के परिपत्र (सामूहिक रूप से 'एमसीए परिपत्र' के रूप में संदर्भित) में सदस्यों की किसी एक स्थान पर भौतिक उपस्थिति के बिना, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग या अन्य ऑडियो–विजुअल माध्यमों (वीसी) से वार्षिक आम बैठक (एजीएम) आयोजित करने की अनुमति दी है। एमसीए परिपत्रों, कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 (सेबी सूचीबद्धता विनियम) के अनुसार, कंपनी की एजीएम वीसी के माध्यम से आयोजित की जा रही है। एजीएम के लिए मान्य स्थान कंपनी का पंजीकृत कार्यालय होगा।

2. उपर्युक्त एमसीए परिपत्रों और सेबी परिपत्र दिनांक 05.01.2023 के अनुपालन में, सेबी परिपत्र दिनांक 13.05.2022 के साथ पठित, वार्षिक रिपोर्ट 2022–23 के साथ एजीएम की सूचना केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से उन सदस्यों को भेजी जा रही है जिनके ईमेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत हैं। सदस्य ध्यान दें कि नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट 2022–23 कंपनी **(www.bhel.com),** बीएसई लिमिटेड **(www.bseindia.com),** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड **(www.nseindia.com)** की वेबसाइटों पर भी उपलब्ध होगी और ई–वोटिंग एजेंसी, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (NSDL) की वेबसाइट **www.evoting.nsdl.com** पर भी उपलब्ध होगी। वार्षिक रिपोर्ट के साथ एजीएम नोटिस की हार्ड प्रति उन सदस्यों को भेजी जाएगी, जिन्होंने इसके लिए अनुरोध किया है।

3. कंपनी से इलेक्ट्रॉनिक रूप से सभी संचार (नोटिस, वार्षिक रिपोर्ट और ई–वोटिंग निर्देश के साथ यूजर आईडी और पासवर्ड) प्राप्त करने के लिए कृपया नोटिस के साथ संलग्न निर्देशों को देखें।

4. कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार, वार्षिक आम सभा में उपस्थित होने और मतदान करने का पात्र सदस्य, अपनी ओर से उपस्थित होने और उसके स्थान पर मतदान करने के लिए प्रतिनिधि नियुक्त करने का पात्र होता है। इस प्रतिनिधि को कंपनी का सदस्य होने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि यह वार्षिक आम सभा एमसीए परिपत्रों के अनुपालन में वीसी के माध्यम से आयोजित की जा रही है, सदस्यों की भौतिक उपस्थिति की आवश्यकता को समाप्त कर दिया गया है। तदनुसार, वार्षिक आम सभा के लिए सदस्यों को प्रतिनिधि की नियुक्ति की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी और इसलिए प्रतिनिधि फॉर्म और उपस्थिति सूची इस सूचना के साथ संलग्न नहीं हैं।

5. चूंकि यह वार्षिक आम सभा वीसी के माध्यम से आयोजित की जाएगी, बैठक स्थल का मानचित्र भी इसके साथ संलग्न नहीं हैं।

6. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के अनुसार वीसी के माध्यम से सदस्यों की उपस्थिति वार्षिक आम सभा की गणपूर्ति (कोरम) के प्रयोजन हेतु मान्य की जाएगी।

7. कॉर्पोरेट / संस्थागत सदस्यों (अर्थात व्यक्तियों, एचयूएफ, एनआरआई, आदि के अतिरिक्त) को अधिकृत प्रतिनिधिओं के विधिवत सत्यापित नमूना हस्ताक्षरों सहित बोर्ड के रिज़ॉल्यूशन/अथॉरिटी लेटर आदि की स्कैन की हुई प्रमाणित मूल प्रति (पीडीएफ फाइल) स्क्रूटनाइजर को **ashugupta.cs@gmail.com** पर भेजना और **evoting@nsdl.co.in** को कॉपी करना आवश्यक है।

8. संस्थागत निवेशकों की श्रेणी के कंपनी सदस्यों को वार्षिक आम सभा में उपस्थित होने और मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

9. उपर्युक्त वर्णित विशेष कार्यों के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 (1) के अनुपालन में प्रासंगिक व्याख्यात्मक विवरण, भी इसके साथ संलग्न है।

10. श्री उपिंदर सिंह मठारू और श्री जय प्रकाश श्रीवास्तव, निदेशक, रोटेशन के आधार पर सेवानिवृत्त होते हैं और पात्र होने के कारण खुद को पुनः नियुक्ति के लिए पेश करते हैं। परन्तु, नियुक्ति की शर्तों के अनुसार, श्री मठारू और श्री श्रीवास्तव का कार्यकाल उनकी सेवानिवृत्ति पर समाप्त हो जाएगा यानी क्रमशः 31.08.2023 और 31.12.2024 को। श्री उपिंदर सिंह मठारू और श्री जय प्रकाश श्रीवास्तव का संक्षिप्त बायोडाटा नोटिस के अनुलग्नक में दिया गया है।

11. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 125 के साथ पठित धारा 124 के अनुसार, 7 वर्षों की अवधि के लिए अवैतनिक/लावारिस रहने वाली लाभांश राशि को केंद्र सरकार द्वारा गठित निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष में अंतरित किया जाना आवश्यक है। तदनुसार, वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए अंतिम लाभांश और वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए अंतरिम लाभांश, जो दावा न किया गया हो, क्रमशः 24.10.2023 और 08.03.2024 को उक्त खाते में अंतरित करने का प्रस्ताव है।

   जिन सदस्यों ने 31.03.2016 को समाप्त वित्तीय वर्ष या उसके बाद के किसी वित्तीय वर्ष के लिए अब तक अपने लाभांश का दावा/नकदीकरण नहीं किया है, वे निर्धारित 7 वर्षों की अवधि की समाप्ति से पहले भुगतान प्राप्त करने के लिए कंपनी से संपर्क कर सकते हैं।

12. कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2022–23 के लिए कंपनी की पेड–अप इक्विटी शेयर पूंजी पर 20% (प्रत्येक 2 रुपये के प्रति शेयर 0.40 रुपये) के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। यह अंतिम लाभांश, यदि एजीएम में शेयरधारकों द्वारा अनुमोदित किया जाता है, तो लाभांश की घोषणा की तारीख से 30 दिनों के भीतर देय होगा। यानी 22 सितंबर, 2023 को या उससे पहले उन सदस्यों को जिनके नाम रिकॉर्ड तिथि यानी शुक्रवार, 11 अगस्त, 2023 को कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर/लाभकारी स्वामियों की सूची में शामिल हैं।

   लाभांश आय शेयरधारकों के लिए कर योग्य है और कंपनी को आयकर अधिनियम, 1961 (आईटी अधिनियम) में निर्धारित दरों पर सदस्यों को भुगतान किए गए लाभांश के स्रोत से कर (टीडीएस) काटने की आवश्यकता होती है।

भविष्य में कंपनी द्वारा घोषित लाभांश के संबंध में टीडीएस अपेक्षाओं का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए, सदस्यों से अनुरोध है कि वे वार्षिक आधार पर फॉर्म 15जी/15एच जमा करें और अपनी डिपॉजिटरी के साथ आईटी अधिनियम के अनुसार अपनी आवासीय स्थिति, पैन और श्रेणी के बारे में विवरण अपडेट करें। प्रतिभागियों या भौतिक रूप में रखे गए शेयरों के मामले में, कंपनी/रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट के पास, ताकि भविष्य में कंपनी द्वारा किए गए लाभांश भुगतान के संबंध में लागू दरों के अनुसार स्रोत पर कर, यदि कोई हो, काटा जा सके।

13. सेबी लिस्टिंग विनियमों के अनुपालन में, सभी सूचीबद्ध कंपनियां लाभांश भुगतान के लिए आरबीआई द्वारा अनुमोदित भुगतान सुविधा जैसे कि ईसीएस / एनईसीएस / डायरेक्ट क्रेडिट आदि किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मोड का उपयोग करेंगी। सदस्यों को सलाह दी जाती है कि वे अपना नेशनल इलेक्ट्रॉनिक क्लीयरिंग सर्विस/इलेक्ट्रॉनिक क्लीयरिंग सर्विस (एनईसीएस) अधिकार पत्र हेतु विधिवत भरा हुआ व हस्ताक्षरित फार्म (वार्षिक रिपोर्ट में अन्यत्र दिया गया) जमा करें ताकि कंपनी द्वारा ईसीएस के माध्यम से धनराशि खातों में जमा की जा सके।

14. सदस्यों से अनुरोध है कि वे पता और एनईसीएस/ईसीएस विवरण सहित अन्य संबंधित पत्राचार में किसी भी परिवर्तन को तत्काल सूचित करें और स्थायी खाता संख्या (पैन) प्रस्तुत करें:–

    i. अपने इलेक्ट्रिनिक शेयर खातों के संबंध में अपने डिपोसिट्री भागीदार (डीपी) को, और

    ii. कंपनी को उसके पंजीकृत कार्यालय या रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट, मेसर्स अलंकिट असाइनमेंट्स लिमिटेड (4ई/2, अलंकित हाउस, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली–110055) को उनके भौतिक शेयरों के संबंध में, **www.bhel.com/shareholders-information** पर उपलब्ध प्रपत्रों के प्रारूप में भर कर भेजें।

15. सदस्य कंपनी अधिनियम, 2013 के धारा 72 के अनुरूप ऐसे किसी व्यक्ति को मनोनीत करते हुए नामांकन की सुविधा का लाभ ले सकते हैं जिन्हें, उनकी मृत्यु की दशा में, कंपनी में उनके शेयर विहित होंगे।

16. कंपनी अधिनियम, 2013 के धारा 142 (1) के साथ पठित धारा 139 (5) के अनुसरण में भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा किसी सरकारी कंपनी के लेखा परीक्षक नियुक्त किए जाते हैं और उनका पारिश्रमिक वार्षिक आम बैठक में कंपनी द्वारा नियत किया जाता है। शेयरधारक मण्डल को 2023–24 के लेखापरीक्षकों का उपर्युक्त पारिश्रमिक जो मण्डल द्वारा उचित समझा जाए, नियत करने के लिए निदेशक मंडल को प्राधिकृत कर सकते हैं।

17. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 170 के तहत निदेशकों और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों और उनकी शेयरधारिता का रजिस्टर, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 189 के तहत अनुबंधों या व्यवस्थाओं का रजिस्टर, जिसमें निदेशकों की रुचि है, बनाए रखा जाता है और संबंधित दस्तावेजों का रखरखाव किया जाता है। यह एजीएम के दौरान सदस्यों के निरीक्षण के लिए इलेक्ट्रॉनिक रूप से उपलब्ध होगा।

18. नोटिस में उल्लिखित सभी दस्तावेज इस नोटिस के जारी होने की दिनांक से वार्षिक आम सभा की दिनांक तक सदस्यों द्वारा निःशुल्क निरीक्षण हेतु इलेक्ट्रॉनिक रूप में उपलब्ध होंगे। इन दस्तावेजों का निरीक्षण करने के इच्छुक सदस्य shareholderquery@bhel.in पद पर ईमेल भेज सकते हैं।

19. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के साथ पठित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और सेबी लिस्टिंग विनियमों के विनियमन 44 के अनुपालन में, कंपनी अपने सदस्यों को वोट देने के अपने अधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान कर रही है। प्रस्तावों को एनएसडीएल के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (रिमोट ई–वोटिंग) द्वारा एजीएम में पारित करने का प्रस्ताव है। वे सदस्य जिनके नाम गुरुवार, 17 अगस्त, 2023 (कट–ऑफ तिथि) को सदस्यों के रजिस्टर/लाभार्थी मालिकों की सूची में दिखाई देते हैं, वे ई–वोटिंग/एजीएम के प्रयोजन के लिए मतदान करने के पात्र होंगे और एक व्यक्ति जो सदस्य नहीं है कट–ऑफ तिथि के अनुसार इस नोटिस को केवल सूचना प्रयोजनों के लिए माना जाना चाहिए। ई–वोटिंग की अवधि सोमवार, 21 अगस्त 2023 को सुबह 9.00 बजे से शुरू होगी और बुधवार, 23 अगस्त 2023 को शाम 5.00 बजे समाप्त होगा। ई–वोटिंग मॉड्यूल 23 अगस्त 2023 को शाम 5.00 बजे ब्लॉक कर दिया जाएगा। एक बार शेयरधारक द्वारा किसी प्रस्ताव पर वोट डालने के बाद, शेयरधारक को बाद में इसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। शेयरधारकों का मतदान अधिकार कट–ऑफ तिथि यानी 17 अगस्त, 2023 को कंपनी की भुगतान की गई इक्विटी शेयर पूंजी में उनके हिस्से के अनुपात में होगा।

20. ऐसे सदस्य जिन्होंने अपना मत ई–रिमोट से एजीएम के पहले किया हो और वे बैठक में उपस्थित रहे हैं तो उनको पुनः मतदान करने का अधिकार नहीं होगा

21. इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान (तात्क्षणिक मतदान) करने की सुविधा वार्षिक आम सभा में उपलब्ध कराई जाएगी और सुविधा वार्षिक आम सभा में भाग लेने वाले सदस्य जिन्होंने ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है, वे तात्क्षणिक मतदान के माध्यम से बैठक में मतदान कर सकेंगे।

22. कंपनी ने मैसर्स आशु गुप्ता एंड कंपनी, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरीज की कंपनी सचिव (एफसीएस नंबर 4123, सर्टिफिकेट ऑफ प्रैक्टिस नंबर 6646) सुश्री आशु गुप्ता को एजीएम में निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से रिमोट ई–वोटिंग और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग की प्रक्रिया की जांच के लिए एक स्क्रूटिनाइज़र के रूप में कार्य करने के लिए नियुक्त किया है। संवीक्षक, एजीएम में मतदान के समापन के तुरंत बाद, बैठक में डाले गए वोटों और रिमोट ई–वोटिंग के

माध्यम से डाले गए वोटों की जांच करेगा, पक्ष या विपक्ष में डाले गए कुल वोटों, यदि कोई हो, की एक समेकित जांचकर्ता रिपोर्ट तैयार करके अध्यक्ष के पास जमा करेगा। स्क्रूटिनाइज़र की रिपोर्ट और परिणाम बैठक के समापन के दो कार्य दिवसों के भीतर घोषित किए जाएंगे और ये अध्यक्ष/उसके द्वारा लिखित रूप में प्राधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा परिणाम की घोषणा के तुरंत बाद कंपनी की वेबसाइट **(www.bhel.com)** और ई–वोटिंग एजेंसी की वेबसाइट **(www.evoting.nsdl.com)** पर उपलब्ध कराए जाएंगे । परिणाम तुरंत स्टॉक एक्सचेंजों को भी अग्रेषित किए जाएंगे।

23. वीसी के माध्यम से वार्षिक आम सभा में शामिल होने, दूरस्थ ई–वोटिंग एवं बैठक में (तात्क्षणिक मतदान) की प्रक्रिया के साथ इससे संबन्धित शिकायतों की सुनवाई के लिए संपर्क विवरण सूचना के साथ संलग्न निर्देशों में उपलब्ध कराए गए हैं।

निदेशक मण्डल के आदेश से

(राजीव कालड़ा)
कंपनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांकः 28 जुलाई, 2023

# सूचना का अनुलग्नक

## कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102(1) के अनुपालन में व्याख्यात्मक विवरण

निम्नलिखित व्याख्यात्मक विवरण में 28 जुलाई, 2023 की संलग्न सूचना के मद संख्या 06 से 09 में उल्लिखित कार्यों से संबंधित भौतिक तथ्यों का उल्लेख है।

**मद सं. 6**

कंपनी (लेखा परीक्षा एवं लेखा परीक्षक) नियम, 2014 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 के अनुसार निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदित एवं उसके बाद सदस्यों द्वारा पुष्टि किया जाने वाला पारिश्रमिक लागत लेखापरीक्षकों को दिया जाना आवश्यक है।

लेखा परीक्षा समिति की अनुशंसा के आधार पर निदेशक मंडल ने 13 जुलाई 2023 को आयोजित बैठक में ₹ 15.76 लाख के कुल पारिश्रमिक के लिए नियुक्ति के लिए सात लागत लेखापरीक्षकों/फर्मों के नामों को निम्नानुसार अनुमोदित किया है:

रु. लाख में

| क्र. सं | लागत लेखा परीक्षकों का नाम | इकाई | वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|
| 1 | मैसर्स विजेंदर शर्मा एंड कंपनी, दिल्ली | समेकित लेखा परीक्षा रिपोर्ट | 1.01 |
| | | हीप हरिद्वार | 2.01 |
| | | सीएफ़एफ़पी हरिद्वार | 0.40 |
| 2 | मैसर्स आर.एम. बंसल एंड कंपनी, कानपुर | एचईपी भोपाल | 2.01 |
| | | टीपी झाँसी | 0.81 |
| | | एचईआरपी वाराणसी | 0.40 |
| 3 | मैसर्स नरसिम्हा मूर्ति एंड कंपनी, हैदराबाद | एचपीईपी हैदराबाद | 2.01 |
| 4 | मैसर्स सुब्रमण्यम राजगोपाल एंड एसोसिएट्स, तिरुचिरापल्ली | एचपीबीपी त्रिची | 2.67 |
| | | बीएपी रानीपेट | 1.33 |
| 5 | मैसर्स मूर्ति एंड कंपनी एलएलपी, बेंगलुरु | एसबीडी बेंगलुरु | 0.53 |
| | | ईडीएन बेंगलुरु | 0.67 |
| 6 | मैसर्स पालीवाल एंड एसोसिएट्स, लखनऊ | सीएफ़पी रुद्रपुर | 0.40 |
| | | एफ़एसआईपी जगदीशपुर | 0.61 |
| | | आईवीपी गोइंदवाल | 0.40 |
| 7 | मैसर्स एसएसपीजीआर एंड एसोसिएट्स एलएलपी, विशाखापत्तनम | एचपीवीपी विशाखापत्तनम | 0.53 |
| | | **कुल** | **15.76** |

उपर्युक्त शुल्क लागू करों और अन्य खर्च से अलग हैं जो अतिरिक्त देय हैं।

तदनुसार, सदस्यों से अनुरोध है कि वे 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए लागत लेखा परीक्षकों को देय पारिश्रमिक की पुष्टि करें।

कंपनी का कोई भी निदेशक या प्रमुख प्रबंधकीय कर्मी या उनके रिश्तेदार मद क्रमांक 6 में पारित संकल्प से वित्तीय रूप से या अन्यथा किसी प्रकार से संबद्ध या हितबद्ध नहीं है।

निदेशक मंडल शेयरधारकों के अनुमोदन के लिए इस संकल्प की अनुशंसा करता है।

**मद सं. 7**

सुश्री आरती भटनागर (DIN: 10065528), आयु 57 वर्ष, को 14 फरवरी, 2023 से बीएचईएल के निदेशक मंडल में अंशकालिक सरकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया।

सुश्री भटनागर के पास अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर की डिग्री है और वे मद्रास विश्वविद्यालय से रक्षा रणनीतिक अध्ययन में एम फिल हैं। सुश्री भटनागर राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज की पूर्व छात्रा हैं।

वे 1990 बैच की भारतीय रक्षा लेखा सेवा की सिविल सेवक हैं। वे वर्तमान में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारी उद्योग मंत्रालय और एमएसएमई मंत्रालय में अपर सचिव और वित्तीय सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं।

रक्षा बलों के वित्त, लेखा और लेखा परीक्षा से निपटने में लगभग 25 वर्षों के अनुभव के साथ, उनकी विशेषज्ञता रक्षा अधिग्रहण और खरीद अनुबंधों को संभालने में है। सुश्री भटनागर ने पांच वर्षों तक एसपीजी को संभालने वाले कैबिनेट सचिवालय में संयुक्त सचिव (सुरक्षा) के रूप में काम किया है। उन्होंने एयर इंडिया, पवन हंस लिमिटेड और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के लिए मुख्य सतर्कता अधिकारी के रूप में भी काम किया है।

सुश्री आरती भटनागर एचएमटी लिमिटेड, इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्जीबिशन सेंटर लिमिटेड, इन्वेस्ट इंडिया, एमएमटीसी लिमिटेड, द स्टेट ट्रेडिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन के बोर्ड में अंशकालिक आधिकारिक निदेशक का पद संभालती हैं। इसके अलावा, वे भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन की लेखापरीक्षा समिति की अध्यक्ष, एचएमटी लिमिटेड और एमएमटीसी लिमिटेड की लेखापरीक्षा समितियों की सदस्य और एचएमटी लिमिटेड की हितधारक संबंध समिति की सदस्य हैं।

बीएचईएल के बोर्ड में भारत सरकार द्वारा नामित होने के नाते, सुश्री आरती भटनागर को बीएचईएल से कोई पारिश्रमिक नहीं मिलता है।

सुश्री आरती भटनागर के पास बीएचईएल का कोई शेयर नहीं है और उनका कंपनी के अन्य निदेशकों/प्रबंधक/प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों के साथ कोई संबंध नहीं है।

सुश्री आरती भटनागर ने एक बोर्ड बैठक में भाग लिया जो वित्त वर्ष 2022–23 में उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित की गई थी।

कंपनी के संगम अनुच्छेद के खंड 67(iv) के साथ पठित लागू वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप, सुश्री आरती भटनागर आगामी वार्षिक आम बैठक की तारीख तक पद पर बनी रहेंगी और नियुक्ति के लिए पात्र हैं। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 160 की आवश्यकता के अनुसार, कंपनी को

लिखित रूप में एक नोटिस प्राप्त हुआ है, जिसमें कंपनी के निदेशक कार्यालय के लिए सुश्री आरती भटनागर की उम्मीदवारी का प्रस्ताव है।

सुश्री आरती भटनागर को छोड़कर, नियुक्त व्यक्ति होने के नाते, कंपनी का कोई भी निदेशक या प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक या उनके रिश्तेदार वित्तीय रूप से या अन्यथा किसी भी प्रकार से मद संख्या 7 में पारित संकल्प से संबद्ध या हितबद्ध नहीं है।

निदेशक मंडल शेयरधारकों के अनुमोदन के लिए इस संकल्प की अनुशंसा करता है।

**मद सं. 8**

श्री रमेश पटल्या मावास्कर (DIN: 10194932), आयु 53 वर्ष, को 8 जून, 2023 से बीएचईएल के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक के रूप में शामिल किया गया।

श्री रमेश पाटल्या मावास्कर अमरावती विश्वविद्यालय से वाणिज्य स्नातक हैं और उन्होंने केकेएसवी रामटेक विश्वविद्यालय से एमए (लोक प्रशासन) भी किया है।

श्री मावस्कर की विशेषज्ञता प्रबंधन और प्रशासन के क्षेत्र में है। उन्होंने बहुत कम आयु में महाराष्ट्र सरकार के साथ अपना करियर शुरू किया और विभिन्न स्तरों पर विभिन्न पदों पर कार्य किया। उनके पास सार्वजनिक सेवाओं जैसे सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) का नियंत्रण, सभी सरकारी खाद्य गोदामों और विभिन्न प्रभागों में पीडीएस का निरीक्षण और पर्यवेक्षण में 29 वर्षों से अधिक का व्यापक अनुभव था। उन्होंने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग में उपायुक्त पद से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली थी।

श्री मावस्कर को लोक प्रशासन के विभिन्न क्षेत्रों में विविध अनुभव प्राप्त हैं। सामाजिक–आर्थिक विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उनके पास अत्यंत समर्पित और परिश्रमी दृष्टिकोण है। उन्हें समाज सेवा में गहरी रुचि है और वे विशेष रूप से आदिवासी लोगों के उत्थान और सामाजिक–आर्थिक विकास से संबंधित विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में भी शामिल हैं।

श्री रमेश पाटल्या मावस्कर की नियुक्ति 01.06.2026 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, है। वे बोर्ड की बैठकों में स्वतंत्र निदेशक के रूप में भाग लेंगे और वे निदेशक मंडल समिति बैठकों में भाग लेने के लिए बैठक शुल्क के हकदार हैं।

श्री रमेश पाटल्या मावास्कर के पास बीएचईएल का कोई शेयर नहीं है और उनका कंपनी के अन्य निदेशकों/प्रबंधक/प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों के साथ कोई संबंध नहीं है।

चूंकि श्री रमेश पाटल्या मावस्कर को 08.06.2023 को निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था, उन्होंने वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान किसी भी बोर्ड बैठक में भाग नहीं लिया।

कंपनी के संगम अनुच्छेद के खंड 67(iv) के साथ पठित लागू वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप, श्री रमेश पटल्या मावस्कर आगामी वार्षिक आम बैठक की तारीख तक पद पर बने रहेंगे और नियुक्ति के लिए पात्र हैं। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 160 के अनुसार, कंपनी को लिखित रूप में एक नोटिस प्राप्त हुआ है, जिसमें कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के पद के लिए श्री रमेश पटल्या मावस्कर की उम्मीदवारी का प्रस्ताव है।

कंपनी को श्री रमेश पटल्या मावस्कर से घोषणा प्राप्त हुई है कि वे कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(6) और सेबी लिस्टिंग विनियमों के विनियमन 16 दोनों के तहत निर्धारित स्वतंत्रता के मानदंडों को पूरा करते हैं। उनकी व्यापक विशेषज्ञता और ज्ञान को ध्यान में रखते हुए, यह कंपनी के हित में होगा कि श्री रमेश पाटल्या मावस्कर को स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया जाए। उनके पास इस भूमिका के लिए आवश्यक कौशल और क्षमताएं हैं। बोर्ड की राय में, श्री रमेश पटल्या मावस्कर कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में अपनी नियुक्ति के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके तहत बनाए गए नियमों में निर्दिष्ट शर्तों को पूरा करते हैं और प्रबंधन से स्वतंत्र हैं।

श्री रमेश पटल्या मावस्कर को छोड़कर, जो कि एक नियुक्त व्यक्ति हैं, कंपनी का कोई भी निदेशक या प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक या उनके रिश्तेदार वित्तीय रूप से या अन्यथा किसी भी प्रकार से मद संख्या 7 में पारित संकल्प से संबद्ध या हितबद्ध नहीं है।

निदेशक मंडल शेयरधारकों के अनुमोदन के लिए इस संकल्प की अनुशंसा करता है।

**मद सं. 9**

श्री कृष्ण कुमार ठाकुर (DIN: 10172666), आयु 49 वर्ष, को 4 जुलाई, 2023 से बीएचईल के बोर्ड में निदेशक (मानव संसाधन) के रूप में नियुक्त किया गया।

श्री कृष्ण कुमार ठाकुर भारतीय रेलवे कार्मिक सेवा (आईआरपीएस) के 1998 बैच के अधिकारी हैं। वह तिलका मांझी विश्वविद्यालय, भागलपुर से साहित्य में स्नातकोत्तर हैं और टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टीआईएसएस) से मानव संसाधन (पीजीडीएम–एचआर) में विशेषज्ञता के साथ प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा की डिग्री भी रखते हैं।

उनके पास भारतीय रेलवे और सीपीएसयू में मानव संसाधन और प्रशासन को अच्छी तरह से संभालने के साथ 25 वर्षों की शानदार सेवा का विविध और बहुमुखी अनुभव है। अपने करियर के दौरान, उन्होंने तीन महत्वपूर्ण रेलवे डिवीजनों यानी सोलापुर, भोपाल और मुंबई के मानव संसाधन विभाग का नेतृत्व किया, जिसमें मुंबई डिवीजन के पैंतीस हजार कर्मियों के सभी मानव संसाधन मामले शामिल थे। वे सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए मानव संसाधन को समय पर और पारदर्शी तरीके से निपटाने में हमेशा असाधारण रहे हैं। कर्मचारी कल्याण सदैव उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। पश्चिम रेलवे के भर्ती सेल के अध्यक्ष के रूप में, उन्होंने लगभग बारह हजार कर्मचारियों की भर्ती सफलतापूर्वक पूरी की है। राइट्स के साथ सेकेंडमेंट पर काम करते हुए, उन्होंने सऊदी अरब में ट्रेन ऑपरेशन की एक विदेशी परियोजना में काम किया था और दो सौ कार्य वीजा (आईक्यूएएमए) मानव पूंजी जुटाने और ग्राहकों की संतुष्टि को पूरा करने वाले संसाधनों के कुशल प्रबंधन के मामले में उनका योगदान महत्वपूर्ण था। समयबद्ध तरीके से उन्होंने कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड (केआरसीएल) के मानव संसाधन विभाग का भी नेतृत्व किया था, जिसमें उन्होंने केआरसीएल की मानव संसाधन नीति और प्रक्रियाओं को विकसित करने और सुव्यवस्थित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

एक कुशल मानव संसाधन पेशेवर के रूप में, उन्होंने यूनियनों/संघों से निपटने में महत्वपूर्ण सेवा प्रदान की है, जो उनकी विशेषज्ञता का क्षेत्र भी रहा है। उनके सभी कार्यों में, कार्मिक मामलों के उनके सक्रिय,

प्रगतिशील और पारदर्शी संचालन ने संगठनों को सौहार्दपूर्ण औद्योगिक संबंध बनाए रखने और कॉर्पोरेट जिम्मेदारियों को पूरा करने में मदद की थी। एक दूरदर्शी, उन्हें समग्र संगठनात्मक परिप्रेक्ष्य में कॉर्पोरेट और सरकारी कामकाज के प्रमुख तत्वों के कुशल और प्रभावी प्रबंधन के लिए दीर्घकालिक प्रणालीगत सुधार का श्रेय दिया जाता है।

श्री कृष्ण कुमार ठाकुर की नियुक्ति 03.07.2028 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित नियमों और शर्तों पर 1,80,000 – 3,40,000 रुपये प्रति माह के वेतनमान पर है।

श्री ठाकुर के पास बीएचईएल का कोई शेयर नहीं है और उनका कंपनी के अन्य निदेशकों/प्रबंधक/प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों के साथ कोई संबंध नहीं है।

चूंकि श्री कृष्ण कुमार ठाकुर को 04.07.2023 को निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था, इसलिए उन्होंने वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान किसी भी बोर्ड बैठक में भाग नहीं लिया।

कंपनी के संगम अनुच्छेद के खंड 67(iv) के साथ पठित लागू वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप, श्री कृष्ण कुमार ठाकुर आगामी वार्षिक आम बैठक की तारीख तक पद पर बने रहेंगे और नियुक्ति के लिए पात्र हैं। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 160 की आवश्यकता के अनुसार, कंपनी को लिखित रूप में एक नोटिस प्राप्त हुआ है, जिसमें कंपनी के निदेशक कार्यालय के लिए श्री कृष्ण कुमार ठाकुर की उम्मीदवारी का प्रस्ताव है।

श्री कृष्ण कुमार ठाकुर को छोड़कर, जो कि एक नियुक्त व्यक्ति हैं, कंपनी का कोई भी निदेशक या प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक या उनके रिश्तेदार वित्तीय रूप से या अन्यथा किसी भी प्रकार से मद संख्या 7 में पारित संकल्प से संबद्ध या हितबद्ध नहीं है।

निदेशक मंडल शेयरधारकों के अनुमोदन के लिए इस संकल्प की अनुशंसा करता है।

निदेशक मण्डल के आदेश से

(राजीव कालड़ा)
कंपनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांकः 28 जुलाई, 2023

# पुनर्नियुक्ति के लिए प्रस्तावित निदेशकों का विवरण

## श्री उपिंदर सिंह मठारू

श्री उपिंदर सिंह मठारू (DIN: 09541886), आयु 59 वर्ष, को भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) के निदेशक मंडल में 21.03.2022 से निदेशक (पावर) के रूप में नियुक्त किया गया था।

श्री मठारू थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, पटियाला से 1984 बैच के मैकेनिकल इंजीनियरिंग स्नातक हैं। वे ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) के सरकार द्वारा प्रमाणित ऊर्जा प्रबंधक और ऑडिटर हैं। उन्होंने बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (मार्केटिंग) में स्नातकोत्तर डिग्री भी अर्जित की है।

श्री मठारू ने वर्ष 1985 में बीएचईएल के इंडस्ट्रियल वाल्व प्लांट (आईवीपी), गोइंदवाल में इसकी स्थापना के दौरान कार्यभार ग्रहण किया। उनके पास लगभग 38 वर्षों का विविध प्रकार का बहुमुखी अनुभव है; आरंभ में आईवीपी गोइंदवाल और एचपीबीपी तिरुचिरापल्ली की विनिर्माण इकाइयों का तथा उसके बाद परियोजना प्रबंधन प्रभागों सहित बीएचईएल के पावर सेक्टर प्रभाग में काम का अनुभव है। उन्होंने बीएचईएल के पावर सेक्टर–पूर्वी क्षेत्र (पीएसईआर), कोलकाता का नेतृत्व भी किया है।

परियोजना प्रबंधन समूह के प्रमुख के रूप में, श्री मठारू ने पावर सेक्टर–पूर्वी क्षेत्र प्रमुख के रूप में एफजीडी परियोजनाओं के अतिरिक्त भारत और विदेशों में 8,000 मेगावाट से अधिक की थर्मल और हाइड्रो परियोजनाओं का निष्पादन करवाया है। परियोजना प्रबंधन प्रभाग में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने पावर सेक्टर की क्षमता वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान देने के अतिरिक्त, कंपनी की विभिन्न परियोजना प्रबंधन प्रक्रियाओं और प्रणालियों को विकसित करने में महती भूमिका निभाई थी। बीएचईएल की विनिर्माण इकाइयों में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने उपसंविदा, सामग्री प्रबंधन, ऑपरेशन प्लानिंग और कंट्रोल, प्रबंधन सेवाओं सहित विविध कार्यक्षेत्रों का अनुभव प्राप्त किया। आईवीपी, गोइंदवाल की स्थापना से ही वे सक्रिय रूप से कार्यरत थे।

श्री मठारू मृदुभाषी व्यक्ति हैं। उन्हें एक विश्वसनीय प्रोफेशनल के रूप में जाना जाता है। श्री मठारू को पावर सेक्टर परियोजनाओं के त्वरित कार्यान्वयन के इकोसिस्टम का व्यापक ज्ञान और अनुभव है।

विनिर्माण इकाइयों और कॉर्पोरेट प्रकार्यों में उनके व्यापक अनुभव ने उन्हें व्यावसायिक माहौल के संभावित परिवर्तनों का आकलन करने तथा कंपनी की विकास रणनीतियों के निर्माण हेतु प्रभावी योगदान देने में सक्षम बनाया है।

श्री उपिंदर सिंह मठारू की नियुक्ति 31.08.2023 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित नियमों और शर्तों पर 1,80,000 रुपये – 3,40,000 रुपये प्रतिमाह के वेतनमान पर है।

श्री उपिंदर सिंह मठारू के पास बीएचईएल में कोई शेयर नहीं है और उनका कंपनी के अन्य निदेशकों/प्रबंधक/प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों के साथ कोई संबंध नहीं है।

श्री उपिंदर सिंह मठारू ने वित्त वर्ष 2022–23 में आयोजित सभी बोर्ड बैठकों (ग्यारह) में भाग लिया है।

## श्री जय प्रकाश श्रीवास्तव

Sश्री जय प्रकाश श्रीवास्तव डीआईएनरू 09703643), आयु 58 वर्ष, को दिनांक 12.08.2022 को भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) के निदेशक मण्डल में निदेशक (इंजीनियरिंग, अनुसंधान एवं विकास) के रूप में नियुक्त किया गया है। उनके पास निदेशक (वित्त) का अतिरिक्त प्रभार भी है और वे बीएचईएल के मुख्य वित्तीय अधिकारी भी हैं।

श्री श्रीवास्तव भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान रुड़की (तत्कालीन रुड़की विश्वविद्यालय) से 1985 बैच के मैकेनिकल इंजीनियरिंग स्नातक हैं और व्यवसाय प्रशासन (बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) में स्नातकोत्तर डिग्री धारक हैं।

श्री श्रीवास्तव ने 1985 में बीएचईएल के इंसुलेटर प्लांट, जगदीशपुर में अभियंता प्रशिक्षु के रूप में में कार्यग्रहण किया। उनके पास विभिन्न क्षमताओं में 36 वर्षों से अधिक कालखंड का विविध और व्यापक अनुभव है। इसमें सभी प्रमुख प्रकार्यों (फंग्शंस) जैसे विपणन और व्यवसाय विकास, परियोजना प्रबंधन, विनिर्माण परिचालन, आयोजना एवं विकास, सूचना प्रौद्योगिकी, मानव संसाधन प्रबंधन, रणनीतिक और हितधारक प्रबंधन में संपूर्ण बीएचईएल वेल्यू चेन अर्थात विनिर्माण इकाइयों (आईपी जगदीशपुर, सीएफपी रुद्रपुर, एचपीवीपी विजाग), व्यावसाय क्षेत्र (उद्योग क्षेत्र, श्रृंखला परिचालन) और सीएमडी सचिवालय के प्रमुख के रूप में दो वर्ष के कार्यकाल सहित कॉर्पोरेट कार्यालय का कार्य अनुभव शामिल है। उन्होंने निदेशक मंडल रिपोर्ट, वित्तीय रिपोर्टिंग, प्रकटीकरण और अनुपालन, प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण, निदेशकों की जिम्मेदारियों का विवरण, सीईओ/सीएफओ प्रमाणन, आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की प्रभावशीलता, वित्तीय जोखिम प्रबंधन, पर्याप्तता और वित्तीय प्रणालियों और प्रक्रियाओं की प्रभावशीलता, प्राप्तियों के परिसमापन के लिए संरचनात्मक ढांचे, रणनीतिक लागत प्रबंधन, इन्वेंटरी अनुकूलन, खरीद दक्षता, तरलता प्रबंधन, एमओयू के वित्तीय मापदंडों की उपलब्धि आदि से जुड़ी शीर्ष स्तर की जिम्मेदारियों से संबंधित सभी अपेक्षित दक्षताएं प्राप्त कर ली हैं ।

इससे पूर्व कार्यपालक निदेशक एवं उद्योग क्षेत्र के इकाई प्रमुख के रूप में, उन्होंने रिकॉर्ड संग्रह हासिल करने के लिए नकदी–केंद्रित परियोजना निष्पादन के अपने केंद्रित दृष्टिकोण के साथ उद्योग क्षेत्र के कई व्यवसायों के वित्तीय प्रदर्शन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके अलावा, बीएचईएल की विनिर्माण इकाइयों में से एक के प्रमुख के रूप में, सख्त बजटीय नियंत्रण, बेहतर टर्नओवर वसूली और लाभ अधिकतमीकरण के माध्यम से वित्तीय प्रदर्शन को अधिकतम करने में उनके व्यापक प्रयासों के परिणामस्वरूप यूनिट के लिए पिछले 5 वर्षों में सर्वश्रेष्ठ वित्तीय परिणाम प्राप्त हुए थे।

श्री श्रीवास्तव, निदेशक (ई, आर एंड डी) और निदेशक (वित्त) – अतिरिक्त प्रभार के रूप में, रक्षा और एयरोस्पेस, रेलवे परिवहन, हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था, कोयला से रसायन, उन्नत प्रणोदन जैसे नए विकास क्षेत्रों

आदि के साथ–साथ राष्ट्रीय सुविधाओं और उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना में कंपनी–व्यापी क्षमता निर्माण पहल का नेतृत्व कर रहे हैं। वे कंपनी के विकास पथ को गति देने के लिए कंपनी की यूएसपी का लाभ उठाते हुए कंपनी में नवीन राजस्व मॉडल भी चला रहे हैं। कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में, वे व्यावसायिक रणनीतियों को वित्तीय परिप्रेक्ष्य प्रदान कर रहे हैं और हितधारकों के हितों की रक्षा के लिए वित्तीय जोखिम प्रबंधन की प्रभावशीलता को बनाए रख रहे हैं। वे व्यवसाय संचालन के व्यवस्थित और कुशल संचालन को सक्षम करने के लिए प्रणालीगत ढांचे को विकसित करने और नीतियों को पुनरू व्यवस्थित करने पर जोर दे रहे हैं। श्री श्रीवास्तव ने मौजूदा और अभूतपूर्व चुनौतियों के तहत, मिशन मोड में वित्तीय प्रदर्शन को अधिकतम करने और संचालन में तरलता और लाभप्रदता बढ़ाने के लिए विवेकपूर्ण संचालन, निवेश और वित्तपोषण रणनीतियों को तैयार करने का काम किया है। वे परिचालन में अनुपालन, पारदर्शिता और वित्तीय औचित्य सुनिश्चित करते हुए, जहां भी संभव हो, डिजिटल एकीकरण के माध्यम से परिचालन उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

वह अपने कैरियर के पूरे इतिहास में विभिन्न पहलों के लिए जिम्मेदार रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप ष्कई प्रथम उपलब्धियांष हासिल हुईं। बीएचईएल संचालन में उनके व्यापक अनुभव ने उन्हें बाजार के रुझानों का विश्लेषण करने और बाजार के लिए तैयारी हेतु क्षमताओं को विकसित करने के लिए एक मजबूत कौशल से समृद्ध किया है और उन्हें बदलते कारोबारी माहौल में रणनीतियों के निर्माण और कार्यान्वयन में प्रभावी ढंग से योगदान करने और बीएचईएल को स्थायी विकास के पथ पर लाने में सक्षम बनाया है।

श्री जय प्रकाश श्रीवास्तव बीएचईएल – जीई गैस टर्बाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के बोर्ड में गैर–कार्यकारी अध्यक्ष और रायचूर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बोर्ड में गैर–कार्यकारी निदेशक का पद भी संभाल रहे हैं।

श्री जय प्रकाश श्रीवास्तव की नियुक्ति 31.12.2024 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित नियमों और शर्तों पर 1,80,000 रुपये – 3,40,000 रुपये प्रति माह के वेतनमान पर है।

श्री जय प्रकाश श्रीवास्तव के पास बीएचईएल में कोई शेयर नहीं है और उनका कंपनी के अन्य निदेशकों/प्रबंधक/प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों के साथ कोई संबंध नहीं है।

श्री जय प्रकाश श्रीवास्तव ने वित्त वर्ष 2022–23 में अपने कार्यकाल के दौरान आयोजित सभी बोर्ड बैठकों (छह) में भाग लिया है।

निदेशक मण्डल के आदेश से

(राजीव कालड़ा)
कंपनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांकः 28 जुलाई, 2023

# वीसी, रिमोट के माध्यम से एजीएम में शामिल होने की प्रक्रिया ई–वोटिंग और एजीएम में वोटिंग

कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम 2014 यथासंशोधित, सपठित कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 108 एवं सेबी लिस्टिंग विनियमों के नियम 44 के प्रावधानों, तथा ई–वोटिंग सुविधा प्रदान कराने वाली सूचीबद्ध संस्थाओं के संबंध में सेबी परिपत्र संख्याः सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी/सीआईआर/पी/2020/242 दिनांक 9 दिसंबर, 2020, के अनुपालन में, कंपनी अपने सदस्यों को वार्षिक आम सभा में (एजीएम) पारित किए जाने वाले संकल्पों पर उनके मताधिकार का प्रयोग इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों (ई–वोटिंग) के माध्यम से करने की सुविधा प्रदान कर रही है। यह सुविधा एनएसडीएल की ई–वोटिंग सुविधा के माध्यम से प्रदान की जा रही है।

रिमोट ई–वोटिंग की अवधि इस प्रकार होगीः–

| | |
|---|---|
| रिमोट ई–वोटिंग की शुरुआतः | सोमवार, अगस्त 21, 2023 को प्रातः 9:00 बजे से |
| रिमोट ई–वोटिंग की समाप्तिः | बुधवार, 23 अगस्त 2023 को शाम 5:00 बजे तक |

गुरुवार, 17 अगस्त, 2023 यानी कट–ऑफ तारीख तक भौतिक रूप में या डीमटेरियलाइज्ड रूप में शेयर रखने वाले सदस्य उपर्युक्त अवधि के दौरान इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। उसके बाद मतदान के लिए एनएसडीएल द्वारा ई–वोटिंग मॉड्यूल अक्षम कर दिया जाएगा। सदस्यों के पास 21 अगस्त, 2023 से शुरू होने वाली और 23 अगस्त, 2023 को समाप्त होने वाली अवधि के दौरान या एजीएम के समय ई–वोटिंग के दौरान रिमोट ई–वोटिंग सुविधा का उपयोग करके किसी भी प्रस्ताव पर अपना वोट डालने का विकल्प है। जिन सदस्यों ने एजीएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे वीसी के माध्यम से एजीएम में भाग ले सकते हैं, लेकिन ऐसे प्रस्ताव पर दोबारा वोट डालने के हकदार नहीं होंगे।

कंपनी के निदेशक मंडल ने एजीएम में निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से रिमोट ई–वोटिंग और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग की प्रक्रिया की जांच करने के लिए मैसर्स आशु गुप्ता एंड कंपनी, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी की सुश्री आशु गुप्ता को स्क्रूटिनाइज़र के रूप में नियुक्त किया है।

सदस्यों का मतदान अधिकार कट–ऑफ तिथि के अनुसार कंपनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी में उनके शेयरों के अनुपात में होगा।

संवीक्षक, बैठक में ई–वोटिंग के समापन के बाद, बैठक में डाले गए वोटों एवं दूरस्थ ई–वोटिंग के माध्यम से डाले गए वोटों की जांच करेगा और इन्हे समेकित कर संवीक्षक रिपोर्ट बनाकर अध्यक्ष महोदय को प्रस्तुत करेगा। ई–वोटिंग का परिणाम बैठक के समापन के दो कार्य दिवसों के भीतर घोषित किया जाएगा और इसी के साथ, समेकित संवीक्षक रिपोर्ट, कंपनी की वेबसाइट (www.bhel.com) और ई–वोटिंग एजेंसी की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर डाल दी जाएगी। परिणाम उसी समय स्टॉक एक्सचेंजों को भेज दिये जाएंगे।

अपेक्षित संख्या में वोट प्राप्त होने पर, नोटिस में प्रस्तावित प्रस्तावों को बैठक की तिथि पर, अर्थात् 24 अगस्त, 2023 को पारित माना जाएगा।

## इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से वोटिंग और आभासी (वर्चुअल) बैठकों में भाग लेने की प्रक्रिया

**क. रिमोट ई–वोटिंग और एजीएम में वोटिंग के लिए प्रक्रिया नीचे समझाई गई हैः**

**चरण –1: एनएसडीएल ई–वोटिंग सिस्टम में प्रवेश एवं एनएसडीएल ई–वोटिंग सिस्टम पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से वोट डालना**

**क.1) डीमैट मोड में प्रतिभूतियां धारण करने वाले शेयरधारक व्यक्ति के लिए लॉगिन विधि**

सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा प्रदान की जाने वाली ई–वोटिंग सुविधा संबंधी सेबी के 9 दिसंबर, 2020 के परिपत्र के अनुसार और मतदान प्रक्रिया की दक्षता बढ़ाने के हिस्से के रूप में, डीमैट मोड में प्रतिभूतियों को धारण करने वाले सभी व्यक्तिगत शेयरधारकों के लिए ई–वोटिंग प्रक्रिया को इस प्रकार सक्षम किया गया है कि वे डिपॉजिटरी /डिपॉजिटरी की वेबसाइट/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के पास खोले गए उनके डीमैट खाते के माध्यम से वोट कर सकें। शेयरधारकों को सलाह दी जाती है कि वे ई–वोटिंग सुविधा का उपयोग करने के लिए अपने डीमैट खातों में अपना मोबाइल नंबर और ईमेल–आईडी अपडेट करें।

| शेयरधारकों का प्रकार | लॉगिन विधि |
|---|---|
| एनएसडीएल में डीमैट मोड में प्रतिभूति रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक | **I. एनएसडीएल आईडीएएस (IDeAS) सुविधाः**<br>• **यदि आप पहले से ही एनएसडीएल आईडीईएएस सुविधा में पंजीकृत हैं:**<br>1. कृपया एनएसडीएल की ई–सेवा वेबसाइट देखें। पर्सनल कंप्यूटर या मोबाइल फोन के वेब ब्राउजर में निम्नलिखित यूआरएल टाइप करके खोलें: **https://eservices.nsdl.com.**<br>2. ई–सेवाओं का होमपेज दिखाई देने के बाद, 'आइडीएएस' अनुभाग के अंतर्गत उपलब्ध 'लॉगिन' के अंतर्गत 'बेनिफिशियल ओनर' आइकन पर क्लिक करें।<br>3. एक नई स्क्रीन खुलेगी। आपको अपना यूजर आईडी और पासवर्ड डालना होगा। सफल प्रमाणीकरण के बाद, आप ई–वोटिंग सेवाओं को देख पाएंगे।<br>4. ई–वोटिंग सेवाओं के तहत 'एक्सेस टू ई–वोटिंग' पर क्लिक करें और आप ई–वोटिंग पेज देख पाएंगे।<br>5. कंपनी के नाम या ई–वोटिंग सेवा प्रदाता – एनएसडीएल के सामने उपलब्ध विकल्पों पर क्लिक करें। तब आपको रिमोट ई–वोटिंग अवधि के दौरान या मीटिंग के दौरान मतदान करने के लिए एनएसडीएल ई–वोटिंग वेबसाइट पर री–डाइरेक्ट किया जाएगा। |

| | |
|---|---|
| | • **यदि आप आईडीईएएस ई–सेवाओं में पंजीकृत नहीं हैं:**<br>1. पंजीकरण करने का विकल्प https://eservices.nsdl.com पर उपलब्ध है।<br>2. 'IDeAS में ऑनलाइन पंजीकरण करें' चुनें या https://eservices.nsdl.com/SecureWeb/IdeasDirectReg.jsp पर क्लिक करें।<br>3. सफलतापूर्वक पंजीकरण होने पर, कृपया उपर्युक्त बिंदु 1 – 5 में दिए गए निर्देशों का पालन करें।<br>II. एनएसडीएल की ई–वोटिंग वेबसाइट:<br>1. एनएसडीएल की ई–वोटिंग वेबसाइट पर जाएं। पर्सनल कंप्यूटर या मोबाइल फोन के वेब ब्राउजर में निम्नलिखित यूआरएल टाइप करके खोलें: https://www.evoting.nsdl.com<br>2. ई–वोटिंग सिस्टम का होमपेज दिखाई देने के बाद, 'शेयरधारक/सदस्य' अनुभाग के अंतर्गत उपलब्ध 'लॉगिन' आइकन पर क्लिक करें।<br>3. एक नई स्क्रीन खुलेगी। आपको अपना यूजर आईडी (यानी एनएसडीएल के पास 16 अंकों का डीमैट खाता नंबर), पासवर्ड / ओटीपी और स्क्रीन पर दिखाए गए सत्यापन कोड को दर्ज करना होगा।<br>4. सफल प्रमाणीकरण के बाद, आपको एनएसडीएल डिपॉजिटरी साइट पर भेज दिया जाएगा, जहां आप ई–वोटिंग पेज देख सकते हैं। कंपनी के नाम या ई–वोटिंग सेवा प्रदाता – एनएसडीएल के सामने उपलब्ध विकल्पों पर क्लिक करें और रिमोट ई–वोटिंग अवधि के दौरान या मीटिंग के दौरान मतदान करने के लिए आपको एनएसडीएल की ई–वोटिंग वेबसाइट पर पुनः निर्देशित किया जाएगा।<br>III. शेयरधारक / सदस्य निर्बाध मतदान अनुभव के लिए नीचे उल्लिखित क्यूआर कोड को स्कैन करके एनएसडीएल मोबाइल ऐप 'एनएसडीएल स्पीड–ई' सुविधा भी डाउनलोड कर सकते हैं।<br>NSDL Mobile App is available on<br>App Store Google Play |

| | |
|---|---|
| सीडीएसएल में डीमैट मोड में प्रतिभूति रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक | 1. मौजूदा उपयोगकर्ता जिन्होंने Easi/Easiest का विकल्प चुना है, वे अपनी यूजर आईडी और पासवर्ड के माध्यम से लॉगिन कर सकते हैं। ई–वोटिंग पेज तक पहुंचने का विकल्प बिना किसी और प्रमाणीकरण के उपलब्ध कराया जाएगा। उपयोगकर्ताओं के लिए Easi/Easiest में लॉगिन करने के लिए URL https://web.cdslindia.com/myeasi/home/login या www.cdslindia.com है और 'New System Myeasi' पर क्लिक करें।<br>ईज़ी/ईज़ीएस्ट के सफल लॉगिन के बाद, आप ई वोटिंग मेनू भी देख पाएंगे। मेनू में ई–वोटिंग सेवा प्रदाता (ईएसपी) यानी एनएसडीएल पोर्टल के लिंक होंगे। अपना वोट डालने के लिए एनएसडीएल पर क्लिक करें।<br>3. यदि आप Easi/Easiest में पंजीकृत नहीं हैं, तो पंजीकरण करने का विकल्प https://web.cdslindia.com/myeasi/Registration/EasiRegistration पर उपलब्ध है।<br>4. वैकल्पिक रूप से, आप www.cdslindia.com होम पेज में एक लिंक से डीमैट खाता संख्या और पैन नंबर प्रदान करके सीधे ई–वोटिंग पेज तक पहुंच सकते हैं। सिस्टम डीमैट खाते में पंजीकृत मोबाइल और ईमेल पर ओटीपी भेजकर उपयोगकर्ता को प्रमाणित करेगा। सफल प्रमाणीकरण के बाद, उपयोगकर्ता को संबंधित ईएसपी यानी एनएसडीएल के लिए लिंक प्रदान किए जाएंगे जहां ई–वोटिंग चल रही है। |
| शेयरधारकों (डीमैट मोड में प्रतिभूतियां रखने वाले) का उनके डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के माध्यम से लॉगिन | 1. आप ई–वोटिंग सुविधा के लिए एनएसडीएल/सीडीएसएल के साथ पंजीकृत अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के माध्यम से अपने डीमैट खाते के लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग करके भी लॉग इन कर सकते हैं।<br>2. लॉग इन करने के बाद आपको ई–वोटिंग का विकल्प दिखाई देगा। एक बार जब आप ई–वोटिंग विकल्प पर क्लिक करते हैं, तो सफल प्रमाणीकरण के बाद आपको एनएसडीएल/सीडीएसएल डिपॉजिटरी साइट पर भेज दिया जाएगा, जहां आप ई–वोटिंग सुविधा देख सकते हैं।<br>3. कंपनी के नाम या ई–वोटिंग सेवा प्रदाता–एनएसडीएल के सामने उपलब्ध विकल्पों पर क्लिक करें और रिमोट ई–वोटिंग अवधि के दौरान या मीटिंग के दौरान मतदान करने के लिए आपको एनएसडीएल की ई–वोटिंग वेबसाइट पर रीडायरेक्ट कर दिया जाएगा। |

**महत्वपूर्ण टिप्पणी:** जो सदस्य यूजर आईडी/पासवर्ड याद करने में असमर्थ हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर उपलब्ध फॉरगॉट यूजर आईडी एंड पासवर्ड विकल्प का उपयोग करें।

**डीमैट मोड में प्रतिभूतियों को रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों की डिपॉजिटरी यानी एनएसडीएल और सीडीएसएल के माध्यम से लॉगिन से संबंधित किसी भी तकनीकी समस्या के समाधान हेतु हेल्पडेस्क**

| लॉगिन प्रकार | हेल्पडेस्क विवरण |
|---|---|
| एनएसडीएल में डीमैट मोड में प्रतिभूति रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक | लॉगिन करने में किसी भी तकनीकी समस्या का सामना करने वाले सदस्य NSDL हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं वे **evoting@nsdl.co.in** पर अनुरोध भेजकर या टोल फ्री नंबरः 1800–1020–990 और 1800–22–4430 पर कॉल करके समस्या का हल पा सकते हैं। |
| सीडीएसएल में डीमैट मोड में प्रतिभूति रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक | लॉगिन करने में किसी भी तकनीकी समस्या का सामना करने वाले सदस्य NSDL हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं वे **elpdesk.evoting/evoting/cdslindia.com** पर अनुरोध भेजकर या टोल फ्री नंबरः 022– 23058738 और 022–23058542/43 पर कॉल करके समस्या का हल पा सकते हैं। |

**क.2) डीमैट मोड में प्रतिभूतियां रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों और भौतिक मोड में प्रतिभूतियां रखने वाले शेयरधारकों के अलावा शेयरधारकों के लिए लॉगिन विधि**

1. एनएसडीएल की ई–वोटिंग वेबसाइट पर जाएं। पर्सनल कंप्यूटर पर या मोबाइल के वेब ब्राउज़र पर निम्नलिखित URL टाइप करके खोलेंः **https://www.evoting.nsdl.com**

2. ई–वोटिंग सिस्टम का होम पेज दिखाई देने के बाद, 'शेयरधारक/सदस्य' अनुभाग के अंतर्गत उपलब्ध 'लॉगिन' आइकन पर क्लिक करें।

3. एक नई स्क्रीन खुलेगी। आपको अपना यूजर आईडी, अपना पासवर्ड/ओटीपी और स्क्रीन पर दिखाई देने वाला एक सत्यापन कोड दर्ज करना होगा।

4. वैकल्पिक रूप से, यदि आप एनएसडीएल ई–सेवाओं यानी आईडीईएएस में पंजीकृत हैं, तो आप अपने मौजूदा आईडीईएएस लॉगिन से **https://eservices.nsdl.com/** पर लॉगिन कर सकते हैं। एक बार जब आप अपने लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग करने के बाद एनएसडीएल ई–सेवाओं में लॉग इन करते हैं, तो ई–वोटिंग पर क्लिक करें और आप चरण 2 पर आगे बढ़ सकते हैं यानी एनएसडीएल ई–वोटिंग सिस्टम पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डालें।

5. आपका यूजर आईडी विवरण नीचे दिया गया हैः

| शेयर रखने का तरीका यानी डीमैट (एनएसडीएल या सीडीएसएल) या भौतिक | आपकी यूजर आईडी हैः |
|---|---|
| क) उन सदस्यों के लिए जो एनएसडीएल के साथ डीमैट खाते में शेयर रखते हैं। | 8–अक्षर डीपी आईडी के बाद 8–अंकीय क्लाइंट आईडी उदाहरण के लिए यदि आपकी डीपी आईडी IN300*** है और क्लाइंट आईडी है<br>12****** तो आपकी यूजर आईडी है IN300***12****** |
| ख) उन सदस्यों के लिए जिनके पास सीडीएसएल के डीमैट खाते में शेयर हैं। | 16–अंकीय लाभार्थी आईडी<br>उदाहरण के लिए यदि आपकी लाभार्थी आईडी 12************** है तो आपकी उपयोगकर्ता आईडी 12************** है |
| ग) भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों के लिए | कंपनी के साथ पंजीकृत फोलियो नंबर के बाद EVEN नंबर<br>उदाहरण के लिए यदि फोलियो संख्या 001*** है और EVEN 124661 है तो उपयोगकर्ता आईडी 124661001*** है |

6. व्यक्तिगत शेयरधारकों के अलावा अन्य शेयरधारकों के लिए पासवर्ड विवरण नीचे दिए गए हैंः

   क) यदि आप पहले से ही ई–वोटिंग के लिए पंजीकृत हैं, तो आप अपने मौजूदा पासवर्ड का उपयोग से लॉग इन करके अपना वोट डाल सकते हैं।

   ख) यदि आप पहली बार एनएसडीएल ई–वोटिंग सिस्टम का उपयोग कर रहे हैं, तो आपको **'प्रारंभिक पासवर्ड'** याद/प्राप्त करना होगा जो आपको सूचित किया गया था। एक बार जब आप अपना **'प्रारंभिक पासवर्ड'** याद/प्राप्त कर लेते हैं, तो आपको 'प्रारंभिक पासवर्ड' दर्ज करना होगा और सिस्टम आपको अपना पासवर्ड बदलने के लिए संकेत देगा।

   ग) अपना **'प्रारंभिक पासवर्ड'** कैसे याद/प्राप्त करें?

   (i) यदि आपकी ईमेल आईडी आपके डीमैट खाते में या कंपनी के साथ पंजीकृत है, तो आपका **'प्रारंभिक पासवर्ड'** आपको आपकी ईमेल आईडी पर सूचित किया जाता है। एनएसडीएल से आपको भेजे गए ईमेल को आपके मेलबॉक्स से ट्रेस करें। इस ईमेल खोलें और अटैचमेंट में एक pdf फ़ाइल होगी, उसे खोलें। pdf फ़ाइल खोलने का पासवर्ड एनएसडीएल खाते में आपकी 8 अंकों की क्लाइंट आईडी, सीडीएसएल खाते में क्लाइंट आईडी के अंतिम 8 अंक अथवा भौतिक रूप में धारित शेयरों का फोलियो नंबर है। pdf फाइल में आपकी **'यूजर आईडी'** और आपका **'प्रारंभिक पासवर्ड'** दिया गया है।

   (ii) यदि आपकी ईमेल आईडी पंजीकृत नहीं है, तो कृपया नीचे **'शेयरधारकों के लिए सामान्य दिशानिर्देश'** में उल्लिखित

चरणों का पालन करें।

7. यदि आप पुनः प्राप्त करने में असमर्थ हैं या प्राप्त नहीं किया है **'प्रारंभिक पासवर्ड'** या अपना पासवर्ड भूल गए हैं:

   क) **'फॉरगॉट यूजर डिटेल्स/पासवर्ड?'** पर क्लिक करें। (यदि आप एनएसडीएल या सीडीएसएल में डीमैट खाते में शेयर रखते हैं) विकल्प www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध है।

   ख) **'फिजिकल यूजर रीसेट पासवर्ड?'** पर क्लिक करें (यदि आप भौतिक रूप में शेयर धारण कर रहे हैं) विकल्प www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध है।

   ग) यदि आप अभी भी उपर्युक्त दोनों विकल्पों द्वारा पासवर्ड प्राप्त करने में असमर्थ हैं, तो आप अपना डीमैट खाता संख्या/फोलियो नंबर, अपना पैन, अपना नाम और अपना पंजीकृत पता आदि का उल्लेख करते हुए evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेज सकते हैं।

   घ) सदस्य एनएसडीएल की ई–वोटिंग प्रणाली पर वोट डालने के लिए ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) आधारित लॉग–इन का भी उपयोग कर सकते हैं।

8. अपना पासवर्ड दर्ज करने के बाद, **'नियमों और शर्तों से सहमत'** के चेक बॉक्स पर चयन करके टिक करें।

9. अब, आपको **'लॉगिन'** बटन पर क्लिक करना होगा।

10. **'लॉगिन'** बटन पर क्लिक करने के बाद ई–वोटिंग का होम पेज खुल जाएगा।

**चरण 2: अपना वोट इलेक्ट्रॉनिक रूप से डालें और एनएसडीएल ई–वोटिंग सिस्टम पर आम बैठक में शामिल हों**

1. चरण 1 में सफलतापूर्वक लॉगिन करने के बाद, आप उन सभी कंपनियों को 'EVEN' देख पाएंगे जिनमें आपके शेयर हैं और जिनका मतदान चक्र सक्रिय स्थिति में है।

2. रिमोट ई–वोटिंग अवधि के दौरान अपना वोट डालने और आम बैठक के दौरान अपना वोट डालने के लिए कंपनी के **'EVEN 120855'** का चयन करें। वर्चुअल मीटिंग में शामिल होने के लिए, आपको **'ज्वाइन जनरल मीटिंग'** के तहत दिए गए 'VC/OAVM' लिंक पर क्लिक करना होगा।

3. जैसे ही वोटिंग पेज खुलेगा, आप ई–वोटिंग के लिए तैयार हैं।

4. सहमति या असहमति में से उचित विकल्प का चयन करके अपना वोट दें, उन शेयरों की संख्या को सत्यापित/संशोधित करें जिनके लिए आप अपना वोट देना चाहते हैं और **'सबमिट'** पर क्लिक करें और संकेत मिलने पर 'कनफर्म' पर भी क्लिक करें।

5. **'कनफर्म'** होने पर, **'वोट कास्ट सक्सेसफुली'** संदेश प्रदर्शित होगा और आपको डिपॉजिटरी से पंजीकृत अपने मोबाइल नंबर पर एक एसएमएस के माध्यम से एक पुष्टिकरण प्राप्त होगा।

6. आप कन्फर्मेशन पेज पर प्रिंट विकल्प पर क्लिक करके अपने द्वारा डाले गए वोटों का प्रिंटआउट भी ले सकते हैं।

7. एक बार जब आप संकल्प पर अपने वोट की पुष्टि कर देते हैं, तो आपको अपना वोट संशोधित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**ख. सदस्यों को वीसी के माध्यम से आम बैठक में भाग लेने तथा आम सभा के दिन वोटिंग करने संबंधी निर्देश:**

1. सदस्यों को वीसी के माध्यम से एनएसडीएल ई–वोटिंग सिस्टम द्वारा एजीएम में भाग लेने की सुविधा प्रदान की जाएगी। सदस्य **'एनएसडीएल ई–वोटिंग सिस्टम में प्रवेश'** हेतु ऊपर बताए गए चरणों का पालन करके इसे एक्सेस कर सकते हैं। सफल लॉगिन के बाद, सदस्यों को कंपनी के नाम के सामने श्ज्वाइन जनरल मीटिंगश मेन्यू के तहत रखे गए **'वीसी/ओएवीएम लिंक'** पर क्लिक करना चाहिए। वीसी/ओएवीएम के लिए लिंक शेयरधारक/सदस्य लॉगिन में उपलब्ध होगा जहां कंपनी का ईवन प्रदर्शित किया जाएगा।

2. जिन सदस्यों के पास ई–वोटिंग के लिए यूजर आईडी और पासवर्ड नहीं है या वे यूजर आईडी और पासवर्ड भूल गए हैं, वे नोटिस में उल्लिखित रिमोट ई–वोटिंग निर्देशों का पालन करके इसे पुनः प्राप्त कर सकते हैं।

3. सदस्यों को बेहतर अनुभव के लिए लैपटॉप के माध्यम से बैठक में शामिल होने का परामर्श दिया जाता है। इसके अलावा, सदस्यों को बैठक के दौरान किसी भी गड़बड़ी से बचने के लिए कैमरे की अनुमति देने और अच्छी गति के साथ इंटरनेट का उपयोग करने की आवश्यकता होगी।

4. कृपया ध्यान दें कि मोबाइल उपकरणों या टैबलेट से या मोबाइल हॉटस्पॉट के माध्यम से लैपटॉप के माध्यम से जुड़ने वाले प्रतिभागियों को अपने संबंधित नेटवर्क में उतार–चढ़ाव के कारण ऑडियो/वीडियो व्यवधान का अनुभव हो सकता है। इसलिए किसी भी प्रकार की पूर्वोक्त गड़बड़ियों को कम करने के लिए स्थिर वाई–फाई या लैन कनेक्शन का उपयोग करने की अनुशंसा की जाती है।

5. ऐसे सदस्य जिन्हें एजीएम से पहले या उसके दौरान सहायता की आवश्यकता है, वे एनएसडीएल से evoting/nsdl.co.in/ 022-4886 7000 और 022–2499 7000 पर संपर्क कर सकते हैं या एनएसडीएल की सुश्री पल्लवी म्हत्रे से sonis/nsdl.co पर संपर्क कर सकते हैं।

6. ऐसे सदस्य जो एजीएम के दौरान अपने विचार व्यक्त करना चाहते हैं या प्रश्न पूछना चाहते हैं, वे 16 अगस्त, 2023 (सुबह 9:00 बजे भा.स.अ.) से 19 अगस्त, 2023 (5:00 बजे भा.स.अ.) तक अपने नाम, डीपी आईडी और क्लाइंट आईडी / फोलियो नंबर, पैन, मोबाइल नंबर और संभावित प्रश्न (यदि कोई हो) का उल्लेख करते हुए अपने पंजीकृत ई–मेल पते से shareholderquery/bhel.in पर अनुरोध भेजकर खुद को एक स्पीकर के रूप में पंजीकृत कर सकते हैं। वे सदस्य जिन्होंने स्वयं को स्पीकर के रूप में पंजीकृत किया है, उन्हें ही एजीएम के दौरान अपने विचार व्यक्त करने/प्रश्न पूछने की अनुमति होगी। कंपनी एजीएम के सुचारू संचालन के लिए पर्याप्त समय की उपलब्धता के अधीन प्रश्नों की संख्या और वक्ताओं की संख्या को सीमित करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

7. सदस्य अपने नाम, डीमैट खाता संख्या/फोलियो नंबर, ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर और अपेक्षित विचारों/प्रश्नों का उल्लेख करते हुए अग्रिम रूप से shareholderquery/bhel.in पर मेल भेजकर लिखित में प्रश्न पूछ सकते हैं। इसका कंपनी द्वारा उपर्युक्त उत्तर

दिया जाएगा।

8. बैठक में शामिल होने की सुविधा एजीएम के निर्धारित समय से 15 मिनट पहले खोली जाएगी और एजीएम की पूरी कार्यवाही के दौरान खुली रखी जाएगी।

9. एजीएम के दिन ई–वोटिंग की प्रक्रिया वही है जो रिमोट ई–वोटिंग के लिए ऊपर दिए गए निर्देशों के अनुसार है।

10. केवल वे सदस्य/शेयरधारक, जो वीसी सुविधा के माध्यम से एजीएम में उपस्थित होंगे और रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से संकल्पों पर अपना वोट नहीं डाला है और अन्यथा ऐसा करने से प्रतिबंधित नहीं हैं, ई–वोटिंग के माध्यम से मतदान करने के पात्र होंगे।

11. रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से मतदान करने वाले सदस्य एजीएम में भाग लेने के पात्र होंगे। परंतु वे एजीएम में मतदान करने पात्र नहीं होंगे।

**ग. शेयरधारकों के लिए सामान्य दिशानिर्देश**

1. संस्थागत सदस्यों (अर्थात व्यक्तियों, एचयूएफ, एनआरआई, आदि के अलावा) को विधिवत अधिकृत प्रतिनिधि के सत्यापित नमूना हस्ताक्षर (हस्ताक्षरों) के साथ बोर्ड के संकल्प/प्राधिकरण पत्र, आदि की स्कैन की गई प्रमाणित मूल प्रति (पीडीएफ प्रारूप) भेजने की आवश्यकता होती है। स्क्रूटिनाइज़र को ashugupta.cs/gmail.com पर एवं evoting/nsdl.co.in पर कॉपी भेजना आवश्यक है। संस्थागत शेयरधारक (अर्थात व्यक्तियों, एचयूएफ, एनआरआई आदि के अलावा) अपने बोर्ड के संकल्प/मुख्तारनामा/प्राधिकार पत्र आदि को **''ई–वोटिंग''** टैब के तहत प्रदर्शित ''**अपलोड बोर्ड संकल्प/प्राधिकार पत्र**'' पर क्लिक करके भी अपलोड कर लॉग इन सकते हैं।

2. प्रबल अनुशंसा की जाती है कि अपना पासवर्ड किसी अन्य व्यक्ति के साथ साझा न करें और अपने पासवर्ड को गोपनीय रखने के लिए अत्यधिक सावधानी बरतें। सही पासवर्ड डालने के पांच असफल प्रयासों पर ई–वोटिंग वेबसाइट पर लॉगिन अक्षम हो जाएगा। ऐसी स्थिति में, आपको '**उपयोगकर्ता विवरण/पासवर्ड भूल गए?**' के माध्यम से जाना होगा? या 'भौतिक उपयोगकर्ता रीसेट पासवर्ड?' पासवर्ड रीसेट करने के लिए www.evoting.nsdl.com पर विकल्प उपलब्ध है।

3. नोटिस भेजने के बाद भौतिक रूप में शेयर रखने वाला कोई भी व्यक्ति और गैर–व्यक्तिगत शेयरधारक, जो कंपनी के शेयरों का अधिग्रहण करता है एवं कंपनी का सदस्य बन जाता है तथा अंतिम तिथि को शेयर रखता है, वह evoting/nsdl.co.in पर अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी व पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। परंतु यदि वह रिमोट ई–वोटिंग के लिए एनएसडीएल के साथ पहले से पंजीकृत है तो वह वोट डालने के लिए अपनी मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर सकता है। नोटिस भेजने के बाद डीमैट मोड में शेयर रखने वाला कोई भी व्यक्ति और गैर–व्यक्तिगत शेयरधारक, जो कंपनी के शेयरों का अधिग्रहण करता है एवं कंपनी का सदस्य बन जाता है तथा अंतिम तिथि को शेयर रखता है, वह उपर्युक्त वर्णित डीमैट मोड में प्रतिभूतियां धारण करने वाले शेयरधारक व्यक्ति के लिए लॉगिन विधि में दिए निर्देशों का पालन कर सकता है।

4. किसी भी शंका के समाधान हेतु, आप www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग पर उपलब्ध शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और शेयरधारकों के लिए ई–वोटिंग उपयोगकर्ता पुस्तिका देख सकते हैं या टोल फ्री नंबरः 022–4886 7000 और 022–2499 7000 पर कॉल कर सकते हैं अथवा सुश्री पल्लवी म्हत्रे को evoting/nsdl.co.in पर अनुरोध भेजें।

5. जिन सदस्यों की ईमेल आईडी डिपॉजिटरी/कंपनी में पंजीकृत नहीं हैं, वे ई–वोटिंग के लिए यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने हेतु evoting/nsdl.co.in पर अनुरोध भेज सकते हैंः

   i) यदि शेयर भौतिक रूप में धारित हैं तो कृपया फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र की स्कैन की गई प्रति (आगे और पीछे), पैन (पैन कार्ड की प्रति स्व–सत्यापित स्कैन कॉपी), आधार (आधार कार्ड की प्रति स्व–सत्यापित स्कैन की गई कॉपी) प्रदान करें।

   ii) यदि शेयर डीमैट मोड में हैं, तो कृपया डीपीआईडी–सीएलआईडी (16 अंकों का डीपीआईडी + सीएलआईडी या 16 अंकों का लाभार्थी आईडी), नाम, क्लाइंट मास्टर या समेकित खाता विवरण की प्रति, पैन (पैन कार्ड की स्व–सत्यापित स्कैन कॉपी), आधार (आधार कार्ड की प्रति की स्व–सत्यापित स्कैन कॉपी) प्रदान करें।

   iii) यदि आप डीमैट मोड में प्रतिभूतियों को रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक हैं, तो आपसे अनुरोध किया जाता है कि आप (बिंदु संख्या ए.1) में बताई गई लॉगिन विधि, अर्थात डीमैट मोड में प्रतिभूतियों को रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों के लिए लॉगिन विधि को देखें।

   iv) सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा प्रदान की जाने वाली ई–वोटिंग सुविधा संबंधी सेबी के 9 दिसंबर, 2020 के परिपत्र के अनुसार, डीमैट मोड में प्रतिभूतियों को रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों को डिपॉजिटरी और डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ बनाए गए डीमैट खाते के माध्यम से वोट करने की अनुमति है। ई–वोटिंग सुविधा का उपयोग करने के लिए शेयरधारकों को अपने डीमैट खाते में अपना मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी सही अपडेट करना आवश्यक है।

6. कंपनी में अपना ईमेल पता स्थायी रूप से पंजीकृत/अपडेट करने के लिए और भविष्य में इलेक्ट्रॉनिक रूप से सभी संचार (नोटिस, वार्षिक रिपोर्ट और ई–वोटिंग निर्देश, यूजर आईडी और पासवर्ड के साथ) प्राप्त करने के लिए, कृपया नीचे दी गई प्रक्रिया का पालन करेंः

   क. भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्य प्रथम शेयरधारक द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र, की स्कैन की गई प्रति के साथ shareholderquery@bhel.in को अथवा कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट मैसर्स अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड को rta@alankit.com पर–मेल अनुरोध भेज सकते हैं, जिससे आरटीए उनका ई–मेल पता पंजीकृत कर सकेगा। अनुरोध पत्र में ईमेल, मोबाइल नंबर, पैन की स्व–सत्यापित प्रति एवं शेयर प्रमाणपत्र की एक प्रति होनी चाहिए।

   ख. डीमैटीरियलाइज्ड मोड में शेयर रखने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के साथ अपने ईमेल पते को रजिस्टर/अपडेट करें।

   ग. इस संबंध में किसी अन्य प्रश्न के उत्तर हेतु सदस्यों से अनुरोध है कि वे rta@alankit.com पर मेल लिखें या 011–42541234 पर कॉल करें।

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
(सीआईएन: L74899DL1964GOI004281)
पंजीकृत कार्यालयः बीएचईएल, हाउस, सिरीफोर्ट, नई दिल्ली –110049
फोन– 011–66337000, फैक्सः 011–66337428
वेबसाईट: www.bhel.com, ईमेल: shareholderquery@bhel.in

प्रिय शेयरधारको,

**विषयः राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन सेवाओं (एनईसीएस)/इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन सेवाओं (ईसीएस) के माध्यम से लाभांश का भुगतान**

सेबी (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के अनुसार, सभी सूचीबद्ध कंपनियां लाभांश के भुगतान के लिए आरबीआई द्वारा अनुमोदित भुगतान सुविधा के किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मोड जैसे ईसीएस/एनईसीएस/डायरेक्ट क्रेडिट आदि का उपयोग करेंगी।

यदि आपने एनईसीएस/ईसीएस/बैंक खाते का विवरण हमारे रजिस्ट्रार को अर्थात् मैसर्स अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड या आपके डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) (डीमैट होल्डिंग के मामले में) नहीं भेजा है, तो हम आपसे अनुरोध करेंगे कि उक्त विवरण नीचे दिए गए प्रारूप में उपलब्ध कराएं ताकि कंपनी द्वारा किसी भी समय घोषित लाभांश का तत्काल, सुरक्षित और सही भुगतान किया जा सके।

कृपया सुनिश्चित करें कि आपके द्वारा रजिस्ट्रार/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट को प्रस्तुत किए गए विवरण सही हैं क्योंकि इसमें किसी भी त्रुटि के परिणामस्वरूप लाभांश राशि गलत खाते में जमा हो सकती है।

आपकी बेहतर सेवा करने के इस प्रयास में कृपया हमारी सहायता करें।

भवदीय

(राजीव कालड़ा)
कंपनी सचिव

**पी.एस. यदि आपके पास डीमैट रूप में शेयर हैं, तो कृपया अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट को अपने बैंक खाते के विवरण/एनईसीएस/ईसीएस/डायरेक्ट क्रेडिट मैंडेट पर ध्यान देने की सलाह दें।**

---

## एनईसीएस/ईसीएस मैंडेट/बैंक खाता विवरण के लिए प्रपत्र

मैं/हम........................................................................................ एतद्द्वारा बीएचईएल/अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट को निम्नलिखित के लिए अधिकृत करते हैं

☐ मेरे/हमारे लाभांश वारंट पर निम्नलिखित विवरण प्रिंट करने
☐ एनईसीएस/ईसीएस/डायरेक्ट क्रेडिट द्वारा मेरे बैंक खाते में मेरी लाभांश राशि जमा करने
(जो लागू न हो उसे काट दें)

मेरा/हमारा फोलियो नंबर ............................................ और डीपी आईडी नंबर ............................................ ग्राहक खाता संख्या ..................है

बैंक खाते का विवरण:

क. बैंक का नाम : ..........................................................................................................................

ख. ब्रांच का नाम : ..........................................................................................................................
(पता केवल मैंडेट के लिए) .................................................................................................. ..................................

ग. बैंक और शाखा का 9 अंकों का कोड नंबर, जैसाकि : ......................................................................................
MICR चेक पर प्रदर्शित है :..........................................................................................................................

घ. आईएफएससी कोड : ..........................................................................................................................

ड. खाते का प्रकार (बचत/चालू) :..........................................................................................................................

च. खाता संख्या जैसा कि चेक बुक पर प्रदर्शित है : ......................................................................................

छ. शेयरधारक का टेलीफोन नंबर एसटीडी कोड सहित : ......................................................................................

**यदि एनईसीएस/ईसीएस लागू नहीं किया जा सका या बैंक किसी भी कारण से एनईसीएस/ईसीएस को बंद कर देता है तो मैं/हम कंपनी को जिम्मेदार नहीं ठहराएंगे।**

भेजें ⇨

**मैसर्स अलिंकत असाइनमेंटस लिमिटेड**
यूनिट: बीएचईएल
4E/2, अलिंकत हाउस, झंडेवालान एक्सटेंशन,
नई दिल्ली-110055

..........................................................
शेयरधारक के हस्ताक्षर

कृपया (i) अपने बैंक द्वारा जारी किए गए चेक की फोटोकॉपी या आपके उपर्युक्त खाते से संबंधित एक खाली कैन्सिल किए गए चेक को 9 अंकों की कोड संख्या की सत्यता को सत्यापित करने के लिए संलग्न करें और (ii) इस फॉर्म के साथ अपने पैन कार्ड की एक प्रति संलग्न करें।

# बैंकर्स, लेखा परीक्षक एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट

| बैंकर्स | लेखा परीक्षक |
|---|---|
| ऐक्सिस बैंक | मैसर्स एबीपी एंड एसोसिएट्स, नई दिल्ली |
| बैंक ऑफ बड़ौदा | मैसर्स पीएसएमजी एंड एसोसिएट्स, नई दिल्ली |
| केनरा बैंक | मेसर्स एस. एल छाजेड़ एंड कंपनी एलएलपी, भोपाल |
| एक्सपोर्ट–इंपोर्ट बैंक ऑफ इंडिया | मैसर्स एसआरएन एंड एसोसिएट्स, त्रिची |
| एचडीएफसी बैंक लिमिटेड | मैसर्स चंद्रन और रमन, बेंगलुरु |
| आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड | मैसर्स एम. आनंदम एंड कंपनी, हैदराबाद |
| आईडीबीआई बैंक | मैसर्स गोपाल अय्यर और सुब्रमण्यम, चेन्नई |
| इंडियन बैंक | |
| इंडियन ओवरसीज बैंक | **लागत लेखा परीक्षक** |
| इंडसइंड बैंक | मैसर्स शोम एंड बनर्जी, दिल्ली |
| कोटक महिंद्रा बैंक | मैसर्स विजेंदर शर्मा एंड कंपनी, दिल्ली |
| पंजाब नेशनल बैंक | मैसर्स केआरजे एंड एसोसिएट्स, हैदराबाद |
| आरबीएल बैंक लिमिटेड | मैसर्स सुब्रमण्यम राजगोपाल एंड एसोसिएट्स, तिरुचिरापल्ली |
| भारतीय स्टेट बैंक | मैसर्स मूर्ति एंड कंपनी एलएलपी, बेंगलुरु |
| फेडरल बैंक लिमिटेड | मैसर्स पालीवाल एंड एसोसिएट्स, लखनऊ |
| हांगकांग एंड शंघाई बैंकिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड | मैसर्स उप्पलापति एंड एसोसिएट्स, विशाखापत्तनम |
| यूनियन बैंक ऑफ इंडिया | |
| यस बैंक लिमिटेड | |
| | |
| | **शेयर ट्रांसफर एजेंट** |
| | अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड |
| | अलंकित हाउस, 4ई/2, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली – 110055 |
| | फोन : 011–4254 1234 |
| | फ़ैक्स : 011–2355 2001 |


**पंजीकृत कार्यालय**

बीएचईएल हाउस, सीरी फोर्ट, नई दिल्ली– 110049 (भारत)

सीआईएन: L74899DL1964GOI004281

फोन : 011–66337000, फ़ैक्स: 011–66337428

बेबसाइट: www.bhel.comwww.bhel.com ई–मेल: sshareholderquery@bhel.inareholderquery@bhel.in

# नोट्स (टिप्पणी)

# नोट्स(टिप्पणी)

# परमाणु ऊर्जा विद्युत : विश्वसनीय और संधारणीय बेस–लोड समाधान का निर्माण

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने त्रिची प्लांट से 44वां न्यूक्लियर स्टीम जेनरेटर भेजा और भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम में न्यूक्लियर स्टीम जेनरेटर के प्रमुख स्वदेशी आपूर्तिकर्ता के रूप में अपनी स्थिति बरकरार रखी। यह स्टीम जेनरेटर हरियाणा में एनपीसीआईएल की गोरखपुर साइट पर 700 MWe इकाई को भेजा गया था।

बीएचईएल 1976 से रिएक्टर हेडर, स्टीम जेनरेटर, स्टीम टर्बाइन जेनरेटर, हीट एक्सचेंजर्स और प्रेशर वेसल्स जैसे महत्वपूर्ण परमाणु घटकों की इंजीनियरिंग, विनिर्माण, परीक्षण और आपूर्ति के माध्यम से देश के परमाणु कार्यक्रम में योगदान दे रहा है।

उल्लेखनीय हैं कि बीएचईएल परमाणु भाप टरबाइन और जनरेटर का एकमात्र भारतीय आपूर्तिकर्ता है, और भारतीय परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के सभी तीन चरणों से जुड़ी एकमात्र भारतीय कंपनी है – पहला चरण प्रेशराइज्ड हेवी वाटर रिएक्टर (पीएचडब्ल्यूआर), दूसरा चरण फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (एफबीआर) और तीसरा चरण एडवांस्ड हेवी वाटर रिएक्टर (एएचडब्ल्यूआर)। बीएचईएल स्वदेशी परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के विकास में पांच दशकों से भागीदार रहा है।

देश के स्वदेशी परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के प्रथम चरण ने परिपक्वता प्राप्त कर ली है। अब तक 18 PHWRs ऑपरेटिंग स्थिति में हैं। इनमें से,स्वदेशी परमाणु ऊर्जा क्षमता वाले 12 पीएचडब्ल्यूआर बीएचईएल द्वारा प्रदत्त स्टीम टर्बाइन जेनरेटर सेट (220 मेगावाट की 10 इकाइयां और 540 मेगावाट की 2 इकाइयां) से सुसज्जित हैं।

बीएचईएल के पास परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के विभिन्न घटकों/उपकरणों के अंतरराष्ट्रीय कोड और मानकों का अनुपालन करते हुए विशेष डिजाइन, विनिर्माण और परीक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए समर्पित बुनियादी ढांचा और कुशल जनशक्ति है। बीएचईएल ने परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं के लिए प्राथमिक (रिएक्टर हेडर, एंड शील्ड आदि) और माध्यमिक (टरबाइन, जनरेटर, हीट एक्सचेंजर्स, आदि) दोनों साइड उपकरणों के लिए अपनी क्षमता साबित की है।

बीएचईएल को भारत की अंतरिक्ष आकांक्षाओं को शक्ति देने वाले संगठन **इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन)** के साथ दो दशकों से जुड़े रहने पर गर्व है।

चंद्रयान 3 के टाइटेनियम प्रोपेलेंट टैंक का निर्माण बीएचईएल ने किया था। इसके लैंडर मॉड्यूल एवं प्रोपल्शन मॉड्यूल भी बीएचईएल निर्मित बैटरियों से युक्त थे।

**क्या आप जानते हैं**

इसरो द्वारा लॉन्च किए गए अधिकांश उपग्रह बीएचईएल द्वारा आपूर्ति किए गए अंतरिक्ष ग्रेड सौर पैनलों और अंतरिक्ष ग्रेड लिथियम-आयन बैटरियों से सुसज्जित हैं।

**भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय: बीएचईएल हाउस, सिरी फोर्ट, नई दिल्ली -110049
कॉर्पोरेट पहचान संख्या: L74899DL1964GOI004281
www.bhel.com

Follow us on

BHELOfficial | BHEL_India | BHEL_India | bhel.india | company/bhel